समृद्धि न्यूज़

| सेंसेक्स | निफ्टी |
| --- | --- |
| 67,571.90 | 19,979.15 |

तापमान
अधिकतम 37 °c
न्यूनतम 29 °c

आमंत्रण मूल्य ₹3

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार



राज्यपाल ने किया पुस्तक का विमोचन पेज-02

मेदांता में वेरियन एज मशीन का हुआ शुभारंभ पेज-03

वर्ष 10 अंक 330 लखनऊ, 21 जुलाई शुक्रवार, 2023 पृष्ठ 12 मूल्य 4.00 www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com, samradhinewslko@gmail.com

# महाराष्ट्र के रायगढ़ में भूस्खलन से 13 की मौत

## 100 से ज्यादा लोगों के फंसे होने की आशंका, लगभग 48 परिवार प्रभावित, 20 से अधिक मिट्टी में डूबे

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में गुरुवार सुबह हुए भूस्खलन से कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोगों के फंसे होने की आशंका है, जिससे लगभग 48 परिवार प्रभावित हुए हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दुखद घटना में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों के लिए 5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। उन्होंने यह भी कहा कि घायलों के इलाज का खर्च महाराष्ट्र सरकार उठाएगी।

इसके अलावा, जिस पहाड़ पर भूस्खलन हुआ था, उसकी चोटी तक पहुंचने के लिए विशेषज्ञ ट्रैकरों को बुलाया गया है। भूस्खलन में लगभग 48 घर प्रभावित हुए और 20 से अधिक मिट्टी में डूब गए हैं। ग्रामीणों ने कहा कि ज्यादातर लोगों की मौत इसलिए हुई क्योंकि जब भूस्खलन हुआ तो वे सो रहे थे और उन्हें खुद को बचाने का मौका नहीं मिला।

कुछ बच्चे बेहतर मोबाइल नेटवर्क के लिए गेम खेलने के लिए गांव से बाहर गए थे। वे सबसे पहले भूस्खलन को नोटिस करने वाले थे और कुछ ग्रामीणों को सचेत करने में कामयाब रहे।

एनडीआरएफ ने कहा कि दो टीमें मौके पर पहुंचीं और तलाश एवं बचाव अभियान चलाया। रायगढ़ में खालापुर तहसील के इरशालवाड़ी गांव में भूस्खलन हुआ, जिससे 48 परिवार प्रभावित हुए। इस बीच, यूबीटी सेना विधायक आदित्य ठाकरे ने भी रायगढ़ में भूस्खलन पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा, घटनास्थल पर स्थिति दिल दहला देने वाली है। हमने ग्रामीणों से बात करने की कोशिश की, लेकिन वहां तक पहुंचना मुश्किल है। बचाव अभियान जारी है। हम सटीक स्थान पर जाने की जिद करके राज्य मशीनरी पर अधिक दबाव नहीं डालना चाहते थे। उन्होंने यह भी कहा कि वह इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं करना चाहते. उन्होंने कहा, मैं इस मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं करना चाहता। हम बाद में सवाल उठाएंगे। लेकिन हम अभी बचाव कार्यों पर ध्यान केंद्रित करेंगे क्योंकि हमें पहले जान बचाने की जरूरत है।



### घटनास्थल पर पहुंचकर एकनाथ शिंदे ने लिया जायजा

### मृतकों के परिजनों को 5 लाख की सहायता

**मुंबई।** रायगढ़ जिले के खालापुर के पास इरशालवाड़ी की बस्ती में कल रात भूस्खलन की सूचना मिलने पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तुरंत मौके पर पहुंचे। मुख्यमंत्री शिंदे ने राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिया और संबंधित मशीनरी को राहत व बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर रायगढ़ जिले के पालक मंत्री उदय सामंत, सार्वजनिक निर्माण कार्य (सार्वजनिक उपक्रम) मंत्री दादा भुसे, विधायक महेश थोरवे, विधायक महेश बालदी, विभागीय आयुक्त महेश कल्याणकर, रायगढ़ के जिलाधिकारी डॉ. योगेश म्हसे मौजूद थे। भारी बारिश और कठिन रास्ते के कारण बचाव कार्य में बाधा आ रही है, लेकिन मौसम में सुधार होते ही हेलीकॉप्टरों की मदद ली जाएगी। एनडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं और स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

### मलबे से 12 शव निकाले जा चुके

पुलिस के मुताबिक, मलबे से 12 शव निकाले जा चुके हैं। इसके अलावा, एक बचावकर्मी की हृदय गति रुकने से मृत्यु हो गई। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे बचाव अभियान का जायजा लेने के लिए मौके पर पहुंच गए हैं। इस बीच रायगढ़ में चल रहे बचाव अभियान का जायजा लेने के लिए डिप्टी सीएम अजित पवार आपातकालीन नियंत्रण कक्ष पहुंचे। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने दुख व्यक्त किया और भूस्खलन के पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, इस घटना के बारे में जानने के बाद मैं कल रात से ही स्थानीय प्रशासन के संपर्क में हूं। एनडीआरएफ की दो टीमें तुरंत मौके पर पहुंच गई हैं और दो और टीमें जल्द ही पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि शुरुआत में भारी बारिश और अंधेरे के कारण राहत कार्य में बाधा आई, लेकिन अब इसमें तेजी आ रही है।

मणिपुर घटना पर सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान, सीजेआई बोले-

# वीडियो परेशान करने वाला सरकार तत्काल करे कार्रवाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मणिपुर में हिंसा के दौरान दो युवतियों की नग्न परेड के वीडियो पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वत~ संज्ञान लिया है। गुरुवार को कोर्ट ने मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए घटना को बेहद परेशान करने वाला और अस्वीकार्य करार दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा वीडियो बेहद परेशान करने वाला है। उन्होंने कहा सांप्रदायिक संघर्ष के दौरान हिंसा को अंजाम देने के लिए महिलाओं का इस्तेमाल एक साधन के रूप में करना बहुत ही परेशान करने वाला है, संवैधानिक लोकतंत्र में यह अस्वीकार्य है। प्रधान न्यायाधीश ने आगे कहा कि यह संवैधानिक अधिकारों और मानवाधिकारों का घनघोर उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर की सरकार और केंद्र सरकार से इस मामले में की गई कार्रवाई की रिपोर्ट तलब की है। मणिपुर में हिंसा के दौरान दो युवतियों को भीड़ द्वारा नग्न परेड कराए जाने का एक वीडियो कल यानी बुधवार शाम से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिस पर कोर्ट ने संज्ञान लिया है। गुरुवार की सुबह साढ़े दस बजे जैसे ही प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ अति आवश्यक मामलों की मेंशनिंग सुनने के लिए बैठी जस्टिस चंद्रचूड़ ने मणिपुर के वीडियो का जिक्र किया। कोर्ट ने पहले से ही अटार्नी जनरल आर. वेंकटरमणी और सालिसिटर जनरल तुषार मेहता को कोर्ट में बुलाया हुआ था। कोर्ट ने घटना पर रोष प्रकट करते हुए देश के दोनों विधि अधिकारियों से कहा कि उन्हें मालूम है कि घटना 4 मई की है लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। राज्य सरकार और केंद्र सरकार कोर्ट को बताए कि चार मई से अभी तक इस घटना के दोषियों पर क्या कार्रवाई की गई है और यह भी बताए कि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा नहीं होगी इसे सुनिश्चित करने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है।



### ये अस्वीकार्य है

कोर्ट ने कहा कि हो सकता है कि यह एक ही घटना हो, यह भी हो सकता है कि यह अकेली घटना न हो, कोई पैटर्न हो। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि इतिहास है, कि दुनिया भर में ऐसी स्थितियों में हिंसा को अंजाम देने के लिए महिलाओं का इस्तेमाल एक साधन के रूप में होता है, लेकिन संवैधानिक लोकतंत्र में ये अस्वीकार्य है। अब समय आ गया है कि सरकार जल्दी कार्रवाई करे क्योंकि जो हुआ वह अस्वीकार्य है। कोर्ट ने कहा कि वह सरकार को कार्रवाई के लिए थोड़ा समय दे रहे हैं और अगर जमीनी स्तर पर कुछ नहीं हुआ तो कोर्ट कार्रवाई करेगा।

### देश को शर्मसार करने वाले हैवान की सामने आई तस्वीर

मणिपुर में महिलाओं को नग्न घुमाने और उनका यौन उत्पीड़न करने वाली भीड़ में शामिल मुख्य अपराधी का पर्दाफाश हो गया है। पेची अवांग लीकाई के रहने वाले 32 वर्षीय हुइरेम हेरोदास मैतेई को मणिपुर पुलिस के एक अभियान में गुरुवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। समाचार एजेंसी द्वारा साझा की गई तस्वीरों में गिरफ्तार आरोपी को हरे रंग की शर्ट पहने हुए दिखाया गया है, जो वायरल वीडियो के स्क्रीनग्रैब में भी देखा गया है। मणिपुर पुलिस के एक अधिकारी ने बताया है कि आने वाले घंटों में और लोगों को गिरफ्तार किया जाएगा। नाम न छापने की शर्त पर अधिकारी ने कहा कि दर्ज एफआईआर में बलात्कार और हत्या की धाराएं जोड़ी गई हैं।



### वारदात बेहद शर्मनाक और निंदनीय : अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मणिपुर में जो हालात कुछ महीनों से बने हुए हैं और केंद्र सरकार खासकर प्रधानमंत्री ने पहले इसपर कुछ नहीं कहा यह चिंताजनक है। कल जो वीडियो वायरल हुआ उससे पूरे देश की आत्मा को झकझोर कर रख दिया है, पता चला कि वीडियो ढ़ाई महीने पहले का है और अब तक वहां की सरकार ने कुछ नहीं किया था यह आपराधिक है। साथ ही मणिपुर सीएम का बयान जिसमें उन्होंने कहा कि यह एक घटना नहीं है बल्कि ऐसी कई घटनाएं रोज़ होती हैं, इस बयान का मतलब है कि ऐसी घटना मणिपुर में हर दिन हो रही है और अब तक सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की है। मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर परेड कराने का वीडियो बुधवार को सामने आने के बाद राज्य के पहाड़ी क्षेत्र में तनाव व्याप्त हो गया। चार मई के इस वीडियो में दिख रहा है कि अन्य पक्ष के कुछ व्यक्ति एक समुदाय की दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर परेड करा रहे हैं।

## संक्षिप्त

### जगुआर कार ने कुचला नौ की मौत, 10 घायल

**गांधीनगर।** गुजरात के अहमदाबाद शहर में तेज गति से आ रही एक कार बुधवार देर रात एक इस्कॉन ब्रिज पर दुर्घटनास्थल पर खड़ी भीड़ में एक तेज रफ्तार जगुआर कार के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक पुलिस कांस्टेबल सहित कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। जगुआर 160/किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से दौड़ रही थी। इससे पहले इसी स्थान पर थार और डंपर से जुड़ी एक और दुर्घटना हुई थी और घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई थी। तभी एक तेज़ रफ़्तार जगुआर कार लोगों को कुचलते हुए दुर्घटनास्थल पर जा घुसी। इस दुर्घटना में नौ लोगों की मौत हो गई और जगुआर कार का चालक भी घायल हो गया।

### छोटे स्टेशनों की पहचान करना अब आसान

**नई दिल्ली।** रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए लोकप्रिय क्षेत्रों को स्टेशन के नाम से जोड़ने की पहल की है। इस नवाचार से प्रसिद्ध क्षेत्रों और शहरों वाले छोटे स्टेशनों की पहचान करना आसान हो जाएगा। टिकट बुकिंग के दौरान किसी बड़े शहर के नाम पर क्लिक करते ही आसपास के प्रसिद्ध स्थलों एवं वहां से खुलने वाली ट्रेनों की सूची सामने आ जाएगी। यह अभिनव प्रयोग शुक्रवार से देश भर के 175 शहरों में प्रारंभ हो जाएगी। इससे शहरों एवं स्टेशनों का नाम पता लगाना आसान होगा। उदाहरण के लिए बनारस के नाम पर क्लिक करते ही सारनाथ, दिलवा एवं राजा तालाब आदि का नाम सामने आ जाएगा।

### चुनाव देखकर केवल हाथ मिलाया है- दिल कभी नहीं मिलेगा

**पडरौना।** निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने विपक्षी दलों के गठबंधन पर तंज कसा। कहा कि चुनाव देखकर केवल हाथ मिलाया है, इन विपरीत विचार धाराओं वाले दलों का दिल कभी नहीं मिलेगा। हर बार चुनाव के पूर्व ऐसा करते हैं और चुनाव बीतते ही बिखर जाते हैं। जनता सब देख व समझ चुकी है। 2024 में मोदी की प्रचंड बहुमत की सरकार बनेगी। वे सोमवार को नगर के बेलवा चुंगी गुरुकुल में पत्रकार वार्ता कर रहे थे ।शाम छह बजे पडरौना पहुंचे निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हमारा गठबंधन (एनडीए) सेवा के लिए बना है, इसलिए 25 वर्षों से जुटा हुआ है।

# शादी के 5 माह बाद कैप्टन अंशुमान सिंह शहीद, घर में मातम पसरा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

सियाचिन ग्लेशियर में बुधवार तड़के साढ़े तीन बजे भारतीय सेना के कई टेंट में आग लग गई। हादसे में रेजिमेंटल मेडिकल ऑफिसर कैप्टन अंशुमान सिंह शहीद हो गए। अंशुमान सिंह की 5 महीने पहले 10 फरवरी को शादी हुई थी। कैप्टन अंशुमान 15 दिन पहले ही सियाचिन गए थे। अंशुमान मूल रूप से देवरिया के रहने वाले थे।

लखनऊ के पारा मोहान रोड स्थित जिस घर में कैप्टन अंशुमान सिंह की शादी की शहनाई गूंजी थी, वहां गुरुवार को मातम पसर गया। बुधवार सुबह सेना की मेडिकल कोर और कमांड अस्पताल के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी अंशुमान सिंह के घर पहुंचे। उन्होंने पिता रवि प्रताप सिंह को कैप्टन अंशुमान सिंह के शहीद होने की खबर दी। शहादत की खबर मिलते ही उनके परिचितों और रिश्तेदारों का घर पहुंचना शुरू हो गया। बेहाल मां मंजू सिंह के आंसू नहीं रुक रहे हैं। कैप्टन अंशुमान के चाचा सहित परिवार के कई सदस्य सेना में विभिन्न पदों पर तैनात रहे हैं। अंशुमान सिंह की पत्नी इंजीनियर सृष्टि सिंह पठानकोट की रहने वाली हैं। वह नोएडा में रहकर एक मल्टी नेशनल कंपनी में काम करती हैं। अंशुमान के लखनऊ वाले घर में उनके पिता रवि प्रताप सिंह, मां मंजू सिंह, बहन तान्या सिंह और भाई घनश्याम सिंह रहते हैं। देवरिया के लार थाना क्षेत्र के बरडीहा दलपत में उनके दादा और चाचा रहते हैं। शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह के रिश्तेदार अजीत सिंह ने बताया कि पहले सूचना मिली कि विशेष विमान से पार्थिव शरीर लखनऊ एयरपोर्ट आएगा। सभी रिश्तेदार और नजदीकी लोग लखनऊ पहुंच गए थे। बाद में खबर आई कि गोरखपुर एयरपोर्ट पर पार्थिव शरीर आएगा। उनका अंतिम संस्कार देवरिया के पैतृक गांव में होगा। पढ़ाई के बाद अंशुमान का चयन आर्मर्ड फोर्स मेडिकल कॉलेज पुणे में हो गया।

### पिता जेसीओ थे

आगरा मिलिट्री हॉस्पिटल में ट्रेनिंग के बाद वहीं अंशुमान की तैनाती हो गई थी। पिछले दिनों कश्मीर के पुंछ सेक्टर में तैनात एक बटालियन के वह मेडिकल आफिसर बने। वहां से 15 दिन पहले ही सियाचिन गए थे। उनके पिता रवि प्रताप सिंह सेना में जेसीओ थे। कैप्टन अंशुमान सिंह की मां मंजू सिंह के अलावा भाई घनश्याम सिंह और बहन तान्या सिंह हैं। दोनों ही नोएडा में डॉक्टर हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने शहीद अंशुमान सिंह के श्रद्धांजलि दी है। योगी ने शहीद के परिजनों को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की भी घोषणा की है। उन्होंने शहीद के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने, जिले की एक सड़क का नामकरण शहीद अंशुमान सिंह के नाम पर करने की भी घोषणा की है।

# सुप्रीम कोर्ट में अब पांच जजों की बेंच करेगी सुनवाई

### अध्यादेश को दिल्ली सरकार ने दी थी चुनौती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केंद्र के सेवा अध्यादेश को चुनौती देने वाली दिल्ली सरकार की याचिका को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के पास भेज दिया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने आदेश पारित किया। सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली एससी बेंच ने कहा, 5 जजों की बेंच संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने वाले 2019 के फैसले को चुनौती देने की कार्यवाही के समापन के बाद अध्यादेश की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली दिल्ली सरकार की याचिका पर सुनवाई करेगी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (जीएनसीटीडी) की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ.अभिषेक मनु सिंघवी ने तर्क दिया कि एक संदर्भ का मतलब यह नहीं है कि एक संदर्भ आवश्यक नहीं है क्योंकि इस मुद्दे पर 3-न्यायाधीशों की पीठ द्वारा निर्णय लिया जा सकता है। सिंघवी ने दलील दी कि अध्यादेश अनुच्छेद 239एए के प्रावधानों के खिलाफ है क्योंकि यह निर्वाचित सरकार की शक्तियों को कमजोर करता है। दिल्ली उपराज्यपाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने कहा कि दिल्ली सरकार ने अवैध नियुक्तियां की थीं जिन्हें उपराज्यपाल ने समाप्त कर दिया।



# बृजभूषण सिंह को राहत कोर्ट ने दी सशर्त जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने कई पहलवानों की शिकायतों के आधार पर दर्ज यौन उत्पीड़न मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और महासंघ के सहायक सचिव विनोद तोमर सिंह को नियमित जमानत दे दी है।

कोर्ट की ओर से सशर्त जमानत दी गई है। कोर्ट ने कहा कि हमने कुछ शर्तें लगाई हैं। आरोपी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शिकायतकर्ताओं या गवाहों को प्रभावित नहीं करेगा। वह अदालत की अनुमति के बिना देश नहीं छोड़ेंगे। कृपया सुनिश्चित करें कि सभी शर्तों का ईमानदारी से पालन किया जाए। बृज भूषण को 25000 रुपये का मुचलका भरने पर जमानत मिलेगी। मामले की अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी।



# मेडिकल कॉलेज के 15 छात्र निलंबित, जांच कमेटी गठित

### वकीलों से मारपीट का लगा था आरोप

प्रतापगढ, समृद्धि न्यूज़

राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में मंगलवार को हुई मारपीट में मेडिकल कालेज के 15 छात्रों को प्रिंसिपल ने निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही घटना की जांच के लिए उन्होंने जांच कमेटी गठित की है। कमेटी से 15 दिन में रिपोर्ट मांगी गई है। राजा प्रताप बहादुर अस्पताल में मंगलवार को पर्चा काउंटर पर दो अधिवक्ताओं समेत तीन की पिटाई मेडिकल कालेज के छात्रों व डाक्टरों द्वारा करने का आरोप लगा था। इस मामले में पुलिस ने दो डाक्टरों व 12 अज्ञात मेडिकल छात्रों के विरुद्ध पुलिस ने केस दर्ज किया था।

मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डा. सलिल श्रीवास्तव घटना के समय नहीं थे। बुधवार रात में वह आए और प्रथम दृष्ट्या दोषी पाने पर उन्होंने मेडिकल कालेज के 15 छात्रों को निलंबित कर दिया। प्रिंसिपल ने बताया कि 15 छात्रों को 15 दिन के लिए निलंबित कर जांच कराई जा रही है।



### सात साल की मासूम से किया था दुष्कर्म

# अब कोर्ट ने सुनाई 20 साल की सजा

चित्रकूट, समृद्धि न्यूज़

अनुसूचित जाति की सात वर्षीय बालिका के दुराचार करने वाले को न्यायालय ने दोषी ठहराया है और 20 वर्ष कठोर कारावास व एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। साथ ही अर्थदंड की आधी धनराशि पीड़िता को देने के आदेश न्यायालय ने दिए हैं। घटना के बाद से दोषी जेल में बंद है। यह घटना दो साल पहले भरतकूप क्षेत्र में हुई थी। विशेष लोक अभियोजक पाक्सो तेजप्रताप सिंह ने बताया कि बालिका की मां ने चार मई 2021 को भरतकूप थाना में मुकदमा दर्ज कराया था। तहरीर के मुताबिक बालिका बगीचे में आम लेने गई थी। वहीं पर पहले से मौजूद भरतकूप थाना के वीरामाफी निवासी रोहित पुत्र सुखलाल प्रजापति ने उसको दबोच लिया था और दरिंदगी की।

आक्रोश

### विपक्ष पर हंगामा कर सदन नहीं चलने देने का लगाया आरोप

# मणिपुर में महिलाओं से हैवानियत पर संसद से सुप्रीम कोर्ट तक उबाल, विपक्ष का हंगामा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मणिपुर की हिंसा के दौरान महिलाओं से हुई हैवानियत के खिलाफ संसद से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक पूरे देश में जबरदस्त आक्रोश जाहिर करते हुए गुनहगारों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की एक सुर से आवाज उठाई गई। महिलाओं से हैवानियत के वायरल हुए वीडियो से सामने आयी घटना को देश और मानवता के लिए कलंक बताते हुए विपक्षी दलों ने संसद के मानसून सत्र के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से इस पर तत्काल दोनों सदनों के भीतर बयान देने की मांग करते हुए हंगामा किया। संसद के दोनों सदनों में सभी कामकाज रोक सबसे पहले मणिपुर हिंसा पर तत्काल बहस की मांग करते हुए विपक्ष ने केंद्र और मणिपुर सरकार को विफल बताते हुए कठघरे में खड़ा किया। वहीं सरकार ने मणिपुर पर चर्चा कराने के लिए राजी होने की बात कहते हुए विपक्ष पर हंगामा कर सदन नहीं चलने देने का आरोप लगाया। मणिपुर पर उबाल को देखते हुए मानसून सत्र के पहले दिन ही सरकार और विपक्ष का टकराव तीखा हो गया और दोनों सदनों की कार्यवाही नहीं चल पायी। 26 विपक्षी दलों के नए गठबंधन इंडिया के गठन के बाद सदन शुरू होने से पहले राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में हुई विपक्ष के नेताओं की हुई बैठक में ही तय हो गया कि प्रधानमंत्री का सदन के बाहर दिया गया बयान पर्याप्त नहीं है और दोनों सदनों में पीएम का बयान होना चाहिए। इसी रणनीति के तहत विपक्ष ने बैठक शुरू होते ही प्रधानमंत्री से बयान और कार्यस्थगन प्रस्ताव के चर्चा की मांग शुरू कर दी। राज्यसभा दो स्थगन के बाद दो बजे बैठी तो विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी। इसी हंगामे में एक विधेयक पारित हो गया।



**खरगे ने जताया कड़ा एतराज**

मल्लिकार्जुन खरगे ने इस पर कड़ा एतराज जताते हुए कहा कि उनके नियम 267 के तहत काम रोको प्रस्ताव के दिए नोटिस के बावजूद उन्हें मुद्दा उठाने नहीं दिया जा रहा। उन्होंने कहा ÷मणिपुर जल रहा है, महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया जा रहा है, उन्हें नग्न घुमाया जा रहा है और प्रधानमंत्री चुप हैं, वह बाहर बयान दे रहे हैं।÷ वैसे सभापति जगदीप धनखड़ ने खरगे समेत तमाम विपक्षी सदस्यों के ऐसे नोटिस को नामंजूर कर दिया था। खरगे ने बाद में मणिपुर के मुख्यमंत्री का तत्काल इस्तीफा मांगते हुए राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की भी मांग की और आरोप लगाया कि राज्य के सामाजिक ताने-बाने को बर्बाद करके मोदी सरकार और भाजपा ने लोकतंत्र को भीड़तंत्र बना दिया है। तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन ने भी अपना आक्रोश जाहिर करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को सदन में चुप्पी तोड़नी चाहिए। राज्यसभा में सदन के नेता वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने विपक्षी हंगामे के बीच कहा कि सरकार को कोई आपत्ति नहीं है और वह चर्चा के लिए तैयार है। विपक्ष के रवैये से यह स्पष्ट हो गया कि वे मन बनाकर आए हैं कि वे चर्चा नहीं करेंगे क्योंकि चिंतित हैं बंगाल की हिंसा और छत्तीसगढ़-राजस्थान में महिलाओं की दुर्भाग्यपूर्ण हैं। गोयल ने आरोप लगाया कि कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में भी कांग्रेस और उसके मित्रों ने बाधा डालने की कोशिश कि जिससे साफ है कि वे सदन की कार्यवाही रोकना चाहते हैं।

# राज्यपाल ने पुस्तक का किया विमोचन

**विमोचन**

- पुस्तक में महिला अधिकारी ने मोटे अनाज से बनाए जाने वाले विभिन्न व्यंजनों की विधि (रेसिपी) की साझा



**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज यहाँ राजभवन के अन्नपूर्णा कक्ष में मिलेट्स की व्यंजन विधियों पर संकलित पुस्तक ''श्री अन्न मन प्रसन्न'' पुस्तक का विमोचन किया। इस पुस्तक में राजभवन में कार्यरत महिला अधिकारी एवं कर्मचारियों ने मोटे अनाज से बनाए जाने वाले विभिन्न व्यंजनों की विधि (रेसिपी) साझा की है। ज्ञातव्य है कि माह अप्रैल, 2022 में राज्यपाल जी की प्रेरणा से राजभवन की महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने घरों से मोटे अनाज के व्यंजन बनाकर संयुक्त रूप से राजभवन में आयोजन कर स्वाद साझा किए थे। उन्होंने सभी सहकर्मियों को इन व्यंजनों को परोसा। इस आयोजन में राज्यपाल जी ने भी सहभाग किया था। स्वादिष्ट व्यंजनों की सुगन्ध में सहकर्मियों में व्यंजनों की रेसिपी जानने की उत्सुकता भी नजर आई, जिसे देखकर राज्यपाल जी ने प्रतिभागी महिला अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके द्वारा बनाए व्यंजनों की विधि पर पुस्तक संकलन के लिए प्रेरित किया गया। महिलाओं के विशेष प्रयास से लगभग 38 व्यंजनों पर आधारित इस पुस्तक का विमोचन करते हुए राज्यपाल जी ने सहभागी समस्त महिलाओं का उत्साहवर्द्धन किया। उन्होंने कहा कि घरों में माताएं जब इस प्रकार स्वास्थ्यवर्द्धक मोटे अनाज से व्यंजन बनाती हैं तो बच्चों में उसके स्वाद की लालसा उत्पन्न होती है। इन व्यंजनों में स्वाद के साथ-साथ भरपूर पौष्टिकता भी है। इस अवसर पर पुस्तक में व्यंजन विधि साझा करने वाली राजभवन की समस्त महिला अधिकारी एवं कर्मचारीगणों के साथ अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, महात्मा ज्योतिबाफुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह तथा विश्वविद्यालय की नैक टीम तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## राज्यपाल ने बरेली की नैक टीम को बधाई व प्रशस्ति-पत्र देकर किया सम्मानित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में नैक मूल्यांकन में उच्चतम 'ए प्लस प्लस' ग्रेड प्राप्त महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली की नैक टीम को बधाई व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि नैक मूल्यांकन हेतु की गई तैयारियों ने विश्वविद्यालय में एक सकारात्मक और उत्कृष्ट शैक्षिक वातावरण बनाया है, रचनात्मकता को बढ़ावा मिला है। इसे निरंतरता से आगे बढ़ाने के लिए मूल्यांकन हेतु आयी नैक की पियर टीम ने जो भी कमियां बताई हैं, उन्हें दूर करके आगे का लक्ष्य निर्धारित करें। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय आगे नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क और क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग के मूल्यांकन मानको पर तैयारी करके अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करे। साथ ही कहा कि विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी विश्वविद्यालय परिसर में कराने हेतु जनपद अलीगढ़ में जिलाधिकारी द्वारा बनाए गए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु सेण्टर की तर्ज पर एक सेण्टर निर्मित किया जाए। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय को शोध और नवाचारों में भी व्यापक दृष्टिकोण अपनाने को कहा। विश्वविद्यालय की नैक टीम के साथ चर्चाओं के मध्य राज्यपाल ने विश्वविद्यालय को अपना एसटीपी प्लांट बनाने के निर्देश दिए।


## राज्य कर्मचारी परिषद तबादले से खफा

**लखनऊ।** स्थानांतरण सत्र समाप्त होने के बाद राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद एवं कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के कई पदाधिकारियों का स्वास्थ्य विभाग ने बदले की भावना से स्थानांतरण कर दिया है जिससे कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वीपी मिश्रा ने नाराजगी व्यक्त की है कि स्थानांतरण समाप्त होने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बदले की भावना से अध्यक्ष ,मंत्री का स्थानांतरण कर दिया है। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के हस्तक्षेप से किसी भी पदाधिकारी का स्थानांतरण नहीं हुआ था। हम उनके आभारी हैं। श्री मिश्रा ने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से आग्रह किया है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दें कि स्थानांतरण सत्र के समाप्त होने के बाद किए गए स्थानांतरण को निरस्त कराएं जिससे आपसी सामंजस्य बना रहे वर्ना आंदोलन की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी।

## मणिपुर की घटना मानवता को शर्मसार करने वाली: प्रमोद तिवारी

**हिंसा से जल रहा है मणिपुर, महिलाएं नहीं है सुरक्षित**

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**



प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता राज्य सभा, एवं सदस्य, केन्द्रीय कांग्रेस स्टीयरिंग कमेटी ने कहा है कि मणिपुर में एक समुदाय की महिलाओं को सरेआम निर्वस्त्र कर सड़कों पर घुमाए जाने की घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है।

तथा निर्लज्जता की पराकाष्ठा है, इसकी जितनी भी निन्दा की जाय वह कम है। श्री तिवारी ने हिंसाग्रस्त मणिपुर राज्य में दो महिलाओं के साथ घृणित यौन उत्पीड़न को भा.ज.पा. की डबल इंजन सरकार के लिए अमिट कलंक बताया है। उन्होंने कहा कि मणिपुर में मोदी सरकार की खामोशी के कारण लगभग डेढ़ सौ लोगों की हिंसा में मौत के साथ-साथ दिन प्रतिदिन हालात और भी अधिक बिगड़ते जा रहे हैं। लगभग तीस-चालीस लोगों की भीड़ द्वारा महिलाओं को बेखौफ होकर सड़क पर निर्वस्त्र घुमाया जाना तथा बेबस महिलाओं से सामूहिक दुष्कर्म जैसी निन्दनीय घटना होना, ''भाजपा राज'' में महिलाओं की दुर्दशा का अब तक का सबसे खौफनाक वीभत्स से वीभत्सम चिन्ताजनक घटना है। तिवारी ने कहा कि मणिपुर हिंसा से जल रहा है, जहाँ पर महिलाएं भी सुरक्षित नहीं रह गयी हैं।

# खबरें एक नजर में

## कर्मचारी नेताओं ने सचिवालय संघ अध्यक्ष से की भेंट

**लखनऊ।** चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ सहित कई संगठनों के पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश सचिवालय संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अर्जुन देव भारती का स्वागत करते हुए गुलदस्ता भेंट किया। उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महासचिव और राष्ट्रीय डिप्टी जनरल सेक्रेटरी अखिल भारतीय राज्य सरकारी चतुर्थ श्रेणी महासंघ सुरेश सिंह यादव ने एवं राम गोपाल गौतम राष्ट्रीय जोनल सिक्योरिटी अखिल भारतीय राज्य सरकारी चतुर्थ श्रेणी महासंघ, राम विजय रावत पूर्व निर्देशक कोऑपरेटिव लिमिटेड बैंक, योगेंद्र कुमार अध्यक्ष विधान भवन सुरक्ष संघ, रामचंद्र अंबेडकर, राजेश मौर्य, अभिजीत पांडे मौजूद रहे। इस दौरान सचिवाल संघ के अध्यक्ष को सुरेश यादव ने बताया कि प्रदेश में समस्त विभागों में लगभग 4.5 लाख पद चतुर्थ श्रेणी के रिक्त हैं। पुरानी पेंशन बहाल करने की लेकर पूरे प्रदेश में शांति पूर्वक ज्ञापन के माध्यम से बैठकों के माध्यम से सरकार से आग्रह किया जा रहा है। लेकिन राज्य एवं केंद्र सरकार है इस पर कोई नहीं ध्यान दे रही। जहां पर भाजपा शासित सरकारें हैं वहां पर तो कोई सुनवाई नहीं हो रही। पुरानी पेंषन बहाली को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर आन्दोलन और कर्मचारी शिक्षकों में आक्रोष है। पेंशन को लेकर देश में दोहरा कानून चलाया जा रहा है। सांसद एवं विधायक राज्यसभा के सदस्य पुरानी पेंशन प्राप्त कर रहे हैं वहीं पर 60 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के बाद बुढ़ापे के सहारे का कर्मचारियों का हक छीना जा रहा है। यह इन लोकतांत्रिक अधिकार का हनन है। इसी मौके पर राम गोपाल राष्ट्रीय जोनल सिक्योरिटी अखिल भारतीय राज्य सरकारी महासंघ ने कहा कि पूरे भारतवर्ष में चतुर्थ श्रेणी के लगभग नौ लाख पद स्वीकृत हैं।

## वृक्षारोपण कर हुआ काव्यांजलि का कार्यक्रम

**लखनऊ।** कुर्सी रोड स्थित यशोराज ट्रस्ट के तत्वधान में आइडियल डिग्री कॉलेज के प्रांगण में यशोराज ट्रस्ट के संस्थापक स्व. राजकुमार गुप्त के जन्मदिन के अवसर पर आम, पीपल, नीम, बरगत के वृक्षों का रोपण महाविद्यालय प्रबंधक माया आनंद, ममता शुक्ला, पूजा गुप्ता, सुमित, ऋषभ गुप्ता ने किया। प्रबंधक माया आनंद ने बताया कि स्व राजकुमार गुप्त पर्यावरण प्रेमी होने के साथ ही साहित्य में रुचि रखते थे उनकी प्रेरणा से पांच सौ वृक्षों को आइडियल डिग्री कॉलेज के आस पास लगाने के साथ वितरण करने का काम किया जाएगा। स्व राज कुमार गुप्त जन्मदिन के अवसर पर काव्यांजलि कार्यक्रम में अंबरीश अम्बर ने अपनी ओजस्वी कविताओं से सभी को मंत्र मुक्त कर दिया वही रायबरेली से हास्य कवि अनिल श्रीवास्तव लल्लू ने सभी दर्शकों को हंसा हंसा कर सबको लोटपोट कर दिया भोजपुरी कवि कृष्णानंद ने प्रकृति की रक्षा जरूरी पर कविता सुनाई वही डॉ श्रवण कुमार राज, डॉ भक्तराज शास्त्री ने अपनी कविताओं से श्रोताओं का मन मोह लिया।

## पर्यटन मंत्री का मैनपुरी, फिरोजाबाद दौरा आज से

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह 22-23 जुलाई को अलीगढ़, फिरोजाबाद एवं मैनपुरी के भ्रमण पर रहेंगे। पर्यटन मंत्री कल अपराह्न 03 बजे लखनऊ से प्रस्थान कर शाम 06 फिरोजाबाद पहुंचेगे। अगले दिन 22 जुलाई को प्रातः 09 बजे कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सिविल लाइन दबरई, फिरोजाबाद में वृहद वृक्षारोपण महाभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके उपरान्त पूर्वाह्न 10:30 बजे सैनिक स्कूल ग्राम नौनेर आगरा रोड मैनपुरी में वृहद वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद पूर्वाह्न 11:15 बजे से अपराह्न 02 बजे तक शिविर कार्यालय करहल रोड मैनपुरी में जनसुनवाई करेंगे। इसके उपरान्त बनखंडेश्वर धाम खरपरी मैनपुरी में पुरूषोत्तम मास में 23वॉं शिव महापुराण कथा में शामिल होंगे। अगले दिन रविवार 23 जुलाई को पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 01बजे तक सिरसागंज फिरोजाबाद कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे। सायं 04:30 बजे धर्म समाज महाविद्यालय ऑडीटोरियम निकट रामलीला ग्राउण्ड जीटी रोड अलीगढ़ में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत भारत सरकार के निर्देशन एवं सीएआरडीसी के संयोजन में संस्कार भारती द्वारा आयोजित क्रांति तीर्थ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। 24 जुलाई को 12:30 बजे तक लखनऊ वापस लौटेंगे।

## उज्वला योजना: 27,96,638 परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से समाज के कमजोर वर्ग के परिवारों, खासकर महिलाओं को बहुत राहत मिली है। प्रदेश में अब तक कुल 1.75 करोड़ उज्ज्वला के कनेक्शन उपलब्ध कराये गये हैं। उज्ज्वला योजना के द्वितीय चरण के अन्तर्गत अब तक 27,96,638 परिवारों को गैस कनेक्शन निःशुल्क जारी किये जा चुके हैं। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार इस योजना के अन्तर्गत प्रवासी मजदूरों को अपना निवास प्रमाण पत्र दिये जाने से छूट दी गयी है। इस योजना का शुभारम्भ प्रधानमंत्री द्वारा 10 अगस्त 2021 को प्रदेश के महोबा जनपद से किया गया।

## स्थानांतरण सत्र समाप्ति के बाद तबादले, कर्मचारियों में आक्रोश

**लखनऊ।** कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वी पी मिश्रा ने नाराजगी व्यक्त की है कि स्थानांतरण समाप्त होने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बदले की भावना से अध्यक्ष,मंत्री का स्थानांतरण कर दिया है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री अतुल मिश्रा एवं प्रमुख उपाध्यक्ष सुनील यादव ने पदाधिकारियों के स्थानांतरण को नीतिविरुद्ध बताते हुए कहा कि परिषद के जनपद रायबरेली अध्यक्ष राजेश सिंह का स्थानांतरण अत्यंत दूरस्थ जनपद सोनभद्र, हरदोई अध्यक्ष जे एन तिवारी का बदायू , बलरामपुर अध्यक्ष एम एम त्रिपाठी का मथुरा किया गया है । उपरोक्त पदाधिकारी कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के भी पदाधिकारी हैं, इसके साथ ही श्रावस्ती और शामली के पदाधिकारियों का भी स्थानांतरण किया गया है, कुछ पदाधिकारियों की सेवानिवृत्ति तिथि 2 वर्ष से कम है। स्थानांतरण में स्थानांतरण नीति 2023 के पैरा 12 और पैरा 5 का उल्लंघन हुआ है। यह भी संज्ञान में आया है कि कुछ फर्जी शिकायतो को आधार मानकर बिना किसी जांच के एकतरफा की गई हैं जो नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत के विरुद्ध है।

# बारिश के बाद पड़ रही गर्मी, 28 जुलाई से सक्रिय होगा मानसून



**मानसून**

- मानसून ट्रफकी वजह से प्रदेश में बारिश की रफ्तार थमी

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश का सिलसिला अब थम गया है। लेकिन जहां हुई भारी बारिश ने पूरे प्रदेश में तबाही मचा दी। प्रदेश के लगभग 10 जिले बाढ़ से प्रभावित है। बाढ़ की वजह से लोगों का जीवन तहस नहस हो गया है, जान और माल का भारी नुकसान हुआ है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक कई इलाकों में बारिश थमने के बाद धूप निकल रही है और उमस भरी गर्मी लोगों के पसीने निकाल रही है। वहीं, आज कई इलाकों में हल्की बारिश होने की संभावना है। इसके बाद 28 जुलाई से प्रदेश में मानसून फिर सक्रिय होगा। बता दें कि प्रदेश में पिछले कई दिनों से हुई बारिश से नदियों में उफान आ गया है। नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ता गया। अब प्रदेश में भारी बारिश का सिलसिला थम गया है और उमस भरी गर्मी का सिलसिला शुरू हो गया। दरअसल दक्षिणी भाग की ओर चक्रवाती हवाओं का असर कम हो गया है। मानसून ट्रफकी वजह से प्रदेश में बारिश की रफ्तार अब थम गई है। इसी वजह से ही मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है।

# 22 जुलाई को यूपी में मनाया जाएगा वन महोत्सव

**पूरे प्रदेश में जन आंदोलन के माध्यम से 35 करोड़ पेड़ लगाने का रखा गया लक्ष्य**



**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

22 जुलाई को उत्तर प्रदेश में वन महोत्सव मनाया जायेगा। पूरे प्रदेश में 85 शासकीय विभागों और जन आंदोलन के माध्यम से 35 करोड़ पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। ताकि, प्रदेश में हरित क्षेत्र का विस्तार हो और पर्यावरण की रक्षा की जा सके। इस अभियान में पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ, हर खेत पर मेड़, हर मेड़ पर पेड़ जैसे स्लोगन के जरिये लोगों का जोड़ा जा रहा है।

कार्यक्रम के अनुसार, 22 जुलाई को एक ही दिन में पूरे प्रदेश में 30 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे, वहीं 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 5 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य है। इस अभियान के लिए प्रदेशभर की 1901 नर्सरियों से निरूशुल्क पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे। मुख्य रूप से फलदार, औषधीय और जैवविविधता को संरक्षित करने वाले पौधे लगाए जाएंगे। इनमें नीम, सहजन, आंवला, इमली, अर्जुन, जामुन, बेल, देशी आम, महुआ, शीशम, सागौन, बांस और पीपल के पौधे शामिल हैं। यूपी वन एवं पर्यावरण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ अरुण कुमार सक्सेना ने बताया कि योगी सरकार, ग्राम वन, नंदन वन और आयुष वन बनाएगी।

### कौशल विकास विभाग लगायेगा 2.5 लाख पौधे

**लखनऊ।** वृक्षारोपण अभियान में प्रत्येक विभाग योगदान दे रहा है। शासन द्वारा व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग को वृक्षारोपण अभियान में 2.5 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश की सभी राजकीय आईटीआई मे वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने का कार्य किया जा रहा है। अभियान मे आईटीआई के बच्चों को प्रेरित कर उनके नाम से पौधे रोपित कराये जायेंगे। कौशल विकास मंत्री ने बताया कि प्राइवेट आईटीआई तथा कौशल विकास केन्दों द्वारा भी पौधरोपण अभियान में पौधे रोपित कर सहयोग प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पौधरोपण अभियान में सिर्फ पौधे लगाने पर ही नही बल्कि लगाये जा रहे है पौधे सुरक्षित बच सके इस पर भी ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पौधे लगाना बहुत जरूरी है।

## जैन समाज ने आचार्य की हत्या पर किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** कर्नाटक में दिगम्बर जैन आचार्य काम कुमार नंदी जी महाराज की निर्मम हत्या पर आक्रोशित जैन समाज ने गुरुवार को महावीर पार्क डालीगंज पर प्रदर्शन किया। श्री जैन धर्म प्रवर्धनी सभा के तत्वाधान में 20 जुलाई दिन गुरूवार को श्री महावीर पार्क, डालीगंज, में सुबह नौ बजे से दो बजे तक घटना के विरोध में अध्यक्ष व सभापति विनय कुमार जैन की अध्यक्षता में प्रदर्शन हुआ। विनय जैन ने बताया कि एक ज्ञापन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी भेजा गया। जिसमें धर्मस्थलों के सम्बन्ध में कर्नाटक की उपरोक्त घटना सहित सुरक्षा एवं जांच के आदेश देने की मांग कि जिससे त्वरित कार्यवाही हो सके और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाये। साथ ही जैन मुनियों एवं जैन धर्मस्थलों की सुरक्षा हो सके। जैन समाज के लोग पहले महावीर पार्क पर एकत्रित हुए। बाद में रैली के रूप मे महिलाएं-बच्चे-बूढ़े हाथों में तखतियां लेकर हमलावारों को दण्डित किए जाने एवं जैन साधुओं की सुरक्षा के लिए मांग कर रहे थे।

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से एयर मार्शल आर.जी.के. कपूर ने भेंट की



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से राजभवन में एयर मार्शल आर.जी.के. कपूर, एवीएसएम वीएम एओसी-इन-सी मध्य वायु कमान, प्रयागराज ने शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान एयर मार्शल आर.जी.के. कपूर ने 8 अक्टूबर को वायुसेना दिवस के अवसर पर प्रयागराज में आयोजित समारोह के लिए आंमत्रित किया। भारतीय वायु सेना इस वर्ष राष्ट्र सेवा के अपने 91 वर्ष पूर्ण कर रही है। 92वें भारतीय वायु सेना दिवस पर प्रयागराज में संगम पर वायु सेना के विविध वायुयानों द्वारा हवाई प्रदर्शन एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

# जाली फर्म के बड़े नेटवर्क पर सीजीएसटी लखनऊ का शिकंजा

**फर्जीवाड़ा**

- 1355 करोड़ की बोगस सप्लाई दिखाकर 197 करोड़ का जीएसटी बनाया, 131 फेक फर्म का रजिस्ट्रेशन रद्द

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

लखनऊ में सीजीएसटी यानी केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर विभाग ने फर्जी फर्म के जरिए बड़ा मुनाफा कमाने वाले सिंडिकेट को बेनकाब किया है। बड़े पैमाने पर चल रही इस फर्जीवाड़े में नेटवर्क बनाकर देशभर की फर्म से अयोग्य इनपुट टैक्स क्रेडिट लिया जा रहा था। धोखाधड़ी से जीएसटी का लाभ ले रही इन फर्जी फर्मों के सिंडिकेट को खत्म करने के लिए विभाग द्वारा स्पेशल अभियान चलाया गया। मई, जून और जुलाई 2023 में सीजीएसटी लखनऊ की विशेष




अखिल भारतीय टीम ने अभियान चलाकर इस पूरी मुहिम का पर्दाफाश किया हैं। सीजीएसटी, लखनऊ के अधिकार क्षेत्र के तहत लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, शाहजहाँपुर, सीतापुर, लखीमपुर, बाराबंकी, गोंडा, बलरामपुर, बहराईच और श्रावस्ती जिलों में पंजीकृत 647 फर्मों के पते पर फिजिकल वेरिफिकेशन यानी भौतिक सत्यापन किया गया।

अभियान के दौरान 131 कागजी फर्म मिली। जिन्होंने फर्जी नाम पर और जाली दस्तावेजों का उपयोग करके जीएसटी पंजीकरण लिया था। जबकि कुछ फर्मो ने कुछ अन्य व्यक्तियों के पैन का उपयोग करके धोखाधड़ी से जीएसटी पंजीकरण लिया था।

## जदयू ने मणिपुर में हुई घटना पर राष्ट्रपति से की कार्यवाही की मांग

**लखनऊ।** जद यू उत्तर प्रदेश इकाई के प्रदेश संयोजक सत्येंद्र पटेल ने मणिपुर मे हो रही अत्याचारों पर अत्यंत दुख एवं रोष व्यक्त करते हुए कहा है जिस प्रकार भारत कि सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर की ओर से आंखे बन्द किये हुए है उनकी मंशा देश मे ग्रह युद्ध कराने की है। महिलाओ पर हो रहे अत्याचार को कोई भी सभ्य समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रदेश संयोजक माननीय सत्येंद्र पटेल ने जदयू उत्तर प्रदेश इकाई की ओर से राष्ट्रपति से मांग की है महिलाओं के साथ हुई जघन्य अत्याचार की घटना के दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करें और सख्त से सख्त सजा दी जाए। ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति फिर ना हो। साथ में उन्होंने महामहिम से मांग की है कि मणिपुर की बिरेन सिंह सरकार को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करके वहां राष्ट्रपति शासन लागू करे और प्रधानमंत्री मोदी मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू नहीं कर सकते हैं। तो तुरंत अपने पद से इस्तीफा दें।

# इंडिया एक्सपो सेंटर में हिस्सा लेगा पर्यटन विभाग

**वेडिंग डेस्टिनेशन और फिल्म प्रोडक्शन को बढ़ावा देगी यूपी सरकार**

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**



उत्तर प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार की तरफ से यूपी टूरिज्म प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय मंच पर वेडिंग डेस्टिनेशन और फिल्म प्रोडक्शन को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत किया जा रहा है। यूपी पर्यटन तीन दिवसीय ग्लोबल डेस्टिनेशन एक्सपो एंड कांफ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के वेंडिंग और फिल्म निर्माण स्थलों को अंतर्राष्ट्रीय मंच प्रदान करेगा। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग 21 से 23 जुलाई तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में आयोजित होने वाले ग्लोबल डेस्टिनेशन एक्सपो एंड कॉन्फ्रेंस के दूसरे संस्करण में हिस्सा लेगा। यह कॉन्फ्रेंस 3 दिन तक आयोजित की जाएगी। आईकॉनिक द्वारा जीडीईसी वैश्विक स्तर पर वेडिंग और फिल्म प्रोडक्शन का सबसे बड़ा आयोजन है। उत्तर प्रदेश पर्यटन ग्लोबल डेस्टिनेशन एक्सपो एंड कॉन्फ्रेंस के द्वारा प्रदेश में उपस्थित वेडिंग और अन्य मनमोहक पर्यटन स्थल को बढ़ावा देगा, जिससे कि वेडिंग और फिल्म निर्माण के द्वारा बी2बी बिजनेस में उत्तर प्रदेश आगे बढ़ सके।

गौरतलब है वेडिंग और फिल्म निर्माण उत्तर प्रदेश आगे बढ़ता है तो स्थानीय लोगों को भी बड़े स्तर पर रोजगार मुहैया होगा। आयोजन में उत्तर प्रदेश के मनमोहक और आकर्षक वेडिंग स्थल को उत्तर प्रदेश टूरिज्म प्रदर्शित करेगा , जिससे कि उन सभी स्थलों को अंतरराष्ट्रीय तथा घरेलू पर्यटकों के सामने प्रदर्शित कर एक मंच तैयार होगा।

# यूपी के पेंशनरों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर किया अनशन

**चेतावनी**

- पेंशनरों ने चेतावनी दी कि अगर मांगों को पूरा नही किया गया तो होगा आन्दोलन

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति द्वारा न्यूनतम पेंशन बढ़ाने के लिये दिल्ली के जंतर-मंतर पर अनशन में लखनऊ सहित उ प्र के अनेक जिलों के पेंशनरों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कई वर्षो से ईपीएस-95 न्यूनतम पेंशन 7500 रूपये महीना व डीए और पति पत्नी को मुफ्त चिकित्सा सुविधा की मांग को लेकर पूरे देश में संघर्षरत है, पक्ष विपक्ष के सभी सांसदों को अनेको बार ज्ञापन देने के बावजूद कोई सार्थक परिणाम न




निकलने से पेंशनरों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। संसद के वर्तमान सत्र में अपनी माँगे पूरी कराने और सरकार पर दबाव बनाने के लिए देशभर के पेंशनरों ने दिल्ली में डेरा डाला है। उत्तर प्रदेश से केएस तिवारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, ओम शंकर तिवारी राष्ट्रीय सचिव, सीबी सिंह कार्यकारी अध्यक्ष, राजीव भटनागर मुख्य समन्वयक के साथ अनेक वरिष्ठ पदाधिकारियों के नेतृत्व में प्रदेश के पेंशनर बड़ी संख्या में अनशन पर बैठे और सांसदों के दिल्ली स्थित आवास पर जाकर मांगों को पूरा कराने के लिए दबाव बनाया। पेंशनरों ने चेतावनी भी दी कि अगर उनकी मांगों को मॉनसून सत्र में पूरा नही किया गया।

# ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारी और कर्मचारी लगायेंगे एक-एक वृक्ष

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों,कर्मचारियों व संविदा कर्मियों को निर्देश दिए हैं कि वह 22 जुलाई को प्रदेश में आयोजित वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगायें। बड़े से बड़े एरिया को कवर करते हुए



अधिक से अधिक वृक्षारोपण कराया जाए। जिन जनपदों द्वारा सबसे बड़े एरिया को कवर करते हुए वृक्षारोपण कराया जाएगा।

ऐसे 03 जनपदों को उच्च स्तर से प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा। प्रत्येक राजस्व ग्राम में कम से कम 1000 पौधे अवश्य लगाएं जाए ,साथ ही इससे अधिक पौध लगाने का प्रयास किया जाए। ज्ञातव्य है कि अभियान दिवस में प्रदेश के लक्ष्य 35 करोड़ के सापेक्ष 30 करोड़ पौधरोपण किया जाना है, जो कि कुल लक्ष्य का 85.71 प्रतिशत है, जिसमें ग्राम्य विकास विभाग द्वारा कुल लक्ष्य 12.77 करोड़ के सापेक्ष 10.94 करोड़ यानि 85.71 प्रतिशत किया जाना है। ग्राम्य विकास

**पौधरोपण**

- प्रत्येक राजस्व ग्राम में कम से कम 01 हजार पौधे अवश्य लगाए जाये: केशव

विभाग द्वारा समस्त मुख्य विकास अधिकारियों को जारी दिशा निर्देशों में कहा गया है अभियान दिवस में अपने क लक्ष्य का 85.71 प्रतिशत वृक्षारोपण अवश्य किया जाए। 12.77 करोड़ ग्राम्य विकास विभाग का लक्ष्य है, जिसके क्रम में जनपदों को लक्ष्य का आवंटन किया जा चुका है। यह लक्ष्य विभाग का न्यूनतम है यानी कि अगर इससे ज्यादा वृक्षारोपण भी होता है तो वह और अच्छा माना जायेगा। अपने लक्ष्यों से सबसे ज्यादा पूर्ति करने वाले उच्चतर 03 जनपदो को उच्चस्तर से सम्मानित किया जायेगा।

## ड्यूटी के दौरान नदी में बहे अवर अभियंता

**लखनऊ।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम में ब्रेकडाउन अटेंड करने के दौरान अवर अभियंता प्रमोद कुमार नदी में बह कर दुखद निधन हो गया। इस दुखद घटना से एसोसिएशन के सदस्यों में शोक की लहर एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल लखनऊ स्थित उनके आवास जाकर परिवार का ढाढ़स बढ़ाते हुए हर मदद का भरोसा दिया।

उत्तर प्रदेश पावर ऑफिसर एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में आज एक 8 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल अवर अभियंता प्रमोद कुमार के गोमती नगर स्थित उनके आवास पहुंचा। गौरतलब है कि विगत दिनों प्रमोद कुमार अवर अभियंता जो वर्तमान में पश्चिमांचल विद्युत वितरण के अंतर्गत चिलकाना खंड सहारनपुर में कार्यरत उफनती नदी के किनारे ब्रेकडाउन अटेंड कर रहे थे पैर फिसल कर उस में बह गए, गोताखोर 2 दिन से खोजबीन कर रहे लेकिन अभी तक प्रमोद कुमार का कोई भी अता पता नहीं लगा प्रमोद कुमार अवर अभियंता के घर में केवल उनके दो छोटे बच्चे हैं।

# मेदांता में वेरियन एज मशीन का हुआ शुभारंभ

## उत्तर प्रदेश में कैंसर के खिलाफ लड़ाई में एक मील का पत्थर साबित होगा

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के अग्रणी हॉस्पिटल मेदांता अस्पताल के कॉम्प्रिहेंसिव कैंसर केयर प्रोग्राम (व्यापक कैंसर देखभाल कार्यक्रम) का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का लक्ष्य उत्तर प्रदेश में कैंसर उपचार और देखभाल के विश्वस्तरीय उपचार मानकों के अनुसार कैंसर रोगियों को सटीक उपचार प्रदान करना है।

इस कार्यक्रम की शुरुआत के साथ ही मेदांता अस्पताल अब उत्तर भारत का पहला अस्पताल बन गया है जहां कैंसर उपचार के लिए पहली वेरियन एज रेडिएशन मशीन स्थापित की गई है। यह मशीन कैंसर उपचार के बेहतर परिणामों के लिए सटीक विकिरण तकनीक की सुविधा प्रदान करती है।



इस अत्याधुनिक कार्यक्रम मशीन के अलावा अनुभवी कैंसर डॉक्टरों की एक टीम और प्रतिष्ठित चिकित्सकों वाला एक ट्यूमर बोर्ड है जो कैंसर रोगियों के इलाज से पहले उनके रोग का आंकलन कर बेहतर से बेहतर इलाज प्रक्रिया की सिफारिश करता है। यह मशीन डॉक्टरों को कैंसर प्रभावित हिस्से के स्वस्थ ऊतकों पर न्यूनतम प्रभाव डालते हुए उच्च परिशुद्धता के साथ का रेडिएशन करने की सुविधा प्रदान करेगी। मेदांता समूह के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. नरेश त्रेहन ने कहा, मेदांता अस्पताल लखनऊ में व्यापक कैंसर देखभाल कार्यक्रम उत्तर प्रदेश और इसके आसपास के राज्यों के लोगों के लिए विश्व स्तर की उन्नत कैंसर उपचार की सुविधा प्रदान करेगा। वेरियन एज की विशेष तकनीक हमारे अनुभवी डॉक्टरों को सब-मिलीमीटर तक सटीक तरीके से रोगियों के को रेडिएशन थेरेपी देने की सुविधा देगा। मेदांता के रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग में मल्टी-सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों, आधुनिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे और उन्नत इमेजिंग और डायग्नोस्टिक उपकरणों की सुविधा उपलब्ध है, जो इसे भारत में उपलब्ध कैंसर इलाज के लिए सर्वश्रेष्ठ सुविधा बना देता है। मरीजों और उनके देखभाल करने वालों को अब सेकंड ओपिनियन या कैंसर उपचार के लिए लंबी दूरी की यात्रा नहीं करनी पड़ेगी, उन्हें यह सुविधा लखनऊ में ही उपलब्ध होगी।

मेदांता अस्पताल, लखनऊ के मेडिकल डायरेक्टर, डॉ. राकेश कपूर ने कहा, हाई एंड वेरियन एज रेडिएशन मशीन से लैस मेदांता के व्यापक कैंसर देखभाल कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश में कैंसर के खिलाफ लड़ाई में एक मील का पत्थर साबित होगा। अपनी तरह की यह पहली मशीन शरीर के किसी भी हिस्से, किसी भी साइज और आकार के ट्यूमर का इलाज करने में मदद करेगी। जिन ट्यूमर तक पहुंचना या जिनका ऑपरेशन करना कठिन है, उनका इलाज होने से निश्चित रूप से बीमारी और इससे होने वाली मौतों की संख्या में कमी आएगी। अब हम उन्नत कैंसर उपचार देने और गंभीर रूप से बीमार रोगियों के लिए चौबीसों घंटे विशेष देखभाल सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से सुसज्जित हैं। हमारा लक्ष्य व्यक्तिगत देखभाल प्रदान करना है जो रोगियों को सर्वोत्तम संभव परिणाम और जीवन की गुणवत्ता प्रदान करता है।

# मणिपुर की घटना पर भड़के अखिलेश

**बयान**

- बोले, सभ्यता का चीरहरण और संस्कृति का हुआ है पाताल-पतन

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर से मानवता को शर्मसार कर देने वाली वीडियो के वायरल होने के बाद बवाल मच गया है। दरअसल वीडियो में एक समुदाय की 2 महिलाओं को दूसरे समुदाय के लोग निर्वस्त्र कर घुमा रहे है। विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर जमकर निशाना साध रहे हैं। अब इस मामले के सामने आने के बाद सियासत भी गरमा गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, मणिपुर की इस घटना को लेकर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का ट्वीट सामने आया है। अखिलेश यादव ने ट्वीट किया कि मणिपुर में सभ्यता का चीरहरण हुआ है और संस्कृति का पाताल-पतन। इसी बीच समाजवादी पार्टी के सांसद रामगोपाल यादव ने भी मणिपुर हिंसा को लेकर बयान दिया है। एक न्यूज एजेंसी के अनुसार, रामगोपाल यादव ने कहा कि ÷मणिपुर में जो हुआ है, वो भाजपा की सरकार की वजह से हुआ है। इसलिए वहां राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए। पीएम मोदी भाषण तो अच्छे देते हैं लेकिन देश में क्या हो रहा है इस पर नहीं बोलेंगे।आपको बता दें कि मणिपुर के कांगपोकपी जिले में यह घटना 4 मई को घटी थी। इसमें महिलाओं को नग्न अवस्था में दर्शाया गया है। वीडियो में पुरुष पीड़ित महिलाओं से लगातार छेड़छाड़ करते दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित महिलाएं लगातार मदद की गुहार लगा रही हैं और बंधक बनी हुई हैं। उन्होंने बताया कि अपराधियों ने इस वीडियो को बनाने के बाद सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया। इससे इन निर्दोष महिलाओं द्वारा झेली गई भयावह यातना कई गुना बढ़ गई है।



# मणिपुर में हिंसा व तनाव से देश चिंतित

**हमला**

- क्या बीजेपी अभी भी ऐसे मुख्यमंत्री को संरक्षण देती रहेगी: मायावती
- बदमाशों के खिलाफ अपहरण, बलात्कार व हत्या का मामला दर्ज

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर परेड कराने, छेड़छाड़ करने की कथित वीडियो को लेकर उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भाजपा सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि मणिपुर में अनवरत जारी हिंसा व तनाव से पूरा देश चिंतित है। महिला के साथ अभद्रता की ताजा घटना खासकर भाजपा व उनकी सरकार को शर्मसार करने वाली है। वैसे तो राज्य में



कानून-व्यवस्था काफी पहले से चरमराई हुई है, किन्तु क्या बीजेपी अभी भी ऐसे मुख्यमंत्री को संरक्षण देती रहेगी?बता दें कि मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर परेड कराने को लेकर मणिपुर पुलिस ने बताया कि ये मामला सेनापति जिले के एक गांव की है। जहां पर दो जनजातीय महिलाओं को निर्वस्त्र कर परेड कराने और भीड़ द्वारा उनसे छेड़छाड़ करने संबंधी चार मई के वीडियो में नजर आ रहे मुख्य आरोपियों में से एक को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया।अधिकारियों ने बताया कि घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस की कई टीम का गठन किया गया था। इनमें से एक व्यक्ति जिसे इस घटना का कथित मुख्य साजिशकर्ता कहा जा रहा है, उसे थाउबल जिले से गिरफ्तार किया गया। आरोपी 26 सेकंड के इस वीडियो क्लिप में प्रमुखता से नजर आ रहा है। पुलिस ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा था कि अज्ञात हथियारबंद बदमाशों के खिलाफ थाउबल जिले के नोंगपोक सेकमाई थाने में अपहरण, सामूहिक बलात्कार और हत्या का मामला दर्ज किया गया है और दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए हर संभव प्रयास जारी है। मणिपुर में तीन मई से इंफाल घाटी में रहने वाले बहुसंख्यक मेइती समुदाय और पर्वतीय इलाकों में रहने वाले जनजातीय कुकी समुदाय के बीच जातीय झड़पें हो रही हैं। हिंसा में अब तक 160 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।

# राज्य में गैरकानूनी गतिविधि को नहीं करेंगे बर्दाश्त: ब्रजेश पाठक

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

यूपी एटीएस ने मंगलवार को भी पाकिस्तानी से अवैध तरीके से गौतमबुद्ध नगर आई सीमा हैदर और उसके पति सचिन मीणा और पिता नेत्रपाल मीणा से पूछताछ की। कई घंटे तक चली पूछताछ में जांच अधिकारी सीमा हैदर के जवाब से संतुष्ट नहीं हैं। सीमा हैदर को लेकर यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि हम राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखेंगे। हम किसी भी गैरकानूनी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं करेंगे। डिप्टी सीएम पाठक ने कहा कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच हो रही है। केंद्रीय एजेंसियां मामले की जांच कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हर स्थिति में यूपी में प्रतिबधता के साथ अपराध और गैर कानूनी गतिविधि को रोकेंगे। अभी जानकारी केंद्र एजेंसी



और स्टेट की जांच एजेंसी ही बता पाएंगी। हमारी तरफसे यूपी में गैर कानूनी गतिविधि को नहीं होने देंगे। बता दें कि पाकिस्तान से बिना वीजा के चार बच्चों के साथ ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा आई सीमा हैदर से लगातार दूसरे दिन एटीएस ने पूछताछ की। सीमा के साथ ही उसके पति सचिन मीणा, सचिन के पिता नेत्रपाल और सीमा के दो बच्चों से भी मंगलवार को सवाल-जवाब किए गए। पूछताछ के दौरान सीमा ने जासूस होने की बात से साफइंकार किया और सचिन से मोहब्बत होने के कारण ही भारत आने की बातें दोहराई।

# मणिपुर हिंसा पर सपा-कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

मणिपुर हिंसा और सीएम एन बिरेन सिंह को लेकर सपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस महिला कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए विधान सभा कूंच किया। लेकिन पुलिस ने उनको बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया।

वहीं दूसरी तरफ सपा कार्यकर्ता ने सीएम एन बिरेन सिंह का पोस्टर जलाया। इस दौरान पुलिस से झड़प भी हुई। हजरतगंज में विधानसभा के सामने प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ममता चौधरी के नेतृत्व में प्रदर्शन करने पहुंची महिलाओं को पुलिस ने बेरिकेंटिग कर रोक दिया। इस दौरान पुलिस से झड़प हो गई।

सभी को जबरन पकड़कर इको गार्डन भेज दिया। इधर, लालबाग में सपा यूथ के कार्यकर्ताओं ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह का पुतला



मणिपुर की घटना को लेकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस की महिला कार्यकर्ताओं ने विधानसभा के सामने धरना प्रदर्शन किया

फूंका। ऐसा करने से रोकने पर कार्यकर्ता पुलिस से ही भीड़ गए। समझाने के बावजूद कार्यकर्ता नहीं माने तो पुलिस ने इन्हे जबरन गिरफ्तार कर वाहनों में भरकर इको गार्डन भेज दिया। इस दौरान लालबाग से लेकर हजरतगंज के आस पास भीषण जाम लग गया। हजरतगंज में विधानसभा के सामने प्रदेश महिला कांग्रेस मध्य जोन की अध्यक्ष ममता चौधरी के नेतृत्व में मणिपुर मामले व महंगाई को लेकर प्रदर्शन हुआ।

# मां गायत्री जनसेवा संस्थान के अध्यक्ष का धूमधाम से मना जन्मदिन

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

इंसान की जिंदगी का सबसे खूबसूरत पल उसका जन्मदिन होता है जिसमे वो बेहतर से बेहतर बनाना चाहता है और कोशिश रहता है की जन्मदिन की यादगार पल के रूप में मनाया जाये लेकिन कुछ लोग ऐसे होते है जो जनता की सेवा करते है और जनता के बीच में रहकर ही जन्मदिन मनाना ज्यादा पसंद करते है..और उनको ज्यादा कुछ दिखावा करने का और दुनिया के ताम झाम से भी कोई मतलब नहीं रहता है। दरसल हम बात कर रहे है माँ गायत्री जन सेवा संस्थान के अध्यक्ष ,भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ लखनऊ महानगर के संयोजक ,हर जरूरतमंद की मदद के लिए सदैव तत्पर रहने वाले अरुण प्रताप सिंह समाज सेविक की। जिन्होंने अपना जन्मदिन सादे समारोह में मनाया और



जन्मदिन भी जनता के नाम कर दिया। साथ ही उनके प्रशंसकों ने फेसबुक, वॉट्सएप् पोस्ट के माध्यम से साथ ही एकत्रित होकर उन्हे जन्मदिवस की शुभकामनाएँ दी और लम्बी उम्र की कामना भी की समाजसेवक अरूण प्रताप सिंह ने अपने जन्मदिन के अवसर पर बच्चो और महिलाओ के साथ केक काट कर बडी धूमधाम से अपना जन्म दिन मनाया।

जन्मदिन पर शुभकामनाओं के लिए अरूण प्रताप ने अपने सभी शुभचिंतकों को धन्यवाद देकर आभार जताया उन्होंने कहा कि जिस तरीके से जन्मदिन के अवसर पर लोगों का प्यार मिला है।

## लापरवाह एआरएम बाराबंकी निलंबित, आरएम लखनऊ को बैड एंट्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने राजेश कुमार सिंह सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा अपने दायित्वों और कर्तव्यों के निर्वहन में उदासीनता बरतने, पर्यवेक्षीय नियंत्रण शिथिल रखने, डिपो परिक्षेत्र के अंतर्गत घटित घटनाओं को समय पर अटेण्ड न करने एवं सूचना उच्च स्तर को समय से न देने, निगम की छवि जनमानस में धूमिल करने एवं मुख्यालय के निर्गत आदेशों,निर्देशों का अनुपालन न करने के आरोप में अनुशासनिक कार्यवाही प्रख्यापित करते हुए निलम्बित कर दिया है। एमडी परिवहन निगम मासूम अली सरवर ने कहा कि काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने बताया कि वाहन संख्या यूपी 53 एफ़एन-1747 लगभग 14:30 बजे गोडारी मोड सफ्दरगंज बाराबंकी में एक बैट्री रिक्शा से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। रिक्शा में सवार 04 लोगों की मृत्यु हो गई व 05 लोग घायल हो गये।

# लोकसभा सीटों पर भाजपा का खास ध्यान, झोंकी ताकत

## 2024 में 80 सीटों का लक्ष्य, छोड़ेगी बीजेपी तरकश के सारे तीर

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

उत्तर प्रदेश की जिन लोकसभा सीटों पर भाजपा कभी नही जीत सकी,उनपर इस बार बीजेपी पूरी ताकत झोंक रही है। मोदी मैजिक भी नही चला श्रावस्ती, अम्बेडकर नगर, मैनपुरी और रायबरेली में। वजह कुछ भी हो ,बीजेपी इस बार अपने तरकश का हर तीर छोड़ेगी क्योंकि उत्तर प्रदेश की सभी अस्सी सीटों पर जीत दर्ज कराने को बीजेपी बेताब है। बीजेपी के दिग्गज लीडरान अपने भाषणों में कई बार यह बात दावे के साथ कहते हैं कि 80 की 80 में बीजेपी के खाते में जाएंगी। दावे हैं दावों के क्या, सियासी लोग अक्सर करते ही रहते हैं। असल निर्णय की कूबत नेता के नहीं बल्कि जनता के पास है। बीजेपी की इन चारों सीटो पर विशेष निगाह है। दो सीटें रायबरेली और मैनपुरी हैं, जिनका अभेद्य किला अभी तक





भगवा दल भेद नहीं पाया है। दो सीटें श्रावस्ती और अंबेडकर नगर हैं,जहां भी जादू चला नही।भाजपा इन चार सीटों की पड़ताल कर रही है कि आखिर क्यों नहीं मिली कामयाबी आजतक। पार्टी अपना कील कांटा दुरुस्तकर रही है। भाजपा में मोदी युग का आरंभ 2014 में हुआ। भारतीय जनता पार्टी ने तब 80 में 73 लोकसभा सीटें जीत ली थीं। 2019 में भाजपा की झोली में 62 और एनडीए के पाले में 64 सीटें आईं। हारी हुई सीटों में रायबरेली और मैनपुरी ऐसी सीटें थीं, जहां कभी कमल नहीं खिला। मोदी की आंधी में यह किले नहीं ढहे। रायबरेली कांग्रेस की और मैनपुरी सपा का गढ़ रही है। सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन से रिक्त हुई मैनपुरी सीट के उपचुनाव में भी बीजेपी को शिकस्त मिली।इस फेहरिस्त में अमेठी भी था मगर 2019 में भाजपा ने कांग्रेस से छीन लिया था।भाजपा 2024 में इन सीटों पर कब्जा चाहती है। रायबरेली और मैनपुरी सीटों पर मुस्लिम आबादी कम है।

बावजूद इसके भगवा की पराजय बीजेपी के लिए तो चिंता का विषय होना स्वाभाविक है। मिशन-2024 की दृष्टि से भाजपा का फोकस इन दोनों सीटों के साथ ही अंबेडकरनगर और श्रावस्ती लोकसभा सीटों पर भी है। 2014 में जीती हुई इन दोनों सीटों को भाजपा ने 2019 में गंवा दिया था। तब इन दोनों सीटों पर भाजपा की सोशल इंजीनियरिंग कामयाब नहीं हो पाई थी। यह दोनों सीटें भी सामाजिक समीकरण के हिसाब से पार्टी के लिए मुफीद मानी जाती हैं।

# बाढ़ से बचाव व राहत के लिए 41 जिलों में किया गया पूर्वाभ्यास

**आपदा प्रबंधन**

- कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राधिकरण के वरिष्ठ सलाहकार ने किया

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के समन्वय से गुरूवार को प्रदेश के 41 जनपदों पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बहराइच, बाराबंकी, गोण्डा, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, बस्ती, संत कबीर नगर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, कुशीनगर, गोरखपुर, सिद्धार्थनगर, बदायूं, फर्रूखघबाद, बिजनौर, प्रयागराज, वाराणसी, मैनपुरी, शाहजहांपुर एवं लखनऊ में बाढ़ आपदा पर राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज आयोजित किया गया। मॉक एक्सरसाइज की अध्यक्षता उत्तर



प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ले.जनरल रविन्द्र प्रताप शाही एवीएसएम द्वारा किया गया। वहीं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नई दिल्ली कर्नल कीर्ति प्रताप सिंह, सलाहकार (ऑपरेशन) एवं कर्नल नदीम अरशद (से.नि) द्वारा अभ्यास का समन्वय किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राधिकरण के वरिष्ठ सलाहकार ब्रिगेडियर प्रमोद कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित अनूप प्रधान बाल्मीकि राज्यमंत्री राजस्व विभाग ने कहा राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज का उद्देश्य किसी भी आपदा से निबटने हेतु सरकारी मशीनरी के उपयोग व जन जागरूकता बढ़ाना है।

# नौकरी पेशा महिलाओं पर बढ़ता शोषण अत्याचार

**मुसीबत**

- महिलाएं लगभग हर क्षेत्र में पालन पोषण हेतु कार्य करती हैं उनको कितना अपमानित होना पड़ता है यह सिर्फ महिलाएं ही जानती है

**सुनील यादव। समृद्धि न्यूज**

महंगाई के इस दौर में घर के खर्च चला पाना मुश्किल है इसलिए महिलाएं भी घर से बाहर कदम निकालकर नौकरी कर रही हैं। जिससे तनाव का सामना करना पढ़ रहा है। तरह तरह से प्रताड़ना सहने के पीछे मजबूरी बाधक बन रही है जिसका कोई रास्ता बनता नहीं दिख रहा कड़ी समस्या है।

### नौकरियों में कैसे होता हैं शोषण अत्याचार

महिलाएं लगभग हर क्षेत्र में पालन पोषण हेतु कार्य करती हैं। उनको कितना अपमानित होना पड़ता है यह सिर्फ महिलाएं ही जानती है। सरकारें भी महिलाओं की लेकर बहुत बड़ी बड़ी घोषणाएं करती हैं लेकिन मजबूरी के आगे सरकारी तंत्र फेल होता है कुछ



इस तरह महिलाओं की नौकरी के लिए बुलाने के बाद उनका इंटरव्यू लिया जाता फिर कुछ दिन ट्रॉयल पर रहतीं हैं जिसके बाद उनसे कंपनी एक फॉर्म पर हस्ताक्षर करवाती है दर्जनों पन्नों की फाइल में यह काम किया जाता है। जिसमे कुछ इतनी मजबूती से कंपनियां हस्ताक्षर करवा लेती है यदि महिला ने बॉस का कहना नहीं माना तो नौकरी से हाथ धो बैठती है। और सैलरी एक दो महीनों की रोकी जाती है ताकि काम भी बॉस अपने मन का करवाता है और कभी कभी देर रात तक अर्जेंट मीटिंग के बहाने रोका जाता है। और बॉस जानबूझकर भी उनसे ऐसे कार्य की करवाता है जिससे नौकरी में दाग लगे और उनका शोषण किया जा सके महिला को घर चलाना होता है तो मजबूरन काम करती हैं सुबह जल्दी बुलाने पर देर तक ऑफिस में रुकना भी उनकी ऐसी समस्या है जिसका कोई हल नहीं रह जाता क्योंकि नौकरी भी जल्दी नहीं मिलती।

कुछ इस तरह सामाजिक शोषण का हो रही शिकार नौकरी करने वाली अधिकतर महिलाएं या नवयुवतियों का सामना समाज का भी करना पड़ रहा है। जब कोई लड़की घर से जल्दी निकलती है देर रात आती है तो अक्सर देखने मे आता है कि उस महिला को कोई ना कोई घर के बाहर तक छोड़ने आता है। जिससे समाज में गलत मैसेज जाता है कोई भी उसकी अच्छी निगाह से नहीं देखता और नाते रिश्तेदार भी उंगली उठाते हैं। जबकि महिला यह सोचकर आती जाती है के अकेले ठीक नहीं है । उसके लिये कुछ को परेशानी घर के सदस्यों से भी उभरती है घर को चलाना और सैलरी रुकने से आपसी फूट भी झेलती हैं बच्चों से सुबह मुलाकात के बाद रात को सोते मिलने के कारण बच्चों को देखरेख में गलत आदतें पड़ जाती है। अगर पति है तो झगड़ा उग्र रूप धारण कर लेता है किसी रिश्तेदार की शादी पार्टी में भी जाने का समय नहीं मिलता उनसे दूरी बनती हैं। ऑफिस में साथ की लड़कियां ताने मार कर उसको कितना प्रताड़ित करती हैं। बहुत खराब स्तिथि मैं डलकर अपने परिवार के पालन पोषण के लिए कितना भारी मन रख कर जाब कर रही हैं। सरकार ने जो नियम कानून बनाया सब बेकार करती जा रही कंपनियां क्योंकि कंपनी के पास बेरोजगारों की बढ़ी लंबी फौज इंतजार में रहती है आज के समय में नौकरी के लिए कम से कम सैलरी पर सिर्फ घर चलाने के लिए बेबस और लाचार बॉस एक ऐसा शब्द हो चुका है जी महिलाओं दैहिक शोषण तक बढ़े आराम से करता है।

जब कोई अन्य युवती आ गई तो इसकी नौकरी खतरे में आती है। बॉस जब चाहेगा निकाल बाहर कर हो देता है नियम कानून कंपनी के भी होते हैं तो ऐसे में सरकार को कोई मजबूत कदम उठाना ही पड़ेगा जिससे इन महिलाओं की आबरू बचे और दैहिक मानसिक शारीरिक शोषण का शिकार ना होने पाए।

## युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्ट फोन व टैबलेट वितरण समारोह आयोजित

# डिग्री कॉलेज में छात्रों को मिला स्मार्टफोन

## डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा शिक्षक और शिक्षार्थी के संयुक्त प्रयास से ही अच्छी शिक्षा संभव

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

अटल बिहारी वाजपेई नगर निगम डिग्री कॉलेज सुरेन्द्र नगर लखनऊ में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्ट फोन व टैबलेट वितरण समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा की उपस्थिति रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने की साथ ही महाविद्यालय के प्रबंधक व नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह भी उपस्थित रहे। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत पहाड़ी नृत्य प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई। महाविद्यालय के प्रबंधक व नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का आश्वासन दिया। साथ ही कहा आधुनिक तकनीकी स्वरूप में ज्ञानार्जन के लिये मोबाईल फोन आवश्यक उपकरण हो



इस्माईलगंज डिग्री कॉलेज में छात्रों को स्मार्टफोन वितरित करते डॉ.दिनेश शर्मा व महापौर सुषमा खर्कवाल

रहा है। इस लिए कोई मोबाइल के अभाव से शिक्षा में वंचित न हो यही मुख्यमंत्री का उद्देश्य है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि हमारे छात्र तकनीक से वंचित न रहे एवं उत्तरोत्तर वृद्धि करे। हमारे विद्यालय के छात्र समाज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे और हमारी ओर से विद्यालय की शिक्षा , विकास के प्रति हर संभव प्रयास किया जायेगा। पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने कहा शिक्षक और शिक्षार्थी के संयुक्त प्रयास से ही अच्छी शिक्षा संभव है। सरकार द्वारा सांस्कृतिक, खेल, स्मार्ट क्लास, स्कॉलरशिप, अभ्युदय योजन, कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि बहुत सारी निशुल्क योजनाएं संचालित हैं। महाविद्यालय के स्नातक अंतिम वर्ष के 173 छात्रों को स्मार्ट फोन वितरित किए गए। कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, अपर नगर आयुक्त अमित बाजपेई, जोन 7 के जोनल अधिकारी मनोज यादव, स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि हरीश अवस्थी स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ ओम प्रकाश पाण्डेय सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# ईओ के खिलाफ धरने पर बैठे सभासद गिरफ्तार

**महराजगंज/रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

महराजगंज नगर पंचायत में सिर मुड़ाकर धरने पर बैठे 9 लोगों में से पुलिस ने 8 लोगों को शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सभी प्रदर्शनकारियों को उठाकर थाने ले आई। इसके बाद एसडीएम महराजगंज के सामने उन्हें जब पेश किया गया तो एसडीएम ने दो-दो लाखों रुपए के निजी मुचलके पर सभी प्रदर्शनकारियों को जमानत दे दी।



महराजगंज नगर पंचायत में अभी नई तैनात हुई अधिशासी अधिकारी अपर्णा मिश्रा की नियुक्ति के बाद इनका पहला चार्ज है।

सभासदों ने ईओ को हटाने की मांग को लेकर पहले बुधवार को सिर मुड़वाकर महराजगंज की मुख्य सड़क पर नारेबाजी की। उसके बाद सभासद और उनके प्रतिनिधि नगर पंचायत कार्यालय में अपर्णा मिश्रा को यहां से हटाने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए थे।

बृहस्पतिवार को पुलिस को यह सूचना मिली कि, धरने पर बैठे सभासद और उनके प्रतिनिधि कोई भी हंगामा काट सकते हैं, जिससे शांति व्यवस्था भंग होगी। इस सूचना पर कोतवाल श्याम कुमार पाल भारी फोर्स लेकर नगर पंचायत परिसर पहुंचे और धरना दे रहे लोगों से धरना समाप्त करने की अपील की। किंतु कोतवाल की बात का भी धरने पर बैठे लोगों पर कोई असर नहीं पड़ा, तो पुलिस ने जबरिया बैठे हुए लोगों को थाने ले आई और इन सब का शांति भंग की आशंका में धारा 151 सीआरपीसी के तहत गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

गिरफ्तार लोगों में सभासद उषा त्रिपाठी के पुत्र अमित त्रिपाठी, सभासद धनंजय वर्मा, मोहम्मद मुस्ताक, विनीत कुमार वैश्य, अलीम पुत्र रमजानी, नुरुल हसन पुत्र मोहम्मद इस्माइल, रामकुमार पुत्र जयराम, कमलेश कुमार पुत्र विनोद कुमार, इन 8 लोगों का चालान कर दिया।

चर्चा यह थी कि, गिरफ्तार लोगों को जमानत भी नहीं मिलेगी, उन्हें जेल भेज दिया जाएगा। लेकिन भाजपा के कुछ प्रभावशाली नेताओं ने एसडीएम रजित राम गुप्ता से मिलकर उनको आश्वस्त कराया कि, भविष्य में गिरफ्तार किए गए लोग कोई ऐसा काम नहीं करेंगे जिससे शांति भंग हो।

इस पर भी एसडीएम ने कड़ा रुख अपनाते हुए सभी आठ लोगों को दो-दो लाखों रुपए के निजी मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया, तब जाकर मामला शांत हुआ।

# मोहर्रम के त्योहार को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

दस दिन चलने वाले मोहर्रम के त्योहार को लेकर जिला प्रशासन एक्टिव मोड पर नजर आ रहा है मोहर्रम के पहले दिन पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी सीओ सिटी वंदना सिंह और शहर कोतवाल संजय त्यागी ने पुलिस टीम के साथ शहर के मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए प्रमुख कर्बलाओं का निरीक्षण किया मोहर्रम जुलूस के दृष्टिगत रूट निरीक्षण तथा बिजली व्यवस्था के संबंध में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान तजियादरों से वार्ता कर उन्हे शासन की गाइडलाइन से अवगत कराते हुये परमपरागत तरीके से मानक के अनुरूप उचित लंबाई चौड़ाई के ताजिया निकालने हेतु निर्देशित किया गया।



आपको बता दे की शहर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी और सीओ सिटी वंदना सिंह और शहर कोतवाल संजय त्यागी ने ताजिया जिस रोड से निकलना है उस रोड का भ्रमण करते हुए ताजियादारो से बात भी की और कहा की जब तक ताजिया कर्बला नही पहुंच जाएगी तब तक प्रशासन के द्वारा पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाएगा जिससे अराजक तत्वों पर नजर रखी जा सके वही सीओ सिटी ने कहा की हमेशा मोहर्रम का त्योहार रायबरेली जनपद मे शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ है और इस बार भी शांतिपूर्ण रूप से संपन्न होगा सीओ सिटी वंदना सिंह ने कहा की आप लोग अपना त्योहार करे रायबरेली प्रशासन आपके के साथ है

## खबरें एक नजर में

### किसान दिवस का आयोजन सम्पन्न

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** उप कृषि निदेशक रायबरेली की अध्यक्षता में कृषि विज्ञान केन्द्र दरियापुर सभागार जनपद रायबरेली में बुधवार को किसान बैठक दिवस आयोजन किया गया। किसान दिवस में उप कृषि निदेशक द्वारा किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के संबंध में बताया कि आगामी किस्ते उन्हीं किसानों को प्राप्त होगी जिनका ई-केवाईसी, भूलेख अंकन, आधार व बैंक खाते की सीडिंग पूर्ण होगी। साथ ही अपील की गयी कि किसानों द्वारा उक्त प्रक्रिया पूर्ण करा ली जाये। इसके लिये किसान भाई विकास खण्ड के बीज भण्डार अथवा उप कृषि निदेशक कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा किसान भाईयो को एफ0पी0ओ0 का गठन, उद्देश्य व कार्य, कृषि यंत्रों, प्रधानमंत्री फसल योजना, सोलर पम्प एवं मिलेट्स तथा दलहन व तिलहन के बीजों एवं मिनीकिट की उपलब्धता के बारे में जानकारी दी गयी। किसानों द्वारा कृषि विभाग द्वारा कृषि यंत्रों पर दिये जाने वाले अनुदान, डीबीटी की धनराशि व उर्वरक की उपलब्धता के बारे मे जानकारी करने पर उन्हें बताया गया कि धान बीज का वितरण हो चुका है. अनुदान की धनराशि शीघ्र ही किसानों के खाते में भेजी जाएगी तथा जनपद में उर्वरको की पर्याप्त मात्रा मे उपलब्ध है तथा जनपद में उर्वरको की कोई कमी नहीं है तथा श्री अन्न जैसे कोदो, सावा, मडवा, ज्वार, बाजरा के मिनीकोट नि:शुल्क उपलब्ध है जिसको इच्छुक किसानों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर वितरित किया जा रहा है। किसान दिवस में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी रायबरेली द्वारा पशु पालन विभाग, अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई खण्ड रायबरेली जनपद नहरों में पानी की उपलब्धता, उद्यान विभाग के निरीक्षक द्वारा उद्यान विभाग में संचालित योजनाओं तथा मत्स्य निरीक्षक द्वारा मत्स्य विभाग में संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना व अधिशाषी अभियन्ता नलकूप खण्ड द्वारा अपने विभाग की योजनाओं के बारे में किसानों को जानकारी दी गयी।

### लो वोल्टेज व विद्युत कटौती को लेकर ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी अधिशासी अभियंता को दिया प्रार्थना पत्र

**महराजगंज /रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में इन दिनों बिजली का कोई निश्चित रोस्टर नहीं है दिन में मुश्किल से 4 से 5 घंटे बिजली ही मिल पाती है बिजली की आवाजाही ने लोगों को जीना दूभर कर दिया है अघोषित कटौती क्यों हो रही है इसके बारे में कोई जिम्मेदार कुछ भी बताने को तैयार नहीं है ग्रामीण अंचल के उपभोक्ताओं को 8से 9घंटे बिजली मिल पा रही है हलोर फीडर पर सर्वाधिक 92 गांव के उपभोक्ताओं का लोड होने के कारण उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज की शिकायत रहती है विभाग के अधिकारियों की मनमानी के चलते अघोषित कटौती से उपभोक्ताओं में जहां रोष है वही क्षेत्र में इन दिनों विद्युत आपूर्ति की हालत बद से बदतर है कब बिजली आएगी कब जाएगी इसका कोई भरोसा नहीं है लो वोल्टेज की समस्या भी कोढ़ में खाज की तरह है आए दिन लाइनों में जर्जर तारों की वजह से होने वाले फाल्ट से पूरी की पूरी रात गांव के लोग अंधेरे में बिताने को मजबूर हैं शिकायतों के बाद भी कोई सुनने वाला नहीं है लोग प्रचंड गर्मी से जहां परेशान होते हैं वहीं धान की फसल की सिंचाई भी बाधित हो रही है लो वोल्टेज व विद्युत कटौती को लेकर गुरुवार को हलोर फीडर के उपभोक्ताओं ने हलोर फीडर व पराकला फीडर एक ही फीडर से चलने के कारण ओवरलोड व लो वोल्टेज की समस्या को लेकर उपखंड अधिकारी अधिशासी अभियंता महराजगंज को प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया और कहा कि अगर लो वोल्टेज व अघोषित कटौती को जल्द से जल्द ठीक नहीं किया गया तो हम हजारों लोगोंके साथ महराजगंज पावर हाउस का घेराव करेंगे। इस मौके पर धर्मवीर सिंह अमित सिंह इंद्रपाल सिंह पुत्तू ऋतुराज सिंह शिवबालक राजेश कुमार चेतन मिश्रा चंद्रमणि सिंह समर बहादुर आदि सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### सीएससी में 29 मानसिक रोगियों की स्क्रीनिंग

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** डीएमएचपी टीम के द्वारा नियमित रूप से मानसिक चिकित्सा इकाई ने हसनगंज सीएचसी में मन चेतना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 29 लोगो की स्क्रीनिंग की गई जिसमें 06 मानसिक रोगियों को डॉ. शोएब निशार (मेडिकल ऑफिसर) के द्वारा इलाज और मानसिक रोग विभाग के सदस्यो के द्वारा उचित सलाह दी गई। लोगों को मानसिक रोगों के संकेत एवं लक्षणों, सीएचसी मन चेतना दिवस, ओपीडी एवं जिला अस्पताल ओपीडी प्रोग्राम के बारे में बताया गया तथा लोगों को मानसिक रोगों के प्रति जागरूक गया एवं पेम्पलेट्स भी दी गयी। साथ में मन कक्ष की पूर्ण जानकारी दी गई।

### बाइक सवार ने ट्रक चालक से की मारपीट

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** माखी थाना क्षेत्र में बाइक सवार युवक ने ट्रक चालक को उतार लिया और उसके साथ मारपीट की जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफमुकद्दमा दर्ज कर उसके खिलाफकार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। असोहा थाना क्षेत्र के गुरुबक्शखेड़ा गांव निवासी जितेंद्र पाल पुत्र श्रीपाल हमीरपुर से मौरंग लादकर रसूलाबाद कस्बा ट्रेडर्स की दुकान पर खाली करने के लिए जा रहा था तभी वह चकलवंशी कस्बे से मियागंज मार्ग पर गाड़ी मोड़ने लगा। इसी बीच चकलवंशी कस्बा निवासी जितेंद्र पुत्र छुन्नू सामने से आ रहा था बिना किसी कारण के उसने ट्रक चालक को नीचे उतार लिया और उसके साथ गाली-गलौज करने लगा जब उसने बिरोध किया तो बेल्ट से उसकी पिटाई कर दी जिससे उसका सिर फट गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को पकड़ लिया और थाने ले गए। इस सम्बंध में थाना प्रभारी वीर बहादुर सिंह ने बताया कि चालक की तहरीर के आधार पर युवक के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर का किया निरीक्षण



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट परिसर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्य कर रही महिलाओं से बातचीत की तथा उनसे रोजगार संबंधित कार्यों को बढ़ावा देने को कहा। इसके अतिरिक्त उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित आईजीआरएस कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कलेक्ट्रेट भवन के सभी पटल पर जाकर कर्मचारियों से बातचीत की और उनके कार्यों के बारे में जानकारी हासिल की। साथ ही उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था भी देखी। इस दौरान एडीएम प्रशासन प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, सिटी मजिस्ट्रेट प्रकाश चन्द्र सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# उल्टी दस्त से परेशान हुए ग्रामीण, जांच करने पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

विकास क्षेत्र शिवगढ़ के निहाल खेड़ा मजरे सूरजपुर गांव में उल्टी दस्त से गांव के लगभग 3 दर्जन से अधिक लोग बीमार हो गए जैसे ही इसकी सूचना सीएचसी अधीक्षक शिवगढ़ को मिली उन्होंने तुरंत डॉक्टरों की टीम गठित कर गांव भेज कर मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका इलाज किया गया।गौरतलब हो कि गुरुवार को विकास क्षेत्र शिवगढ़ के निहाल खेड़ा मजरे सूरजपुर गांव निवासी बेचालाल को अचानक उल्टी दस्त शुरू हो गई कुछ ही देर बाद मोहल्ले के अन्य लोगों को भी उल्टी दस्त शुरू हो गई देखते ही देखते अपराहन 2:00 बजे तक गांव के अधिकतर लोग उल्टी और दस्त की बीमारी से परेशान हो गए जैसे ही इसकी सूचना ग्राम प्रधान सूरजपुर शिवेंद्र सिंह को हुई तो उन्होंने तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचकर पूरी जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ अमित कुमार सिंह को दी जानकारी मिलते ही सीएचसी अधीक्षक ने डॉक्टरों की एक टीम गठित करते हुए एंबुलेंस को निहाल खेड़ा गांव भेजा जहां पर पहुंचकर स्वास्थ विभाग की टीम ने उल्टी दस्त से परेशान फूलचंद्र, चंद्रकला, कलावती ,राज, शालिग्राम फूल दुलारी, कमलेशा ,अंकित ,सचिन ,आशीष सहित लगभग 3 दर्जन से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका इलाज किया साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव का भ्रमण कर लोगों को जिंक टेबलेट , ओ आर एस के साथ ही पेयजल की सफाई के लिए क्लोरीन टेबलेट और ब्लीचिंग पाउडर भी वितरित किया वही इसकी जानकारी देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ के अधीक्षक डॉ अमित कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा सूचना मिली थी कि गांव में लगभग 3 दर्जन से अधिक लोग अचानक उल्टी दस्त की बीमारी से परेशान हैं जिस पर 5 स्वास्थ्य कर्मियों( डॉ राकेश कुमार ,फार्मासिस्ट प्रमोद पांडे, अंकित पांडे, प्रशांत कुमार, हेल्थ सुपरवाइजर राजाराम) की टीम गठित कर गांव भेजकर लोगों का इलाज किया गया है प्रथम दृष्टया लगातार हो रही भीषण गर्मी ही इसका मुख्य कारण लगता है जिन लोगों को उल्टी दस्त हो रही थी उनका इलाज कर दिया गया है सभी मरीजों के हालात सामान्य हैं।



# डाक्टर ने छात्राओं को दी स्वास्थ संबंधी जानकारी

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

विद्या भारती विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महाराजगंज रायबरेली में कक्षा 9 से द्वादश तक की समस्त बहनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महराजगंज से आई हुई डॉक्टर मधु अवस्थी ने स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं के बारे में बताया साथ ही किशोरावस्था की समस्याओं से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया की इस विशेष अवधि में बहनों को अपनी दिनचर्या, खानपान तथा अन्य पथ्य अपथ्य का ध्यान रखने के लिए कुछ विशेष सुझाव दिए। उनके साथ आई स्टाफ नर्स सीमा प्रजापति ने बहनों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया डॉक्टर अवस्थी ने भी बहनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया दोनों के सुझाव के आधार पर साथ में आए फार्मासिस्ट इबरार अहमद ने औषधियों का भी वितरण किया। वसुधैव कल्याण फाउंडेशन के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में आदरणीय शिप्रा त्रिपाठी मुख्य अतिथि रहीं। जो इस फाउंडेशन की चेयर पर्सन एवं भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाती श्रीनिवासन की प्रमुख सचिव भी हैं। इस कार्यक्रम के आयोजन में जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा सुधा अवस्थी ने विशेष प्रयास किया।शिप्रा त्रिपाठी ने बहनों को सम्बोधित करते हुए उन्हें विशेष दिनों में करणीय तथा आदरणीय कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बहनों को बताया कि इन विशेष दिनों में प्रोटीन युक्त भोजन लेना चाहिए, अधिक से अधिक आराम करें और हमें सिर से नहीं नहाना चाहिए। महिला मोर्चा की अवध क्षेत्र की अध्यक्ष गोदावरी मिश्रा ने बहनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सभी को अच्छी सोच रखनी चाहिए, सकारात्मक चिन्तन से हमारा स्वास्थ्य ठीक रहता है। हम सभी को अपनी मां का विशेष ख्याल रखना चाहिए। क्योंकि मां के ऋण से हम कभी उऋण नहीं हो सकते। हम सृष्टि के सञ्चालन का मूल हैं, इसीलिए नारी को शक्ति की संज्ञा दी गई है।



### सांप के काटने से मासूम बच्चे की मौत

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** घर के अंदर सो रहे मासूम बच्चे की सांप काटने से हुई दर्दनाक मौत मामला मिल एरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूरे कुमेदान गांव का है जहां राजेंद्र कुमार का 13 वर्षीय पुत्र उत्कृष्ट घर के अंदर सो रहा था तभी बच्चे के पैर में सांप ने काट लिया सांप के काटने से बच्चा जोर जोर से चिल्लाने लगा बच्चे की चीख-पुकार सुनकर परिजन जब बच्चे के कमरे में गए तो बच्चे ने बताया कि उसके पैर में सांप ने काट लिया है परिजन आनन-फानन बच्चे को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई बच्चे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।



# अमरनाथ यात्रियों को फूल माला पहनाकर किया गया रवाना



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

दर्जनों अमरनाथ यात्रियों के जत्थे को फूल माला पहनकर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने किया रवाना। सावन का माह महादेव को सबसे प्रिय माह है इस माह में महादेव की पूजा अर्चना करने वाले भक्तों पर महादेव की विशेष कृपा होती है महराजगंज कस्बे से आज उधोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष अश्वनी सिंह उर्फ (पिंटू सिंह) एवं महामंत्री प्रिंशु वैश्य ने अमरनाथ यात्रियों के जत्थे को फूल माला पहनाकर स्वागत सम्मान करते हुए पवित्र यात्रा के लिए रवाना किया। वहीं इस मौके पर शिवभक्तों ने भूखे को अन्न प्यासे को पानी जय बाबा बर्फानी और हर-हर महादेव के जयघोष करते अमरनाथ के लिए रवाना हो गए।

# माटीकला बोर्ड के 6वें स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड के सदस्य सतीश चंद्र प्रजापति द्वारा बुधवार को माटीकला दिवस पर जिला ग्रामोद्योग कार्यालय रायबरेली में माटीकला बोर्ड के छठवें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर मा0 सदस्य जी के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संतोष गौतम द्वारा प्रजापति समाज के कुशल कारीगरों को विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी तथा उपस्थित लोगों शपथ दिलाई गई। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने माटीकला से संबंधित कार्यों की प्रगति से माटीकला बोर्ड के सदस्य को अवगत कराया गया।

# आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद ने की वृक्षारोपण महा अभियान की समीक्षा

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ व जनपद की नोडल अधिकारी मनीषा त्रिघाटिया ने बचत भवन सभागार में वृक्षारोपण महा अभियान की समीक्षा बैठक की। बैठक में आयुक्त त्रिघाटिया ने कहा कि वृक्षारोपण के लिए लोगों को जागरूक करें। गोवंश आश्रय स्थलों, सार्वजनिक स्थानों और सरकारी कार्यालयों में वृक्षारोपण करवाएं। पौधों को लगाने के साथ उनकी देखभाल भी करें। ऐसे पौधे लगाए जाएं जिन से पर्यावरण को कोई नुकसान ना हो। उन्होंने डीएफओ को निर्देश दिया की फलदार पौधों का भी रोपण किया जाए। बैठक का उद्देश्य जनपद में कराए जा रहे वृक्षारोपण कार्यो की प्रगति की समीक्षा करना था।



बैठक में जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में वृक्षारोपण के लिए जनप्रतिनिधियों की भी मदद ली जा रही है। इसके अलावा नेहरू युवा केंद्र, रोटरी क्लब, रेनकोट, मातृभूमि सेवा संस्थान, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भी मदद ली जा रही है। डीएफओ आशुतोष अग्रवाल ने बताया कि जनपद में वृक्षारोपण कार्यक्रम वृहद स्तर पर चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 22 जुलाई को 49,48542 और 15 अगस्त को 911858 वृक्षारोपण कराया जाएगा। जिसमें सभी विभागों की मदद ली जाएगी। इसके लिए वन विभाग द्वारा पर्याप्त मात्रा में नर्सरी तैयार की गई है। इसके अलावा उद्यान विभाग से भी पौधे लिए जा रहे हैं। वृक्षारोपण के अंतर्गत नंदन वन, ग्राम वन और आयुष वन की स्थापना की जा रही है। वृक्षारोपण के लिए लोगों को नि शुल्क पौधे उपलब्ध कराए जा रहे।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अंकिता जैन, नगर मजिस्ट्रेट प्रकाश चंद्र सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधिक साक्षरता जागरूकता का आयोजन सम्पन्न

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व राष्ट्रीय महिला आयोग, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/ जनपद न्यायाधीश रायबरेली तरुण सक्सेना जी के दिशा निर्देशन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली के द्वारा महिलाओं के हित संरक्षण कानून संबंधी विधिक साक्षरता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसी अभियान के क्रम में राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से तहसील सलोन के सभागार में महिलाओं के विधिक अधिकार विषय पर साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर जिला जज /सचिव उमाशंकर कहार द्वारा महिलाओं को विधिक अधिकार विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई महिलाओं के अधिकार कानून विषय पर जोर देते हुए उन्होंने बताया कि महिलाओं को सभी अधिकार प्राप्त है जो पुरुषों को हैं महिलाएं किसी भी क्रम में अधिकारों से वंचित नहीं रह सकती महिला अधिकारों के प्रति विधिक सेवा प्राधिकरण पूरी तरह से जागरूक है। मौलिक अधिकारों के साथ-साथ मौलिक कर्तव्य पर भी इस कार्यक्रम में चर्चा की गई। रिसोर्स पर्सन शैलजा सिंह ने महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न निशुल्क योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा उन्हें मानसिक विकास के प्रति सजग रहने हेतु प्रेरित किया तथा महिला हेल्पलाइन 181,1089 के बारे में भी जानकारी उपलब्ध कराई गई रिसोर्स पर्सन अलका सिंह राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उनका विधिक रूप से जागरूक होना आवश्यक है समाज के सभी क्षेत्रों में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर महिलाएं भी अपना योगदान दे रही हैं।



### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बिन्दा नगर चौकी के अंतर्गत आदर्श नगर में युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार मनीष पुत्र कामता प्रासद अपने माता पिता की मृत्यु के बाद आपने चाचा-चाची के यहां रहकर प्राईवेट नौकरी करता था। बुधवार रात को सभी परिजन छत के ऊपर सो गए तो देर नीचे कमरे में आकर पंखे के कुंडे से फांसी लगा ली। सुबह जब चाचा कमरे में जगाने पहुंचे तो देखा कि मनीष को फांसी के फंद्दे से लटका देख उनके होश उड़ गए। आनन-फानन में उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा।



# ब्लाक प्रमुख ने मृतक प्रधान के परिवार को भिजवाई राहत सामग्री

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

तहसील हसनगंज की ग्रामसभा अमोइया के प्रधान साहेबलाल की मौत से परिवार के भरण-पोषण का विकट संकट परिवार के समक्ष खड़ा हो गया है।

विगत दिवस ब्लाक प्रमुख मियांगंज ने परिवार के बीच पहुँचकर उन्हें पूर्ण मदद को आश्वस्त किया था। आज मियागंज ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र सिंह ने परिवार के भरण-पोषण हेतु छः माह का राशन भिजवाकर उनकी मदद की तथा आश्वस्त कराया कि भाजपा सरकार और एमएलसी रामचन्द्र प्रधान हर स्थिति में परिवार के साथ है, तथा उन्हें पूर्ण न्याय दिलाने के साथ उनकी हर संभव को मदद को आगे भी तत्पर रहूंगा।



दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जायेगा, उन्हें कठोर से कठोर सजा दिलाकर परिवार को पूर्ण न्याय दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

# 'इंडिया' की गुगली

मंगलवार के दिन भारतीय राजनीतिक परिदृश्य दिल्ली में एनडीए के 38 और बंगलुरू में विपक्ष के 26 दलों के सम्मेलनों से रोचक बन गया। कार्यक्रम के साथ मीडिया में भी खबरें समांतर चली। कहना कठिन है कि यह संयोग था या खबरों की दुनिया के लिये सुनियोजित प्रयास। बहरहाल, राजग ने संदेश दिया कि उसका ढांचा लोकतांत्रिक है और उसके बिछुड़े दल वापस लौट रहे हैं। बहरहाल, ये सम्मेलन दलों के संख्याबल का मुकाबला तो बन ही गया। एक बात तो तय है कि राजग से अलग हुए नीतीश कुमार के प्रयासों से पटना से शुरू हुआ विपक्षी एकता का अभियान अब सिरे चढ़ते नजर आ रहा है। कयास तो पहले ही लग रहे थे कि जब आम चुनाव में कुछ ही महीने बाकी हैं तो दो बार से बड़े बहुमत से मजबूत सरकार बना रहे राजग को चुनौती देने की विपक्षी कोशिश जरूर होगी। बहरहाल, पटना से बंगलुरू तक की यात्रा में विपक्षी एकजुटता में इतनी तरक्की तो हुई है कि गठबंधन को 'इंडिया' नाम मिल गया है। यानी विस्तार में इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव एलायंस नाम दिया है। जाहिर है विपक्षी थिंक टैंक ने एक गुगली राजग की तरफ उछाली है और 'इंडिया' शब्द का मनोवैज्ञानिक लाभ उठाने की कोशिश की है। हालांकि, विपक्षी एकता के सूत्रधार नीतीश कुमार गठबंधन के नाम में 'भारत' शब्द जोड़ने की वकालत कर रहे थे। इसी दिन दिल्ली में मोदी सरकार की दूसरी पारी में राजग की पहली बैठक का आयोजन और उसमें नये छोटे दलों का शामिल किया जाना बताता है कि विपक्षी एकजुटता को राजग हल्के में नहीं ले रहा है। एक बात तो तय है कि लोकसभा चुनाव तक राजग व साझा विपक्ष में मुकाबला दिलचस्प होने जा रहा है। जाहिरा तौर पर, बंगलुरू में विपक्षी दलों ने राजग पर आक्रमण के लिये उन मुद्दों को प्राथमिकता दी, जिन पर वे मोदी सरकार को घेरते रहे हैं। खासकर सांप्रदायिकता, महंगाई, लोकतंत्र की आधारभूत संस्थाओं की स्वायत्तता, बेरोजगारी और मणिपुर के मुद्दे पर राजग को घेरने की कोशिश हुई। जाहिर है लोकसभा चुनाव में ये मुद्दे विपक्ष के हथियार होने वाले हैं। बहुत संभव है कि आगामी मानसून सत्र में विपक्षी एकजुटता का असर संसद में भी नजर आए। हालांकि, राजग नेतृत्व दिखाने का प्रयास कर रहा है कि वे इन एकजुटता के प्रयासों को गंभीरता से नहीं लेते हैं। इतना ही नहीं भाजपा अपने मुख्य एजेंडे कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाने, अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने के बाद मानसून सत्र में समान नागरिक संहिता पर विधेयक लाने को प्रतिबद्ध नजर आ रही है। वहीं दिल्ली में राजग सम्मेलन से पहले गठबंधन से छिटके रामविलास पासवान के राजनीतिक वारिस चिराग पासवान, जीतनराम मांझी, ओमप्रकाश राजभर को जिस तरह राजग में शामिल किया गया, उसका मकसद जनता को यही संदेश देना है कि राजग के साथी बिखरे नहीं हैं। वहीं पूर्वोत्तर आदि के तमाम छोटे दलों को एनडीए में शामिल करके संदेश देने का प्रयास हुआ है कि राजग के साथ दलों की संख्या विपक्ष से ज्यादा है। कहीं न कहीं विपक्षी एकजुटता को लेकर राजग गंभीर तो नजर आने लगा है, भले ही वह इस बात को सार्वजनिक तौर पर स्वीकार न करे। बहरहाल बंगलुरू सम्मेलन को लेकर विपक्षी दल इस बात को अपनी उपलब्धि मान सकते हैं कि सोनिया गांधी की उपस्थिति में पटना सम्मेलन में अनमनी सी लग रही आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी तथा सपा की सक्रियता बता रही है कि विपक्ष अपने अस्तित्व के लिये एकजुटता को अपरिहार्य मान रहा है। तभी तो कई राज्यों में आमने-सामने रहने वाले राजनीतिक दल इस सम्मेलन में एक टेबल पर नजर आए। बहरहाल, कुछ कमेटियों व नीतियों पर तो विपक्षी दलों में सहमति भी बनी है, मगर अभी न्यूनतम साझा कार्यक्रम जैसे कई मुद्दों का निर्धारण होना है। साथ ही राज्यों में सीटों का बंटवारा भी एक चुनौती होगी। अभी लोकसभा चुनाव से पहले बहुत कुछ घटेगा। लेकिन तय है कि 2024 का समर रोचक होने वाला है। जिसे स्वस्थ लोकतंत्र के लिये सकारात्मक ही कहा जाना चाहिए।

# दिल्ली-कोलंबो अहम रिश्ते

आदित्य नारायण

**2022 की शुरुआत में श्रीलंका में लोगों को बिजली कटौती और ईंधन जैसी बुनियादी चीजों की कमी का सामना करना पड़ा। महंगाई का स्तर चरम पर पहुंच गया था। मुद्रास्फीति की दर प्रति वर्ष 50 प्रतिशत तक बढ़ गई थी। वहां बसों, ट्रेनों और चिकित्सा वाहनों जैसी जरूरी सेवाओं के लिए ईंधन की कमी हो गई थी। श्रीलंका के पास और आयात करने के लिए विदेशी मुद्रा का पर्याप्त भंडार नहीं था। ईंधन की कमी के कारण पैट्रोल और डीजल की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हुई थी। अप्रैल 2022 आते-आते लोगों का गुस्सा राजधानी कोलंबो में विरोध-प्रदर्शन के जरिए निकलना शुरू हो गया और देखते ही देखते ये विरोध प्रदर्शन पूरे देश में फैल गया था। अप्रैल-मई 2022 में श्रीलंका अपने इतिहास में पहली बार विदेशी ऋण पर ब्याज भुगतान करने में विफल रहा था। भारत से मिली सहायता की वजह से श्रीलंका को 6 महीने तक जीवित रहने में मदद मिली। अगर भारत ने श्रीलंका को मदद नहीं दी होती तो उसे एक और रक्तपात का सामना करना पड़ता। आर्थिक संकट के दौरान चीन और किसी अन्य देश ने उसकी मदद नहीं की। इतना ही नहीं भारत श्रीलंका को दिए गए कर्ज के पुनर्गठन के लिए भी तैयार हो गया है। भारत श्रीलंका में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने पर भी सहमत गया है। अब श्रीलंका कुछ सम्भला है। उथल-पुथल के एक साल बाद श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रम सिंघे भारत आ रहे हैं। दोनों देशों के राजनयिक रिश्तों के 75 वर्ष भी पूरे हो रहे हैं। श्रीलंका ने हाल ही में भारत को अपना सच्चा साथी कहकर चीन को बता दिया है कि श्रीलंका के लिए भारत सबसे अहम है। श्रीलंका के राष्ट्रपति की यात्रा से दोनों देशों में कई मुद्दों पर द्विपक्षीय वार्ता होगी जिससे संबंधों को नई दिशा मिलेगी। वैसे भी श्रीलंका को चीन के मकड़जाल से मुक्त कराना भारत की बड़ी कूटनीतिक सफलता है।**



भारत और श्रीलंका के संबंध सदियों पुराने हैं। श्रीलंका का 3 हजार वर्षों का लिखित इतिहास मौजूद है। हिन्दू प्राचीन कथाओं के अनुसार श्रीलंका को भगवान शिव ने बसाया था। श्रीलंका को भगवान शिव के पांच निवास स्थानों में से एक घर माना जाता है। शिव के पुत्र कार्तिकेय यानि मुरुगन यहां के सबसे लोकप्रिय हिन्दू देवताओं में से एक हैं। मुरुगन की पूजा यहां के न सिर्फ तमिल हिन्दू करते हैं बल्कि बोध, सिंहली और आदिवासी भी करते हैं। श्रीलंका के अलग-अलग स्थानों पर ऐसे कई मंदिर हैं जो हिन्दू और बोधों की साझा संस्कृति को दर्शाते हैं। रामायण दोनों देशों के बीच ऐसा संबंध स्थापित करती है जिसे कभी अलग नहीं किया जा सकता। श्रीलंका भारत का ही हिस्सा रहा है। अंग्रेजों के शासन ने फूट डालो और राज करो की नीति के तहत तमिल और सिंहलियों के बीच साम्प्रदायिक एकता को बिगाड़ा। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद 4 फरवरी, 1948 को श्रीलंका को पूर्ण स्वतंत्रता मिली। जब श्रीलंका आजाद हुआ तो अंग्रेज सत्ता सिंहलियों के हाथ में देकर चले गए और तमिलों को हाशिये पर धकेल दिया। तब से लेकर दोनों देशों के संबंध में बहुत उतार-चढ़ाव आते रहे लेकिन भारत ने हमेशा हर संकट की घड़ी में श्रीलंका की छोटे भाई की तरह मदद की। दोनों देशों में मतभेद होने के बावजूद दिल्ली-कोलंबो रिश्ते अहम बने रहे।

भारत ने पड़ोसी प्रथम की नीति अपनाते हुए हर समय संबंधों को मजबूत बनाने का ही काम किया लेकिन कुछ ताकतों ने दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट घोलने का काम किया। भारत और श्रीलंका के मध्य मतभेदों का एक मुख्य कारण श्रीलंकाई तमिलों के अधिकारों का रहा। श्रीलंका में लिट्टे के बनने की कहानी काफी हद तक वैसी ही है जैसे दुनिया के कई और देशों और भारत के कुछ हिस्सों में जमीन, संसाधन और बराबरी की मांग पर कई सशस्त्र विद्रोह हुए और अभी भी चल रहे हैं। यहां की लड़ाई मुख्य तौर पर सिंहली और श्रीलंकाई तमिलों के बीच रही है। सिंहली यहां की मूल प्रजाति है जो बौद्ध धर्म मानती है। तमिल हिंदू हैं और इनमें भी दो तरह के लोग हैं। एक तो वे जो सदियों से यहां रह रहे हैं और दूसरे, जिन्हें ब्रिटिश साम्राज्य के दौरान 19वीं और 20वीं सदी में चाय, कॉफी और रबर के बागानों आदि में काम करने के लिए दक्षिण भारत से ले जाया गया था। लिट्टे ही भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या का दोषी था। लिट्टे अब नेस्तनाबूद हो चुका है। यद्यपि श्रीलंका को चीन ने अपने कर्जजाल में फंसा कर उसे तबाही के कगार पर ला दिया और उसके बंदरगाह को कब्जा लिया जिसके बाद श्रीलंका के राजनीतिज्ञों को होश आया। जब-जब श्रीलंका पर संकट आया भारत ने अपने पड़ोसी होने के कर्त्तव्य को ध्निभाया। कोरोना महामारी के दौरान भारत ने श्रीलंका को कोरोना वैक्सीन और अन्य जरूरी दवाइयां भेजीं। भारत ने हमेशा ही श्रीलंका में खून-खराबा रोकने में भी कूटनीतिक तौर पर मदद की लेकिन 2022 का आर्थिक संकट श्रीलंका के लिए सबक सरीखा था। जब श्रीलंका दाने-दाने को मोहताज हो गया और वहां की जनता श्रीलंका संसद के बाहर खड़ी होकर हिसक रुख अपनाने लगी तो श्रीलंका के शासक देश में फैली अराजकता के बीच भागते नजर आए। तब उन्हें एहसास हुआ कि कर्ज ले-लेकर घी पीने का परिणाम क्या होता है। भारत ने तब अलग-अलग तरीकों से करीब 4 अरब डालर की मदद दी थी। भारत की ओर से दी गई वित्तीय सहायता अन्तर्राष्ट्रीय मुद्राकोष की कुल प्रत्याशित विस्तारित निधि सुविधा से कहीं ज्यादा थी।

मोदी सरकार ने बेहद ही मानवीय और संवेदनशील कदम उठाया। 2022 की शुरुआत में श्रीलंका में लोगों को बिजली कटौती और ईंधन जैसी बुनियादी चीजों की कमी का सामना करना पड़ा। महंगाई का स्तर चरम पर पहुंच गया था। मुद्रास्फीति की दर प्रति वर्ष 50 प्रतिशत तक बढ़ गई थी। वहां बसों, ट्रेनों और चिकित्सा वाहनों जैसी जरूरी सेवाओं के लिए ईंधन की कमी हो गई थी। श्रीलंका के पास और आयात करने के लिए विदेशी मुद्रा का पर्याप्त भंडार नहीं था। ईंधन की कमी के कारण पैट्रोल और डीजल की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हुई थी। अप्रैल 2022 आते-आते लोगों का गुस्सा राजधानी कोलंबो में विरोध-प्रदर्शन के जरिए निकलना शुरू हो गया और देखते ही देखते ये विरोध प्रदर्शन पूरे देश में फैल गया था। अप्रैल-मई 2022 में श्रीलंका अपने इतिहास में पहली बार विदेशी ऋण पर ब्याज भुगतान करने में विफल रहा था। भारत से मिली सहायता की वजह से श्रीलंका को 6 महीने तक जीवित रहने में मदद मिली। अगर भारत ने श्रीलंका को मदद नहीं दी होती तो उसे एक और रक्तपात का सामना करना पड़ता।

आर्थिक संकट के दौरान चीन और किसी अन्य देश ने उसकी मदद नहीं की। इतना ही नहीं भारत श्रीलंका को दिए गए कर्ज के पुनर्गठन के लिए भी तैयार हो गया है। भारत श्रीलंका में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने पर भी सहमत गया है। अब श्रीलंका कुछ सम्भला है। उथल-पुथल के एक साल बाद श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रम सिंघे भारत आ रहे हैं। दोनों देशों के राजनयिक रिश्तों के 75 वर्ष भी पूरे हो रहे हैं। श्रीलंका ने हाल ही में भारत को अपना सच्चा साथी कहकर चीन को बता दिया है कि श्रीलंका के लिए भारत सबसे अहम है। श्रीलंका के राष्ट्रपति की यात्रा से दोनों देशों में कई मुद्दों पर द्विपक्षीय वार्ता होगी जिससे संबंधों को नई दिशा मिलेगी। वैसे भी श्रीलंका को चीन के मकड़जाल से मुक्त कराना भारत की बड़ी कूटनीतिक सफलता है।

## विचार

# इंडिया से भारत की अपेक्षाएं

*आदित्य नारायण*

मंगलवार को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में 26 विपक्षी दलों ने इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूजिव एलाएंस- इंडिया के नाम से गठबन्धन बनाकर जहां अगले लोकसभा चुनाव में इकठ्ठे उतरने की तैयारी कर ली है, वहीं दूसरी ओर उसी दिन सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में सहयोगी दलों की बढ़ी हुई संख्या (38) के साथ राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबन्धन (एनडीए) ने भी 2024 के महासमर के लिये कमर कस ली है। एनडीए का उद्देश्य डिफेंडर के रूप में अपनी केन्द्र की सरकार को बचाये रखना है, तो वहीं दूसरी तरफ चौलेंजर के रूप में उतरा नवनिर्मित गठजोड़ इंडिया उससे सत्ता छीनकर नयी सरकार बनाने का दृढ़ निश्चय कर चुका है। पिछले लगभग एक साल के दौरान पुनर्जीवित हुई कांग्रेस के नेतृत्व में संयुक्त प्रगतिशील मोर्चे (यूपीए) में शामिल कई नयी-पुरानी साथी पार्टियां क्षेत्रीय संकीर्णताओं व व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं को परे रखकर लोकतंत्र के व्यापक हित में संयुक्त शक्ति बनने के उत्साह से लबरेज दिख रही हैं। इंडिया बनाम एनडीए में कौन किसे पटकनी देता है यह तो अगले साल के मध्य में होने वाला चुनाव ही बतलाएगा, लेकिन यही वह समय है जब इस बात को समझना होगा कि लोकतंत्र में भरोसा रखने वाली जनता और परिवर्तन का आतुरता से इंतजार कर रहा जनमानस इंडिया से कौन सी उम्मीदें लगाये बैठा है। पहले तो यह समझना होगा कि वे कौन से तत्व और कारक हैं जिनके कारण भारत के अधिसंख्य लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दो बार बनी सरकार से निराश हो गये हैं। पहला तो यह कि आर्थिक मोर्चे पर मोदी सरकार बेहद असफल रही है। विभिन्न गलत वित्तीय फैसलों ने भारत को गरीबी व बेरोजगारी के गहरे कुंए में ढकेल दिया है। विकास के विभिन्न पैमानों पर देश अंतरराष्ट्रीय सूची में लगातार फिसड्डी साबित हो रहा है। नोटबन्दी व जीएसटी के गलत फैसलों ने देश की आर्थिक तबाही का रास्ता पहले ही खोल दिया था, जिसके कारण कोरोना काल में हुई करोड़ों लोगों की और भी दुर्गति हुई। ऐसे में भी मोदी के कारोबारी मित्रों का सतत अमीर होते जाना भी लोगों ने देखा था।




जैसी आर्थिक असमानता देश में अभी बनी हुई है वैसी पहले कभी भी नहीं देखी गई। यूपीए सरकार ने 2004 से लेकर 2014 तक देश के करोड़ों गरीबों का जैसा विकास किया था, वह सारा मोदी सरकार ने निष्फल कर दिया। शिक्षा व स्वास्थ्य के गिरे हुए स्तर के साथ भारत के 80 करोड़ से ज्यादा लोग आज सरकारी अनाज पर जीवित हैं।

उत्तरदायित्वहीनता और अपारदर्शिता के साथ मोदी की पहचान आज एक निरंकुश राष्ट्राध्यक्ष के रूप में विश्व भर में होती है जो अपनी आलोचना को कतई बर्दाश्त नहीं करते। सरकार की आलोचना करने वाले विरोधी दलों के नेता, पत्रकार, बुद्धिजीवी, सामाजिक संगठनों के लोग या तो कानूनी कार्रवाई झेल रहे हैं या फिर प्रताड़ित हो रहे हैं। लोकतंत्र के चारों स्तम्भों को मोदी राज में एक-एक कर कमजोर कर दिया गया है। केन्द्रीय जांच एजेंसियों का बेछूट इस्तेमाल विरोधी दलों के नेताओं के लिये किया जा रहा है या फिर विपक्ष की सरकारों को गिराने में होता है। भ्रष्टाचार व वंशवाद को मिटाने के नाम पर पहले तो मोदी, भाजपा व उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ करता रहा। लोगों के ब्रेन वॉश करने से सरकार को अपनी कार्रवाई का औचित्य सिद्ध करने में मदद मिली। हालांकि अब जनता इस खेल को समझ गई कि राष्ट्रवाद व देशभक्ति के नाम पर ये संगठन केवल धन कमाने में लगे हैं- वह भी जनता की जेब से पैसे उगलवा कर। देश के वे लोग जो भारत को एक समावेशी समाज के रूप में देखते हैं, वे विशेष तौर पर निराश हैं क्योंकि देश का सामाजिक ताना-बाना पिछले 9 साल में पूरी तरह से तार-तार हो गया है। साम्प्रदायिकता, जातिवाद, अगड़े-पिछड़ों की लड़ाई, परस्पर नफरत, अल्पसंख्यकों के विरुद्ध हिंसा की खुले आम वकालत आदि के चलते देश में कानून-व्यवस्था का राज ढह गया है। सत्ता से जुड़े लोग कानून को ठेंगा दिखा रहे हैं और न्याय गरीबों, वंचितों, शोषितों की पहुंच से दूर है। एक ओर तो आम जनता के अपने दुख-दर्द बढ़े हैं वहीं भाजपा विरोधी राजनैतिक दल व सरकारें देश में संघीय ढांचे के ध्वस्त हो जाने से परेशान हैं। कांग्रेस मुक्त या विपक्ष मुक्त भारत, डबल इंजन सरकार आदि जैसी लोकतंत्र विरोधी अवधारणाओं को लोकप्रिय नारों में बदला गया। विरोधी दलों की सरकारों को गिराने के लिये ऑपरेशन लोटस जैसे कुत्सित अभियान चलाए गए। इन गैर-लोकतांत्रिक तरीकों से देश के सभी राज्यों में भाजपा की अपने एकाधिकार की बढ़ती मंशा ने विभिन्न विरोधी दलों को एक मंच पर खड़ा कर दिया है। ऐसे में उन्हें भी यह जानना होगा कि जनता भाजपा के खिलाफ इस गठबन्धन की एक स्थिर सरकार तो चाहती ही है, आने वाले समय में उसे 2014 के पहले वाला वही समावेशी व न्यायपूर्ण भारत चाहिये जो महात्मा गांधी की अहिंसा, नेहरू के विकासवाद तथा संविधान निर्माता बीआर अंबेडकर की समरसता व धर्मनिरपेक्षता में यकीन रखता हो। इंडिया को यही सुनिश्चित करना होगा।

## साहित्य | झरोखा



# तेरे सजदे में सिर झुका ...

**दीपक सिंह**

तेरे सजदे में सिर झुका नमन है
तुझे दिल से हजारों सलाम कर दूँ।
लिपटा तू तिंरगे से भारत का शौर्य
तेरे अद्भुत साहस का जयगान कर दूँ।।


लाल कहता है माँ अपनी,
जिंदगी तेरे नाम कर दूँ।
पिता कहता है एक बेटा,
क्या दूसरा कुर्बान कर दूँ।।
भारत की नारी ये कहती
बेवा हुई तो गम नहीं।
सौ पुत्र मेरे हों तो,
सवा अरब के नाम कर दूँ।।

बिचलित वेदना सी मैं



ये दर्द कहा बयान कर दूँ।
पूछती है ऐ सियासत
क्या तुझपर इल्जाम कर दूँ।।
बहनों ने जिस कलाई पर
बाँधी राखी,
वो शरीर टुकड़ों में है,
मैं कैसे पहचान कर दूँ।।

तेरे सजदे में सिर झुका नमन है
तुझे दिल से हजारों सलाम कर दूँ।
लिपटा तू तिंरगे से भारत का शौर्य
तेरे अद्भुत साहस का जयगान कर दूँ।।



# राशिफल

**मेष:-** आज आप सांसारिक बातें भूलकर आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में संलग्न रहेंगे। गहरी चिंतनशक्ति आपके मानसिक भार को हल्का करेगी। बोलने पर संयम रखने से अनर्थ से बच जाएंगे।

**वृषभ:-** आप जीवनसाथी की निकटता का सुख प्राप्त कर सकेंगे। परिवार के साथ सामाजिक समारोह में बाहर घूमने या पर्यटन पर जाएंगे और आनंद में समय व्यतीत होगा।

**मिथुन:-** अधूरे कार्यों की पूर्णता के लिए आज का दिन शुभ है। परिवार में आनंद और उल्लास रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। कार्यों में यश और कीर्ति मिलेगी। नौकरीपेशा वालों को लाभ होगा।

**कर्क:-** अच्छे मन से दिन व्यतीत करने की गणेशजी सलाह देते हैं, क्योंकि आज का दिन शारीरिक और मानसिक रूप से उद्वेगपूर्ण रहेगा। पेट दर्द परेशान करेगा। धन खर्च की संभावना है।

**सिंह:-** आज मानसिक अस्वस्थता रहेगी। मनमुटाव की स्थिति आएगी। माताजी की तबीयत खराब हो सकती है। नकारात्मक विचारों से हताशा उत्पन्न होगी।

**कन्या:-** बिना विचारे साहस करने के प्रति गणेशजी चेतावनी देते हैं। भावनात्मक सम्बंध स्थापित होंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों का डटकर सामना करेंगे।

**तुला:-** आज की मानसिक वृत्ति नकारात्मक रहेगी। क्रोध आवेश में वाणी पर संयम खोने से पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होगा। अनावश्यक खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य खराब होगा।

**वृश्चिक:-** आज का दिन शुभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ खुशी से समय बीतेगा। धन लाभ का योग है।

**धनु:-** क्रोध के कारण पारिवारिक सदस्यों के साथ सम्बंध बिगड़ेंगे। आपकी वाणी और व्यवहार झगड़े का कारण बन सकते हैं। दुर्घटना से बचें। बीमारी के पीछे धन खर्च होगा।

**मकर:-** आज का दिन हर क्षेत्र में लाभदायक है। स्नेहीजनों और मित्रों से मिलना होगा। प्रिय व्यक्तियों के साथ मुलाकात रोमांचक रहेगी। व्यापार-धंधे में आय वृद्धि होगी।

**कुंभ:-** हर कार्य सरलतापूर्वक हल होंगे और उनमें सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में अनुकूल परिस्थिति बनेगी। सरकारी कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। स्वास्थ्य बना रहेगा। धन प्राप्ति का योग है।

**मीन:-** आज के दिन की शुरुआत भय के साथ होगी। शरीर में सुस्ती और थकान रहेगी। कोई भी कार्य पूरा न होने पर हताशा होगी। भाग्य साथ न देता हुआ प्रतीत होगा। व्यर्थ में पैसे खर्च होंगे।

# संसद के सावन सत्र की चुनौती

आज से संसद का 'सावन' सत्र (मानसून सत्र) शुरू हो रहा है जो केवल 20 दिन का 17 बैठकों वाला होगा। हम पिछले कुछ वर्षों से देख रहे हैं कि किस प्रकार संसद के सत्र छोटे पर छोटे होते जा रहे हैं और साल में संसद बामुश्किल 55 या 56 दिन के लिए ही बैठती है और उसमें भी सार्थक चर्चा होने के स्थान पर सत्ता व विपक्षी खेमों के बीच एक-दूसरे के ऊपर आरोप-प्रत्यारोपों की बौछार होती रहती है और भारी शोर-शराबा मचता रहता है या बैठकें बार-बार स्थगित होती रहती हैं।

भारत पूरी दुनिया में संसदीय प्रणाली का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है और इसके बावजूद इसकी संसद की हालत ऐसी हो गई है कि 17वीं लोकसभा का कार्यकाल पूरा होने में अब केवल मुश्किल से नौ महीने ही बचे हैं मगर इसे अभी तक अपना उपाध्यक्ष ही नहीं मिल पाया है। इसे हम यदि ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में देखें तो यह बहुत बड़ी विडम्बना है क्योंकि स्वतन्त्र भारत का संविधान लिखने वाले बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ने ही बहुत स्पष्ट शब्दों में घोषणा की थी कि संसद पर पहला अधिकार विपक्ष का होता है क्योंकि वह अल्पमत में होता है मगर उसी जनता का प्रतिनिधित्व करता है जिसका प्रतिनिधित्व बहुमत का सत्ताधारी दल करता है। अतः विपक्ष द्वारा उठाये गये मुद्दों और विषयों पर विशद चर्चा कराना सत्ताधारी दल का नैतिक कर्त्तव्य बन जाता है। मगर हम तो देखते आ रहे हैं कि पिछले सत्र में जिस प्रकार एक के बाद एक विधेयक बिना चर्चा के ही संसद के दोनों सदनों के भीतर भारी शोर-शराबे के बीच पारित होते रहे यहां तक कि चालू वित्त वर्ष के वजट को भी बिना किसी चर्चा के ही ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। हम भंयकर गलती कर रहे हैं क्योंकि हम उसी संसद को अप्रासंगिक बनाने का प्रयास कर रहे हैं जिसके साये में इस देश का पूरा निजाम चलता है और जिसमें बैठे हुए आम जनता के प्रतिनिधि आम लोगों से ताकत लेकर उसे चलाने की जिम्मेदारी उठाते हैं और इस मुल्क के हर तबके के लोगों का जीवन स्तर सुधारने के लिए नीतियां बनाते हैं। भारतीय संविधान के तहत संसद को सार्वभौम इस तरह माना गया है कि इसे नये कानून बनाने का भी अधिकार है, बशर्ते वे कानून संविधान की कसौटी पर खरे उतरते हैं जिनकी तसदीक करने का हक सर्वोच्च न्यायालय को दिया गया है। इसलिए संसद को सुचारू रूप से चलाने की जिम्मेदारी सत्ता पक्ष को ही दी गई और इसके लिए ऐसी सुगठित व्यवस्था की गई कि केन्द्र सरकार में एक पृथक संसदीय कार्य मन्त्रालय तक



सृजित किया गया। मगर हमने पिछले सत्र में देखा कि खुद सत्तापक्ष के ही सांसदों ने संसद को नहीं चलने दिया और पूरा सत्र व्यर्थ ही चला गया।

संसदीय कार्यमन्त्री का मुख्य कार्य विपक्ष के साथ संवाद कायम करके संसदीय कामकाज को सामान्य तरीके से चलाने का होता है। मगर इसके साथ ही दोनों सदनों के सभापतियों की भी यह जिम्मेदारी होती है कि वे संसद की कार्यवाही को चलाने के लिए संसदीय कार्यमन्त्रणा समितियों से लेकर विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं की सहृदयता प्राप्त करने का प्रयास करें। इसी वजह से हमारे संविधान निर्माताओं ने संसद को पूरी तरह स्वतन्त्र व स्वायत्तशासी संस्था का स्वरूप दिया और लोकसभा अध्यक्ष की स्वतन्त्र सत्ता इस प्रकार स्थापित की कि सरकार का किसी भी प्रकार का दखल इसके कामकाज में न रहे। लोकसभा अध्यक्ष के आसन को भारतीय लोकतन्त्र की सांस्कृतिक परंपरा में 'विक्रमादित्य का आसन' माना जाता है जिस पर बैठते ही व्यक्ति अपने-पराये का भेद भुला कर केवल न्याय का संरक्षक बन जाता है। हमने यह खुद देखा है कि जब इस आसन पर 'सभापति पैनल' में चयनित कोई विपक्ष का सांसद बैठता है तो वह किस प्रकार सबसे पहले उत्तेजित विपक्षी सांसदों को ही शान्त रहने की ताईद करने लगता है। यही तो हमारे लोकतन्त्र की खूबी है। जिसका लोहा पूरी दुनिया मानती आयी है। सावन या मानसून सत्र प्रायः छोटा ही होता आया है जो बजट के ग्रीष्मकालीन सत्र व सर्दियों के शीतकालीन सत्र को जोड़ने वाली कड़ी के रूप में देखा जाता है। अतः इसका उपयोग भी बहुत सावधानीपूर्वक करने की परंपरा रही है। संसद में हम अगर सार्थक बहस या रचनात्मक चर्चा को ही टालने का प्रयास करेंगे तो आम जनता में जनप्रतिनिधियों के बारे में जो सन्देश जायेगा वह संसद की गरिमा के हक में नहीं होगा क्योंकि हर पांच साल बाद तो हर पार्टी का प्रत्याशी जनता से बड़े-बड़े वादे करके ही वोट यह कह कर पाता है कि वह लोकसभा में पहुंच कर आम जनता का दुख-दर्द व उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा करेगा और राष्ट्र की नीतियों के निर्माण में अपना योगदान देगा।

संसद का हर सत्र शुरू होने से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाने की रस्म भी पूरी कर दी जाती है और घोषणा कर दी जाती है कि इसे सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी पार्टियां सहयोग करेंगी मगर इसके बैठते ही नतीजा 'ढाक के तीन पात' निकलता है। यदि संसद ने केवल बिना बहस कराये ही भारी शोर-शराबे के बीच ध्वनिमत से ही विधेयक पारित कराने हैं तो संसद की क्या प्रासंगिकता रहेगी। हमें ध्यान रखना चाहिए कि हमारे लोकतन्त्र में संसद के सत्र कोई समारोह नहीं हैं बल्कि हमारी प्रशासनिक व्यवस्था की अन्तरंग प्रणाली हैं क्योंकि संसद केवल वाद-विवाद का प्रतियोगिता स्थल नहीं होती बल्कि लोकहित व राष्ट्रहित में फैसला करने का सबसे ऊंचा मंच होती है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# पीएम के बाद चारों शवों के पहुंचने पर गांव में मचा कोहराम



सिद्धौर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

**बीते** बुधवार को सफदरगंज थाना क्षेत्र में हादसे का शिकार हुए चारों लोगों के शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचने पर कोहराम मच गया ।पीड़ित स्वजनों और रिश्तेदारों के करुण क्रंदन से हर किसी की आंखे नम हो गई ।बाद में सैकड़ों नम आंखों के बीच एक साथ अलग-अलग चिताओं पर चारों शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। बताते चलें कि असंद्रा थाना क्षेत्र के पंडित पुरवा मजरे टांडा गांव निवासी विजय बहादुर पुत्र बुद्धू परिवार के अन्य लोगों के साथ बीते बुधवार को ई रिक्शा से सफदरगंज थाना क्षेत्र के पूरे छब्बा शुकुल गांव निवासी अपने बहनोई की मौत पर उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने गया था ।अंतिम संस्कार के बाद सभी लोग उक्त ई रिक्शा से वापस लौट रहे थे ।रास्ते में सफदरगंज थाना क्षेत्र में लखनऊ अयोध्या राजमार्ग पर रोडवेज बस ने ई रिक्शा में पीछे से टक्कर मार दी थी ।इस हादसे में विजय बहादुर 40 पुत्र बुद्धू जगराना 51 पत्नी कल्लू चंदारा 75 पत्नी फुलेराज और पिंकी 35 पत्नी दयाशंकर की मौत हो गई थी ।हादसे में घायल हुए मिठाई लाल , मायारानी , रामकुमारी कल्लू और मृतक विजय बहादुर की पत्नी का ट्रामा सेंटर लखनऊ में उपचार चल रहा है ।जबकि उमाशंकर की मासूम पुत्री महक को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई ।

### शव गांव पहुंचते ही मचा कोहराम

पोस्टमार्टम के बाद हादसे में मारे गए चारों शवों के गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया ।पीड़ित परिजन दहाड़े मारकर रोने लगे ।परिजनों के करुण क्रंदन से मौके पर मौजूद हर किसी की आंखे नम हो गई ।बाद में सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में गांव के बाहर गोमती नदी के तट पर चारों शवों का एक साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### राज्यमंत्री ने जताया शोक

प्रदेश के खाद्य रसद राज्यमंत्री क्षेत्रीय विधायक सतीश चंद्र शर्मा ने हादसे पर गहरा दुःख जताया है ।हादसे की जानकारी मिलते ही राज्यमंत्री ट्रामा सेंटर लखनऊ पहुंचे जहां भर्ती घायलों का हालचाल लिया और घायलों का बेहतर इलाज करने का निर्देश दिया ।पीड़ित परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया तथा उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया ।हादसे के बाद गुरुवार को एसडीएम रामसनेहीघाट राम आसरे वर्मा ने पंडित पुरवा गांव पहुंचकर पीड़ित परिजनों से मुलाकात की और उन्हें शासन की ओर से आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

# खुले आसमान के नीचे महिला अपने पांच बच्चों के साथ गुजार रही जीवन

- छप्पर नुमा झोपड़ी बारिश में हो गई धराशाई, नही मिली कोई सहायता

हैदरगढ़ बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

लगभग एक पखवारा पूर्व हुई तेज बारिश में महिला किसान नेता का छप्पर युक्त मकान धराशाई हो गया जिसके बाद महिला अपने छोटे-छोटे 5 बच्चों के साथ खुले आसमान के नीचे जीवन यापन के लिए विवश है हल्का लेखपाल सहित अधिकारियों को कई बार अवगत कराने के बाद भी पीड़ित परिवार को कोई आर्थिक सहायता नहीं प्राप्त हो सकी है।

विकासखंड त्रिवेदीगंज अंतर्गत आने वाली बहुता ग्राम पंचायत के पितवाखेर गांव निवासी भूमिहीन अनिल सिंह जहां गुजरात राज्य में मेहनत मजदूरी करके परिवार के लिए संसाधन जुटा ते हैं वही उनकी पत्नी सुमन सिंह अपने 5 नाबालिग बच्चों



के साथ गांव में छप्परनुमा घर में गुजर-बसर करती थी जुलाई के पहले हफ्ते में हुई तेज बारिश के दौरान उनका छप्परनुमा घर धराशाई हो गया जिसके मलबे में दबकर महिला एवं उसके दो बच्चे घायल भी हो गए थे। जिसकी सूचना उसने हल्का लेखपाल के साथ- साथ उप जिलाधिकारी को भी दी और आर्थिक सहायता के साथ-साथ आवास की सुविधा उपलब्ध कराए जाने की गुहार लगाई। फिर भी आज तक ना तो हल्का लेखपाल द्वारा मौके का सर्वेक्षण किया गया और ना ही किसी प्रकार की सहायता ही उपलब्ध कराई गई है। आज एक बार पुनः महिला ने उप जिलाधिकारी से मिलकर जांच करा कर परिवार की गुजर-बसर के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने एवं सरकार की मंशा के अनुरूप पक्की छत उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराने की गुहार लगाई है।

# घर में घुसा विशालकाय अजगर, मचा हड़कंप

हैदरगढ बाराबकी। समृद्धि न्यूज

**सुबेहा** थाना क्षेत्र के फूलशाह गढी मजरे अहिरगाव ग्राम मे उस समय हड़कंप मच गया जब एक घर मे अचानक विशाल काय अजगर घुस गया। इस दौरान घर मे अफरा तफरी मच गयी और डरे हुए परिजन घर से बाहर निकल आये।

गुरुवार की सुबह गांव निवासी संजय सिंह के घर मे अचानक विशालकाय अजगर घुस गया । कमरे मे घुसे सांप पर परिजनो की नजर जैसे ही पडी वैसे ही घर के सभी सदस्य डर गये । और घर से बाहर निकल आये । संजय सिंह ने इसकी जानकारी वन दरोगा अनुज सिंह को दी। श्री सिंह के निर्देश पर यहां अपने सहयोगियों के साथ पहुंचे। वनकर्मी राजकुमार सिंह ने कड़ी मशक्कत के



बाद अजगर को अपने कब्जे में ले लिया। जिसके बाद दहशत में आए लोगों ने चैन की सांस ली। वन दरोगा अनुज सिंह ने बताया कि कब्जे में लिए गए अजगर को पकड़ कर जंगल में छुड़वा दिया गया है।

## पीड़ितों को न्याय और अपराध मुक्त समाज की स्थापना होगी प्राथमिकताः नवागत थाना प्रभारी

**गोला,गोरखपुर।** गोला थाने के नवागत थाना प्रभारी धीरेंद्र कुमार राय ने गुरूवार को थाने पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। जबकि यहां के थाना प्रभारी रहे अश्वनी तिवारी को लाइन में भेज दिया गया है। नवागत थाना प्रभारी ने कार्यभार संभालने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। अपराध मुक्त समाज की स्थापना की पूरी कोशिश की जाएगी और पीड़ितों को हर हाल में न्याय मिलेगा। पुलिस और पब्लिक के बीच समन्वय बरकरार रखते हुए अपराधियो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नवागत थाना प्रभारी ने कार्यभार संभालते ही स्टाफ की बैठक करके संवेदनशील क्षेत्रों में रात्रि की गश्त बढ़ाने और शिकायत लेकर आने वाले पीड़ितों की सुनवाई करने के निर्देश दिया।

# इंटरलॉकिंग सड़क का ब्लॉक प्रमुख ने किया लोकार्पण

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** ग्राम पंचायत परसा में क्षेत्र पंचायत निधि से बनवायी गई इंटर लाकिंग का लोकार्पण ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा ने फीता काट कर किया। लगभग 10 लाख रुपए की लागत से 210 मीटर इंटर लाकिंग निर्माण तारावती के दरवाजे से राधेश्याम के मंदिर तक कराया गया है। यहां के ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग के बन जाने से गांव के लोगों को काफी सुविधा हो गई है। लोकार्पण समारोह के दौरान लोगों ने ब्लाक प्रमुख के रूप में सफलता पूर्वक दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर उन्हें शुभकामनाएं भी दी। इसके बाद ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा ने ब्लाक प्रमुख के रूप में अपने दो वर्ष के कार्यकाल में क्षेत्र में कराए विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि 34 ग्राम पंचायतों में लगभग 5500 मीटर इंटर लाकिंग एवं 12 ग्राम पंचायतों में 3900 मीटर खडंण्जा निर्माण के साथ ही 19 ग्राम पंचायतों में लगभग 3450 मीटर नाली का निर्माण कराया गया है। इसके अतिरिक्त ब्लॉक परिसर में स्व- बेनी प्रसाद वर्मा सभागार व प्रमुख कक्ष का सौंदर्यीकरण तथा टीएचआर प्लांट के लिए ग्राम पंचायत करोरा में नये भवन का निर्माण और ग्राम पंचायत सिरौलीगौसपुर में बने पार्क का सौंदर्यीकरण भी क्षेत्र पंचायत द्वारा कराया गया है। इसके साथ ही ब्लाक प्रमुख ने संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी वर्षों में भी क्षेत्र पंचायत से पारित प्रस्ताव के आधार पर प्राथमिकता के साथ विकास कार्य कराए जाएंगे। इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत सदस्य असीम कुमार श्रीवास्तव, सुधांशु वर्मा, मैनुद्दीन, अंकित कुमार, ग्राम प्रधान शोभा वर्मा, उमेश कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### तीन दिवसीय तीन रोजा जलसा शुहदा ए इस्लाम का हुआ भव्य आयोजन

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** शुहदा ए इस्लाम कमेटी द्वारा नगर के घोसियाना वार्ड स्थित वसीम घोसी के मैदान में तीन दिवसीय तीन रोजा जलसा शुहदा ए इस्लाम का भव्य शुभारंभ बहराइच से पधारे हजरत मौलाना मुफ्ती अ रहीम साहब एवं आजमगढ़ से पधारे इस्लामिक शायर असद आजमी साहब के द्वारा हुआ। इस अवसर पर मुफ्ती रहीम साहब ने कहा कि इस्लामिक नव वर्ष दुनिया भर के मुसलमानों के लिए एक महत्वपूर्ण छुट्टी है। यह चिंतन, प्रार्थना और उत्सव का समय है। इस दिन कई मुसलमान विशेष प्रार्थनाओं और सभाओं में भाग लेंगे। वे जरूरतमंदों को दान भी दे सकते हैं। इस्लामिक नव वर्ष नई शुरुआत करने और इस्लाम के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करने का समय है। असद आजमी साहब ने भी अपने इस्लामिक गजलों और शायरियों से वहां पर मौजूद सभी लोगों को अपनी और खूब आकर्षित किया। उन्होंने इस्लाम धर्म का बखान किया और अपने जीवन में अमल करने की अपील की। इस अवसर पर भांजे भाई हसीर खान मामून भाई सलमान भाई मोहम्मद शादाब कुरेशी अनवर भाई मोहम्मद शब्बीर कुरेशी नावेद लाला सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### दुद्धी मैं राष्ट्रीय व्यापार मेला बेस्ट आफ इंडिया एक्सपो का उद्घाटन चेयरमैन ने फीता काटकर किया

**दुद्धी सोनभद्र** । टाउन क्लब क्रिकेट मैदान दुद्धी पर राष्ट्रीय व्यापार मेला बेस्ट ऑफ इंडिया एक्सपो का उद्घाटन नगर पंचायत चेयरमैन कमलेश मोहन द्वारा फीता काटकर किया गया, । तत्पश्चात भगवान गणेश का पूजन अर्चन विधि विधान से किया गया द्य मेला आयोजन प्रबंधक अभिनव तिवारी व अजय उपाध्याय नें नगर पंचायत अध्यक्ष को बुकें साल भेंट सहित भाजपा कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया द्य तदुपरांत नगर पंचायत चेयरमैन दुद्धी कमलेश मोहन ने विहंगम सावन के मेले में लगे दुकानों का अवलोकन किया द्य मेले में महिलाओं एवं पुरुषों, बच्चों के लिए रेशमी, सूती जींस, चटाई पर्दे सहित विभिन्न प्रकार के कपड़े, सौंदर्य प्रसाधन का सामान, आयुर्वेद की जड़ी बूटी,अचार, जूते चप्पल, खिलौने,छोटे झूले आदि विभिन्न प्रकार के दुकानों से सजी मेला का अवलोकन उपरांत शुभकामनाएं चेयरमैन द्वारा ज्ञापित की गई द्य साथ में भारतीय जनता पार्टी जिला मंत्री दिलीप कुमार पांडेय एडवोकेट, मंडल महामंत्री मनीष जायसवाल,राजेश जायसवाल,प्रेम नारायण सिंह,सभासद निरंजन कुमार, धीरज जायसवाल, आमेश कुमार अग्रहरी, शाहिद अहमद, सभासद प्रतिनिधि आनंद कुमार अग्रहरि, मोहित अग्रहरी, अंका भारती, अन्नू शाह, सोनू खान आदि लोग मौके पर मौजूद रहे।

### दुद्धी तहसील क्षेत्र में बरसात ना होने से किसान और लोग परेशान

**दुद्धी सोनभद्र।** सावन के महीने में जेठ की तरह तेज धूप नेलोगों को घरों में कैद कर दिया है और पसीने से लोग लथपथ हो जा रहे हैं। देश के विभिन्न राज्यों में बाढ़ और पानी मैं लोगों को परेशानी में डाल दिया है वही तहसील क्षेत्र के किसान और आम नागरिक पानी की बरसात के लिए परेशान हाल है। क्षेत्र के किसान खेतों में धान की बीज डालकर आसमान में बादलों की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं कि इंद्र भगवान कब यहां बदरा बनके जोरदार बरसेंगे। बरसात न होने से धान के बीज सूखने के कगार पर धीरे-धीरे पहुंच जा रहे हैं और किसान खेतों के प्रति निराश होते नजर आ रहे हैं। कई राज्यों मैं तो बाढ़ के पानी में तबाही मचा दिया तो पानी के डर से भाग रहे हैं और इस क्षेत्र की दशा ऐसी हो गई है कि लोग पानी बिना परेशान हाल हैं। अगर यही स्थिति बनी रही तो किसान परेशान हाल हो जाएगा। कभी-कभी हल्की बारिश होकर और भी गर्मी उमस पैदा कर लोग पसीने साफ करते नजर आते हैं। किसान आसमान में नीले और साफ बादल देखकर सर पकड़ कर रख खेतों में बैठकर आसमान पर टकटकी लगाया है कि कब इंद्र भगवान की नजरें इनायत करेंगेऔर बादल से अमृत की बरसात होगा। क्षेत्र में पानी के बिना त्राहि-त्राहि मची हुई है। क्षेत्र के किसान लोग इंद्र भगवान से अच्छी बरसात की विनत कर रहे हैं। वहीं क्षेत्र की नदिया भी वीरान सी पड़ी हुई है। सावन और बरसात के इस मौसम में नदियों में बाढ़ का पानी देखने को मिलता था लेकिन इस समय कई नदी में जलधारा ही नहीं वहा रहा है।

### जानमाल की रक्षा के लिए एसपी से लगाई गुहार

**रामनगर बाराबंकी।** थाना रामनगर के अन्तर्गत ग्राम गोन्दौरा के निवासी आलोक मिश्र ने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर जान माल के सुरक्षा की गुहार लगायी है।उन्होने पुलिस अधीक्षक को दिये गये पत्र मे कहा है कि गाव के ही निवासी ललतेश मिश्र पुत्र कृपाशंकर मिश्र सरहंग और दबंग किस्म के आदमी है प्रार्थी के साथ गाली गलौज कर उसे डराया धमकाया करते है।सामाजिक रुप से बेइज्जत किया करते है।इनके पास अवैद्य असलहा भी है।अपनी छत से फायर भी करते है।उसे व्हाटसट पर असलहा सहित फोटो डालकर दहशत फैलाते का कार्य करते है।उन्होने दिये गये पत्र की जाचोपरान्त उचित कार्यवाही की माग की है।

### लेशिया में सम्मानित किये जायेंगे चिल्लुपार के लाल

**गोला तहसील** क्षेत्र के चादपार पठखौली गाव निवासी डाक्टर विवेक मिश्र को 17 अगस्त को मलेशिया मे हो रहे. डाक्टर हरदेव प्रसाद मेमोरियल अंतरराष्ट्रीय सेमिनार मे इन्हे भी गोरखपुर जनपद से सम्मानित किया जायेगा। डाक्टर मिश्र का गोरखपुर दाऊदपुर मे श्री गौरक्ष होम्योपैथिक सेन्टर व गोला क्षेत्र केफिराक नगर बनवारपार मे भी क्लिनिक है । प्राप्त समाचार के मुताबिक चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाला वैशाली जिले का एक मात्र होम्योपैथिक लेबोरेट्री केंट होम्योपैथिक लेबोरेट्री के नाम से जाना जाता है इसी के तत्वाधान में दिनांक 17/8 / 23 को मलेशिया में डॉ. हरदेव प्रसाद मेमोरियल अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस सेमिनार में बिहार राज्य सहित कई अन्य राज्यों के होम्योपैथिक चिकित्सको को सम्मानित किया जाएगा। उक्त जानकारी केंट होम्योपैथिक लेबोरेट्री के प्रबंध निदेशक श्री उत्पल कुमार ने दिया उत्पल ने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में एच. एम. ए. आई. के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्राचार्य केंट होम्योपैथिक महाविद्यालय के डॉ. जितेन्द्र कुमार जी मुख्य अतिथि के रूप मे शिरकत करेंगे। इसको लेकर काफी तैयारी की जा रही है। गोरखपुर से केवल डाक्टर विवेक मिश्र को नामित किया गया है। विवेक मिश्र को नामित होने पर क्षेत्र के लोगो मे काफीखुशी है। क्षेत्र के अगल बगल गाव के लोगो ने बताया की यह हम सब के लिए गौरव की बात है की हमारे गाव तथा क्षेत्र का लडका व डाक्टर मलेशिया मे सेमिनार के लिए चयनित किया गया।

# सपा कार्यकारिणी का हुआ विस्तार, रिजवान-संजय को जिला उपाध्यक्ष बनाया

मसौली बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

**समाजवादी** पार्टी के जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने अपनी जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए क्षेत्र के ग्राम बांसा निवासी रिजवान संजय को जिला उपाध्यक्ष एव कुड़वा बिरौली निवासी जैसीराम यादव को जिला सचिव बनाये जाने पर क्षेत्रीय लोगो ने बधाई दी है। जैदपुर विधायक प्रतिनिधि रिजवान संजय काफी समय से समाजवादी पार्टी के विभिन्न पदों पर रहे हैं और उन्होंने समाजवादी पार्टी के हर कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। इसी तरह कुड़वा बिरौली निवासी जैसीराम यादव ने हंमेशा सपा का झंडा बुलंद किया। सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए दोनो नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी देने पर लोगो ने हर्ष व्यक्त किया है। पूर्व प्रमुख यासिर अराफात किदवई, विधानसभा अध्यक्ष उबेद सानू ,अखिलेश यादव, पप्पू वर्मा, जगरूप वर्मा ,अवध राम वर्मा ,मिथलेश वर्मा ,ओम चंद यादव, मोबीन सिकंदर, मोहम्मद इकबाल सिद्दीकी, फकीर अली अंसारी, ताजुद्दीन अंसारी, नूर मोहम्मद ,मोहम्मद एखलाक अंसारी, रंजीत वर्मा ,नाजिम अली ,अवध राम वर्मा, केशव राम वर्मा, राजेंद्र यादव ,अजय वर्मा, उमाकांत यादव, लव कुश वर्मा, चंद्रप्रकाश राजवंशी, सुरेश वर्मा, मास्टर रूपनारायण वर्मा, अंकित वर्मा ,अभिषेक यादव ,पंकज यादव आदि ने बधाई दी है। वही मसौली चौराहे पर पूर्व प्रधान राममूर्ति यादव, विकास यादव, लल्ला यादव, दिलीप गुप्ता, मो0 अय्यूब, संदीप यादव, हरिराम यादव, उपदेश चौहान, बब्लू गौतम, सुनील गौतम, बब्बू सिंह, गुड्डू हसन , शकील अमदहा ने माला पहनाकर स्वागत किया।

# बड़ी मात्रा में एथेनॉल केमिकल डीजल कार सहित दो लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हैदरगढ़ बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

**थाना** लोनी कटरा पुलिस एवं आबकारी टीम द्वारा नकली डीजल बनाने के कारखाने का खुलासा करते हुए क्षेत्र में स्थित एक ढाबे से बड़ी मात्रा में एथेनॉल केमिकल डीजल कार सहित दो लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जबकि ढाबा मालिक फरार बताया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेश पर चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिला अधिकारी एवं जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के निर्देशन में बाराबंकी जिले में बीती रात लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर स्थित संदिग्ध ढाबों की चेकिंग की जा रही थी इसी अभियान के तहत छबील चौकी से 200 मीटर की दूरी पर थाना क्षेत्र के जौरास ग्राम में स्थित वृंदावन ढाबा पर चेकिंग अभियान चलाया चेकिंग के



दौरान ढाबे पर से 11 ड्रमों में भरा 2000 लीटर अवैध एथेनाल केमिकल एवं 5 ड्रम में भरा 665 लीटर अवैध डीजल आबकारी निरीक्षक हैदरगढ़ की टीम द्वारा पकड़ा गया। जिसके बाद पुलिस और आपूर्ति निरीक्षक को बुलाकर चेकिंग अभियान की कार्यवाही पूरी की गई इस अवसर पर ढाबा पर से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया जबकि ढाबा मालिक मौके से फरार हो गया पुलिस ने इस दौरान संदिग्ध पाई गई 3 कारों को भी सीज कर दिया हैं। इस मामले में थाना लोनी कटरा में आईपीसी की धारा 419, 420, 60, 62, 72 के अंतर्गत दो मुकदमा पंजीकृत करके अभियुक्तों को जहां जेल भेजा गया है वहीं बरामद डीजल आपूर्ति निरीक्षक को सौप कर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्यवाही के निर्देश दिए गये है। पता चला है कि पिछले काफी समय से इस ढाबे पर नकली डीजल बनाकर बेचने का गोरखधंधा चल रहा था।

# वेतन न मिलने की बात पूछने पर सविंदाकर्मी को बिजली विभाग द्वारा हटाया गया

चोपन/सोनभद्र। समृद्धि न्यूज

- मामला गरमाते देख अधिकारी डेमेज कंट्रोल में लगे साथी कर्मचारी को तत्काल किये गए कार्य का भुगतान होः सविंदाकर्मी
- मांगे पूरी नहीं हुई तो होगा आमरण अनशन

**विद्युत** उपकेंद्र चोपन में सविंदाकर्मी अपने साथी सविंदाकर्मी की समस्या को लेकर एकजुट हुए और सांकेतिक हड़ताल पर चले गए। साथी कर्मचारी चंद्र प्रकाश मौर्य जो कि चोपन में सविंदाकर्मी के रूप में कार्यरत है। जिनका पिछले 2 महीनों से वेतन नहीं मिला। जिससे उनके परिवार में आर्थिक संकट आने पड़ी। किसी तरह सविंदाकर्मी के रूप में कार्य कर वो अपना और अपने परिवार सहित 2 बच्चों का पेट पालते है। बताते चले कि चन्द्र प्रकाश मौर्य गिर्द पावर सिस्टम कंपनी के अंदर में सविंदाकर्मी के रूप में बतौर चोपन उप केंद्र में कर्मचारी के तौर पर कार्यरत है। मिली जानकारी के अनुसार चन्द्र प्रकाश मौर्य का पिछले 2 महीने का वेतन ठेकेदार की तरफ से नहीं मिला। बकौल सविंदाकर्मी इस विषय में जब ठेकेदार से पूछा गया तो वो संबंधित उपकेंद्र के जेई से बात करने की बात कहकर कन्नी काट लिए। जब जेई से बात की गई तो जेई ने नौकरी से निकालने की बात कही और कार्य पर न आने को कहा। बिना 2 माह का वेतन दिए और बिना पूर्व सूचना के किसी कर्मचारी को कैसे निकाला जा सकता है ये बड़ा सवाल है या फिर संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से ऐसा फैसला लिया गया। जैसे ही साथी बिजली कर्मचारी को निकालने की जानकारी हुई तो बात आग की तरह फैल गई। सभी सविंदाकर्मी



सांकेतिक हड़ताल पर चले गए। जिससे पूरा बिजली महकमा हिल गया। क्योंकि बिजली दुरुस्त करने के लिए कोई उच्च अधिकारी पोल पर नहीं चढ़ता। बिजली दुरुस्त तो सविंदाकर्मी ही करते है। उमस भरी गर्मी में हर एक घण्टे चोपन उपकेंद्र क्षेत्र में बिजली की समस्या होती रहती है। ऐसे में अगर संविदाकर्मियों की कार्य बहिष्कार लंबी अवधि तक चलती है तो विद्युत व्यवस्था पूरे क्षेत्र में चरमरा जाएगी। वही संबंधित अधिकारी व ठेकेदार एक दूसरे पर ठीकरा फोड़ रहे। ठेकेदार से बात करने पर उन्होंने कहा कि, सब को पेमेंट हो गया है। उसमें चोपन के एक सविंदाकर्मी का पेमेंट रूक गया है। क्योंकि विभाग की तरफ से एग्रीमेंट कम का हो गया है। किसी को निकाला नहीं गया है। जैसे ही अप्रूवल हो जाएगा सबका पेमेंट चला जाएगा। जब तक हमे अप्रूवल होकर मिलेगा नहीं तब तक हम पेमेंट देने में असमर्थ है। ठेकेदार ने ये भी कहा इस बात की जानकारी पहले से जेई और एसडीओ को है और उनका ही काम है अटेंडेंस बनाने का। विद्युत एमडी ऑफिस वाराणसी पर अप्रूवल पहुँचते ही रुका हुआ पेमेंट आ जायेगा। पूरे मामले पर जेई का कहना है कि ठेकेदार के अंदर 500 से ऊपर संविदा कर्मचारी है जिसमे लगभग 37 लोगों का वेतन नहीं आया। फ़ाइल अप्रूवल के लिए गया है उम्मीद है एक हफ्ते के बाद वेतन आ जायेगा। वही सविंदाकर्मियों का कहना है कि, पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर हम कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा। हमारे साथी कर्मचारी चन्द्र प्रकाश मौर्य को बिना किसी कारण के बीते दो माह का वेतन नही दिया गया। इसके बाद भी संबंधित कर्मचारी को कार्य मुक्त किये जाने की बात कहि जा रही है। जबकी कार्य के दौरान साथी कर्मचारी ने पूरी इमानदारी से कार्य किया है। हमारे साथी कर्मचारी को तत्काल किये गए कार्य का भुगतान करने के साथ कार्य पर नही रखा जाता है तो हम कार्य बहिष्कार के साथ आने वाले दिनों में सभी कर्मचारी आमरण अनशन पर बैठने के लिए वाध्य होंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी विभागीय व संबंधित ठेकेदार की होगी।

# नदियों का जलस्तर बढ़ता देख किया मॉक एक्सरसाइज

- डूबते हुए व्यक्ति को बचा कर सीपीआर देने का दिया प्रशिक्षण

हमीरपुर। समृद्धि न्यूज

**मुख्यालय** से होकर बहने वाली यमुना व बेतवा नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है।जिसको लेकर जिला प्रशासन अलर्ट है।संभावित बाढ़ के दृष्टिगत उससे निपटने की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से बेतवा नदी के पुल के पास एडीएम व एएसपी की देखरेख में मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया।



गुरुवार को अपर जिलाधिकारी रमेश चंद्र व अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा के नेतृत्व मे शहर के केसरिया के डेरे मे जाकर मुनादी करायी गयी। बाढ़ से बचाव की जानकारी दी गयी।वहीं धनीराम सहित अन्य ग्रामीणों की मदद से बाढ़ आने पर सामान सहित सुरक्षित स्थान पर जाने का मॉक ड्रिल किया गया।जिसके बाद बेतवा नदी मे डूबते हुए व्यक्ति को कैसे बचा कर सीपीआर दिया जाए।इसका लाइव डेमो नाविको व गौतखोरो के द्वारा दिखाया गया।मौक ड्रिल के दौरान बाढ़ आने के समय सभी अधिकारीयों व कर्मचारियों की जिम्मेदारियों तय की गयी। एडीएम रमेश चंद्र नें बताया कि बाढ़ के दौरान हर परिस्थिति से निपटने के लिये अधिकारियो को सतर्क किया गया है।वही जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ से निपटनें के लिये सभी तैयारी पूर्ण कर लीं गई है।इसके साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो में रहने वालों की सूची भीं तैयार की गयी है। इस मौके पर एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक, डिप्टी कलेक्टर खालिद अंजुम ,तहसीलदार सदर, एम्बुलेंस के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम डीएमओ राजेंद्र कुमार यादव ,लेखपाल आपदा राहत से संबंधित टीम नाविक गोताखोर अग्निशमन विभाग की टीम तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे ।

# जैतपुर के मुख्य चौराहों पर जल्द लगेंगे सीसी टीवी कैमरे



जैतपुर (महोबा)। समृद्धि न्यूज

**गुरुवार** को बेलाताल पुलिस चौकी में कोतवाली प्रभारी लाखन सिंह की अध्यक्षता व चौकी प्रभारी दिनेश तिवारी की मौजूदगी में व्यापार मंडल की बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में व्यापारियों की सुरक्षा के मद्देनजर कस्बे के मुख्य तीन चौराहों पर सीसी टीवी कैमरे लगाने की बात कही गई। बैठक में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक लाखन सिंह ने उपस्थित व्यापारियों से समस्याएं पूछी और कहा व्यापारियों और नागरिकों की सुरक्षा को लेकर पुलिस बेहद गंभीर है । पुलिस क्षेत्र में अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने का भरसक प्रयास कर रही है । उन्होंने व्यापारियों से अपील की कस्बे के तीन मुख्य चौराहों पर सीसी टीवी कैमरे लगवाने में पुलिस का सहयोग करे ताकि अपराधियों को चिन्हित कर तुरन्त पकड़ा जा सके। व्यापार मंडल के नगरअध्यक्ष प्रवेंद्र सेठ ने व्यापारियों के सहयोग से पांच दिन के भीतर मुख्य चौराहों में सीसी टीवी कैमरे लगवाने का भरोसा दिया। चौकी प्रभारी दिनेश तिवारी ने कहा सभी दुकानदार ,व्यापारी अपनी दुकानों और प्रतिष्ठानों के बाहर रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था अवश्य कर ले ताकि अपराधी अंधेरे का फायदा न उठा सके। इस मौके पर एसआई दिनेश चंदेल, पूर्व प्रधान मौला बक्स, व्यापारी रमेश मिश्रा, इकराम खान, भाजपा नेता अरुण मिश्रा,लल्लू नगरिया, बृजभूषण गुप्ता, संतोष व्यास सहित दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### आईएमए एवं बिरला हॉस्पिटल द्वारा आज विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित होगा



**इटावा।** जनपद के लोगों के स्वास्थ्य के लिए इन्डियन मेडिकल एसोसिएशन इटावा एवं बिरला हॉस्पिटल ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 21 जुलाई दिन शुक्रवार को (आज) प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आईएमए हाल पक्का तालाब इटावा पर एक विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए आईएमए इटावा के अध्यक्ष डा.एस. सी.गुप्ता ने बताया कि इस विशाल निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच शिविर में बिरला हॉस्पिटल ग्वालियर के हृदय रोग विशेषज्ञ डा.धीरज जेसवानी कार्डियोलॉजिस्ट, मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डा.सौरभ गुप्ता न्यूरोलॉजिस्ट,मूत्र एवं गुर्दा रोग विशेषज्ञ डा.भूपेन्द्र कुमार शर्मा यूरोलॉजिस्ट एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डा.ओमवीर सिंह त्यागी अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। आईएमए इटावा के सचिव डा.डी.के. सिंह ने बताया कि निशुल्क विशाल सुपर स्पेशलिटी परामर्श एवं जांच शिविर में ब्लड प्रेशर,ब्लड शुगर एवं ईसीजी की जांच सुविधा निशुल्क उपलब्ध रहेगी।उन्होंने जनपद वासियों से निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच सुविधा का लाभ उठाने की अपील की है।

### पिता ने अप्रिय घटना की आशंका जता सीओ से लगाई न्याय की गुहार

**मौदहा हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र गहरौली खुर्द के एक ग्रामीण ने अपने पुत्रों द्वारा मारपीट करने व किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने का आरोप लगाते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी से न्याय की गुहार लगाते हुए अपने पुत्रों के खिलाफ कार्रवाही की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम गहरौली खुर्द निवासी कोदू पुत्र हनुमान ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को तहरीर देकर अवगत कराया है कि प्रार्थी के तीन लड़के हैं जिसमें उसने सभी का बंटवारा कर दिया है और स्वयं अकेला पत्नी के साथ रहता है। प्रार्थी के पुत्र बहादुर व छुट्टन तथा उनकी औरतें आए दिन उसे व उसकी पत्नी के साथ गाली गलौज कर गलत ढंग से फंसाने की धमकी देती रहती हैं। जब वह अपने खेत की जुताई बुवाई करने जाता है तो उसके पुत्र व उनकी महिलाएं झगड़ा करने पर आमादा हो जाती हैं उसने पुलिस क्षेत्राधिकारी विवेक यादव से गुहार लगाई है कि उसके पुत्र उसके साथ कभी भी किसी अप्रिय घटना का को अंजाम दे सकते हैं।कोदू ने मामले की जांच करवा दोषी पुत्रों के खिलाफ कार्रवाही की मांग की है। पीड़ित ने बताया कि इसके पूर्व वह पुलिस चौकी पढ़ोहरी तथा कोतवाली पुलिस की चौखट पर नाक रगड़ न्याय की गुहार लगा चुका है लेकिन उसकी सुनने वाला कोई नहीं है।

### लूटपाट एवं मारपीट से परेशान हरसुंडी के लोगों ने दी तहरीर

**सरीला/हमीरपुर।** क्षेत्र में अराजक तत्वों द्वारा महिलाओं व लोगों के साथ लूटपाट एवं मारपीट की घटनाओं से परेशान हरसुंडी गाँव निवासी पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। क्षेत्र के हरसुंडी गाँव निवासी हल्के पुत्र हरिकिशन विश्वकर्मा ने गुरुवार को थाने में तहरीर देते हुए बताया कि गांव में अराजक तत्वों का आना जाना है। जो कि रात में उत्पात मचाते हैं। रात्रि में फायर करने की भी आवाज आती हैं। पीड़ित का आरोप है कि गाँव व क्षेत्र के आधा दर्जन दबंग अराजक तत्व राह चलते छीना झपटी लूटपाट, व मारपीट को अंजाम देते है यह लोग रात में हरसुंडी, रंहटिया, कदौरा के कर्दम ऋषि आश्रम व रिरूवा गांव के पास लगकर औरतों व रात में निकलने वाले लोगों के साथ लूटपाट व मारपीट करते हैं। जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। लोग शाम होते ही घर से बाहर निकलना बंद कर देते हैं। यह लोग अवैध हथियार भी लिये रहते हैं। इस तरह की वारदातें बराबर हो रही हैं। पीड़ित ने उक्त लोगों के खिलाफ जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है। जलालपुर थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार यादव ने बताया कि तहरीर मिल गई है। जाँच कर कार्यवाही की जायेगी।

### स्कॉर्पियो पर फायरिंग करने वाला इनामिया आरोपी पिस्टक सहित गिरफ्तार

**इटावा।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना इकदिल पुलिस ने स्कॉर्पियो पर फायरिंग करने वाला इनामिया आरोपी गिरफ्तार किया। वादी ब्रहम प्रकाश तिवारी पुत्र पारब्रह्म तिवारी निवासी मानिकपुर मोहन थाना इकदिल द्वारा चितभवन से कुछ दूरी पहले मोटरसाइकिल सवार अमित दुबे, शिवम तिवारी व अज्ञात व्यकित द्वारा स्कॉरपियो गाड़ी को ओवरटेक कर फायरिंग कर धमकाने के संबंध मे सूचना दी गयी। थाना इकदिल पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर गश्त एवं संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी । इसी दौरान प्राप्त आपराधिक सूचना के आधार पर शिवम तिवारी पुत्र प्रमोद तिवारी निवासी तकिया ट्रान्सपोर्ट महेन्द्रा एजेन्सी के सामने थाना कोतवाली इटावा को अवैध पिस्टल व जिन्दा कारतूस सहित पक्का बाग ओवरब्रिज की नीचे से गिरफ्तार किया। इस सफलता में कृष्णा लाल पटेल प्रभारी थाना इकदिल, उ.नि. नागेन्द्र सिंह, का. अमित, का. नितिन का सराहनीय योगदान रहा।

### गुंडा एक्ट के सात आरोपियों के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई

**हमीरपुर।** जिला प्रशासन ने गुंडा एक्ट के तहत सात आरोपियों के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई की। संबंधित थानाध्यक्षों को आदेश तामीला कराने का निर्देश दिया गया है। यह कार्रवाई शांति व्यवस्था को देखते हुए की गई है। एसपी डॉ दीक्षा शर्मा ने उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत अलग अलग थानो के सात आरोपियों के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई के लिए आख्या डीएम डॉ चंद्र भूषण को प्रेषित की थी। जिसकी सुनवाई जिला मजिस्ट्रेट व एडीएम भू-राजस्व रमेश चंद्र के न्यायालय में हुई। उन्होंने सदर कोतवाली से सत्यम सिंह पुत्र दिनेश सिंह निवासी ग्राम कलौलीतीर, कुरारा थाना से आदित्य सिंह सेंगर पुत्र अरूण सिंह सेंगर निवासी कस्बा कुरारा, थाना मौदहा से फिरोज होल्डर पुत्र मो0 जमील अहमद उर्फ सकूरा निवासी मु0 हैदरगंज/हुसैनिया कस्बा मौदहा, थाना मझगवां से गौरव राजपूत पुत्र जगत सिंह निवासी ग्राम अटगॉव, थाना जलालपुर से अनिल कुमार पुत्र राधेश्याम दीक्षित निवासी ग्राम गेरूवाला बंग्ला त्यागीनगर व सहदीप सिंह पुत्र रूप सिंह निवासी ग्राम ममना, थाना राठ से सलमान पुत्र अशफाक निवासी मु0 पठनऊ कस्बा राठ के विरुद्ध कई मामले दर्ज हैं। इन सातों के विरुद्ध छह माह के लिए जिला बदर की कार्रवाई की गई है।ये सभी अपराधी अपने साथ किसी प्रकार का शस्त्र व अग्नेशस्त्र लेकर नहीं चलेंगे एवं 06 माह की अवधि तक जिले की सीमा में प्रवेश नहीं करेंगे, इसके साथ ही सभी संबंधित थानों के प्रभारी निरीक्षक या थानाध्यक्षों को आदेश की प्रति तामिला कराने का निर्देश दिया गया है।

### भैंस चराने गए छात्र की नदी में डूबने से हुई मौत

**मौदहा (हमीरपुर)।** भैंस चराने गए कक्षा 11 के छात्र का पैर नदी की कगार में फिसल गया। जिसके चलते छात्र नदी में डूब गया। आसपास जानवर चरा रहे लोगों ने किसी तरह उसे नदी से निकाला और गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां पर डाक्टरों ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। सिसोलर थानाक्षेत्र के ग्राम टोलामाफ निवासी आदित्य (17) पुत्र रामानंद यादव बुधवार की दोपहर चंद्रावल नदी किनारे भैंस चराने गया था।

## घर में सो रही महिला की अज्ञात ने की हत्या

**मौदहा (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के ग्राम छिरका में बुधवार रात बच्चों के साथ सो रही महिला की अज्ञात ने डंडे से सिर में प्रहार कर घायल करने के बाद गला दबाकर हत्या कर दी। घटना के बाद हत्यारा महिला का मोबाइल भी साथ ले गया। पुलिस महिला की हत्या के पीछे अवैध संबंधों की ओर आशंका कर रही है। छिरका निवासी कमलेश कुमार पुत्र लुखरू निषाद पिछले छह माह से गुजरात के राजकोट में मजदूरी कर रहा है। उसकी पत्नी गिंदिया (28) अपने बच्चों के साथ घर में अलग रहती थी। गुरुवार सुबह वह अपने घर में मृत अवस्था में पड़ी पाई गई। गांव के लोगों ने बताया कि सुबह करीब साढ़े सात बजे तक जब मृतका गिंदिया का दरवाजा नहीं खुला तो यह मृत अवस्था में पड़ी थी। उसकी जीभ भी बाहर निकली थी, साड़ी का पल्लू गर्दन के पास था। जेठ राजबहादुर ने बताया कि मृतका के सबसे छोटे बेटे आनंद (4) ने बताया कि एक आदमी रात में आया था उसने मां के सिर में डंडा मारा और भाग गया।

## एसएसपी ने एसएसपी ने अपराधियों की खोली हिस्ट्रीशीट

**इटावा।** आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने जनपद में अपराध नियंत्रण की दिशा में कार्य करते हुये अभ्यसत अपराधियों को चिन्हित कर कुल 8 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली। एसएसपी ने अमित कुमार पुत्र रामरतन निवासी भैसरई थाना वैदपुरा इटावा, शिवमंगल उर्फ बॉबी पुत्र सुदामालाल निवासी भैंसरई थाना वैदपुरा इटावा, विपिन कुमार पुत्र प्रमोद कुमार निवासी बनामई थाना वैदपुरा इटावा, पिन्टू उर्फ विमलेश पुत्र लल्लूराम निवासी बनामई थाना वैदपुरा इटावा, छोटू उर्फ सुमित पुत्र कायमसिंह निवासी बनामई थाना वैदपुरा इटावा,अंकित यादव पुत्र लालसिंह निवासी नगला खाड़े थाना ऊसराहार इटावा, नरसिंह उर्फ कल्लू पुत्र बैजनाथ यादव निवासी नगला महुआ थाना ऊसराहार इटावा, सुमित पुत्र राकेश निवासी हैवरा थाना सैफई इटावा की हिस्ट्रीशीट खोली।

# जे.के. सुपर सीमेंट ग्रुप द्वारा यातायात पुलिस को सौंपे 40 आयरन मूविंग बैरियर

महोबा। समृद्धि न्यूज

**पुलिस** अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपदीय यातायात पुलिस बल द्वारा जनपद महोबा में यातायात व्यवस्था को लगातार गतिमान बनाये रखने के साथ-साथ जनपदीय थाना पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु संदिग्धों का सघन चेकिंग अभियान चलाया जाता है, पुलिस अधीक्षक महोबा की अपील पर नगर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम और सुचारू रूप से चलाये जाने के उद्देश्य से जनपद महोबा पुलिस टीम को जे.के. सुपर सीमेंट कंपनी की तरफ से प्राप्त हुये 40 मूविंग बैरियर को जे.के. सुपर सीमेन्ट कंपनी के जनपद के प्रमुख कार्यकारी अधिकारी शुभम पांडे, उमा इन्टरप्राइजेज के डीलर संजय कुमार



गुप्ता (उमा एंटरप्राइजेज)आल्हा चौक महोबा के द्वारा जनपद महोबा पुलिस के यातायात प्रभारी निरीक्षक शिवपाल सिंह को प्रदान किए गये, इस अवसर पर महोबा पुलिस की तरफ से शुभम पांडे एवं व्यवसायी संजय कुमार गुप्ता का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर जनपदीय यातायात पुलिस में नियुक्त यातायात पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया ने गल्ला मंडी स्थापना के लिए प्रभारी मंत्री को सौंपा मांगपत्र

**कुलपहाड़(महोबा)।** नगर में गल्ला मंडी की मांग दो दशकों से की जा रही है, लेकिन किसी न किसी कारण से गल्ला मंडी की स्थापना नहीं हो पा रही है। इसके लिए एक कारण और भी माना जा रहा है। यहां के कुछ गिने-चुने गल्ला व्यापारी भी अड़ंगा लगाए हुए हैं, क्योंकि अपने लाभ के चक्कर में किसानों को फायदा न मिल सके। नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया ने गल्ला मंडी स्थापना के लिए प्रयास तेज कर दिए है। इसके लिए उन्होंने प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह से मिलकर गल्ला मंडी की स्थापना हेतु ज्ञापन सौंप दिया है। कुलपहाड़ नगर में गल्ला मंडी की स्थापना हेतु लम्बे समय से मांग की जा रही है। इसके लिए पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेश चौबे 20 सालों से संघर्ष कर रहे हैं। इसके बावजूद भी गल्ला मंडी की स्थापना नहीं हो सकी। क्षेत्र के किसान महोबा व राठ मंडी में माल बेचने को मजबूर हैं। राजेश चोबे बताते हैं कि कुछ गिने-चुने व्यापारी अपने लाभ के लिए लाखों किसानों का नुकसान कर रहे हैं, वह नहीं चाहते कि कुलपहाड़ में गल्ला मंडी की स्थापना हो और उनका वर्चस्व खत्म हो जाए। किसानों की लगातार मांग को देखते हुए नव निर्वाचित चेयरमैन वैभव अरजरिया ने प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह से मुलाकात कर, नगर में गल्ला मंडी की स्थापना हेतु ज्ञापन सौंपा है। सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल एवं एमएलसी जीतेन्द्र सिंह सेंगर ने भी गल्ला मंडी की स्थापना हेतु प्रभारी मंत्री से मांग की है। प्रभारी मंत्री ने बताया कि नगर पंचायत की सीमा के अंदर गल्ला मंडी की स्थापना संभव नहीं है। इसके लिए प्रभारी मंत्री ने प्रशासन से नगर पंचायत के बाहर जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

# थाना प्रभारी निरीक्षक यशवंत सिंह ने संभाला महोबकंठ थाने का कार्यभार

**महोबकंठ महोबा।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा जिले में कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए जिले में बड़ा फेरबदल किया गया था इसी क्रम में 3 दिन पूर्व एक बार पुनः महोबकंठ के प्रभारी निरीक्षक व कबरई के अतिरिक्त निरीक्षक बदले गए। महोबकंठ थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार राय को थाना कबरई का अतरिक्त निरीक्षक बनाया गया है जबकि उनके स्थान पर कबरई से यहां भेजे गए यशवंत सिंह ने थाना महोबकंठ का कार्यभार संभाल लिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक यशवंत सिंह ने महोबकंठ थाना का कार्यभार ग्रहण कर अधीनस्थ पुलिसकर्मियों को अपराध नियंत्रण और नागरिकों से अच्छा समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। थाना प्रभारी निरीक्षक यशवंत सिंह ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद लंबित विवेचनाओं व अभिलेखों को देखा।महोबकंठ की भौगोलिक स्थिति को भी जानने समझने का प्रयास किया। उन्होंने



अधीनस्थ पुलिसकर्मियों से कहा कि जनता से सामंजस्य बनाकर रखना चाहिए।

अपराध पर नियंत्रण करने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में सभी संभव प्रयास करने चाहिए। उन्होंने बताया कि थाना पुलिस क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने, लोगों के न्याय एवं उनकी सुरक्षा के दायित्व का निर्वाह करेगी।

# फाइलेरिया की दवा खिलाने का आशाओं को दिया गया प्रशिक्षण

इटावा। समृद्धि न्यूज

**सैंफई** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आशा कार्यकर्ताओं और सुपरवाइजर को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया, ताकि वह अपने कार्य क्षेत्र में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में बेहतर भूमिका निभा सकें।

सैंफई समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुनील यादव ने बताया कि 10 अगस्त से 28 अगस्त तक प्रस्तावित फाइलेरिया सर्वजन दवा सेवन अभियान के तहत घर-घर जाकर किस तरह ज्यादा से ज्यादा लोगों को दवा खिलाएं और दवा का सेवन अपने सामने ही



कराएं। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति दवा खाने के लिए मना करे तो उसे फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के बारे में विस्तार पूर्वक बताएं और समझाएं फाइलेरिया से बचाव के लिए दवा सेवन करना जरूरी है। पाथ संस्था के रीजनल ऑफिसर डॉ श्रीकांत ने बताया कि फाइलेरिया से बचाव के लिए इस बार एक वर्ष से दो वर्ष तक के बच्चों के लिए आधी गोली एल्बेंडाजोल की दी जाएगी। दो से पांच वर्ष के बच्चों को डीआईसी की एक गोली और एल्बेंडाजोल की एक गोली, छह से 14 वर्ष के बच्चों के लिए डीआईसी की दो गोली, एल्बेंडाजोल एक गोली, 15 वर्ष से ऊपर के लोगों के लिए डीआईसी की तीन गोली, एल्बेंडाजोल की एक गोली आशा कार्यकर्ता अपने सामने खिलवाएंगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीपीएम उपेंद्र उपाध्याय ने बताया कि किसी- किसी को दवा का सेवन करने के बाद प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। शरीर के अंदर कीड़े मरने की वजह से कभी-कभी किसी व्यक्ति को सिर में दर्द, बुखार, उल्टी, बदन पर खुजली हो सकती है। इसलिए इससे घबराएं नहीं चाहिए, यह स्वतः ठीक हो जाता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी विश्व दीप सिंह, मलेरिया इंस्पेक्टर गोपाल, डब्ल्यूएचओ मॉनिटर विपिन और ब्लॉक की सभी आशाएं उपस्थित रहीं।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

**इटावा।** जनपद के लोगों के स्वास्थ्य के लिए इन्डियन मेडिकल एसोसिएशन इटावा एवं बिरला हॉस्पिटल ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में आज 21 जुलाई दिन शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आईएमए हाल पक्का तालाब पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए आईएमए इटावा के अध्यक्ष डा.एस. सी.गुप्ता ने बताया कि इस विशाल निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच शिविर में बिरला हॉस्पिटल ग्वालियर के हृदय रोग विशेषज्ञ डा.धीरज जेसवानी कार्डियोलॉजिस्ट, मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डा.सौरभ गुप्ता न्यूरोलॉजिस्ट,मूत्र एवं गुर्दा रोग विशेषज्ञ डा.भूपेन्द्र कुमार शर्मा यूरोलॉजिस्ट एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डा.ओमवीर सिंह त्यागी अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। आईएमए के सचिव डा.डी.के. सिंह ने बताया कि निशुल्क विशाल सुपर स्पेशलिटी परामर्श एवं जांच शिविर में ब्लड प्रेशर,ब्लड शुगर एवं ईसीजी की जांच सुविधा निशुल्क उपलब्ध रहेगी।उन्होंने जनपद वासियों से निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच सुविधा का लाभ उठाने की अपील की है।

# अन्तर्जनपदीय दो तस्कर को भारी मात्रा में गांजा सहित गिरफ्तार

इटावा। समृद्धि न्यूज

**अपर पुलिस** महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में एसओजी/सर्विलांस टीम व थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस ने अन्तर्जनपदीय तस्करों को 1.74 क्विंटल गांजा सहित गिरफ्तार किया।

एसओजी/सर्विलांस टीम व थाना फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी तभी प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर कानपुर की तरफ से आगरा की ओर जा रही टाटा डीसीएम को रोककर चैक किया तो वाहन से बोरियो मे भरा हुआ गांजा बरामद किया गया । गांजा परिवहन एवं बिक्री हेतु प्रपत्र दिखाने मे असमर्थ होने पर 2 गांजा तस्कर कुलदीप सिंह पुत्र रनवीर सिंह



निवासी ग्राम भडीरा थाना गोंडा जनपद अलीगढ़, नितेश कुमार पुत्र योगेन्द्र सिंह निवासी ग्राम अस्तावन थाना कुमेर जनपद भरतपुर, राजस्थान को हाइवे पर आईटीआई ओवरब्रिज से गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपियों से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा बताया गया यह गांजा हम लोग उडीसा से लाकर अलीगढ़, मैनपुरी व आस-पास के जिलो मे बेचकर धन लाभ अर्जित करते है। उनके कब्जे से 174 किलोग्राम गांजा अनुमानित कीमत 35,00,000 रुपये, टाटा डीसीएम नं.एच आआर 38 ए ई 5259 परिवहन में प्रयुक्त बरामद हुई। इस सफलता में अमित कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी नगर, समित चौधरी प्रभारी एसओजी व सर्विलांस मय टीम, रमेश सिंह प्रभारी थाना फ्रेंड्स कॉलोनी, व.उ.नि. अंकुश राघव, उ.नि. प्रेमचन्द, उ.नि. प्रशान्त कुमार, का. विक्रान्त, का. रवि देव, का. विनीत कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

# सांसद संसद में उठाएं बुंदेलखंड में एम्स खोलने का मुद्दाः बुंदेली समाज

महोबा। समृद्धि न्यूज

**बुंदेलखंड** में एम्स खोलने की मांग को लेकर पिछले आठ वर्षो से लगातार नंगे पैर चल रहे बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने क्षेत्र के सभी सांसदों से अपील की है कि वे संसद के मानसून सत्र में बुंदेलखंड के लिए उच्च चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित एम्स खोलने की मांग उठाएं ताकि यहां की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को संजीवनी मिल सके।

उन्होंने सांसद पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल (हमीरपुर-महोबा-तिंदवारी), आरके सिंह पटेल (बांदा), भानु प्रताप वर्मा (जालौन) व अनुराग शर्मा (झांसी) को ट्विटर पर आनलाइन चिट्ठी लिखकर बताया कि बुंदेलखंड में एम्स खोलने की मांग सबसे पुरानी है। बुंदेलखंड के हृदयस्थल महोबा में तो तत्कालीन बसपा सांसद विजय बहादुर सिंह ने 2009 में एम्स के लिए मुफ्त सौ एकड़ जमीन देने तक की घोषणा कर दी थी। इसके अलावा एम्स की मांग को लेकर महोबा में बुंदेली समाज ने 259 दिन अनशन किया। यहां की बहनों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई के नाम रक्षाबंधन में हजारों राखियां भेजी।

एम्स की मांग को लेकर एक महीने पहले अन्न त्याग कर चुके बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर ने बताया कि 2017 में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में उत्तर प्रदेश में 6 एम्स व 25 मेडिकल कालेज खोलने की घोषणा की थी लेकिन अब तक रायबरेली व गोरखपुर के अलावा एक भी नये एम्स की घोषणा नहीं की गई। महोबा और हमीरपुर में मेडिकल कालेज खोलने का ऐलान जरूर हुआ लेकिन जमीन पर कुछ होता नहीं दिख रहा। जिला अस्पताल डाक्टरों की भारी कमी से जूझ रहे हैं।

# मंडी में समर्थन मूल्य पर मक्का की खरीद न किए जाने पर सपाई हुए आग बबूला

- मक्का किसानों के समर्थन में सपाईयों ने मण्डी समिति में किया धरना प्रदर्शन, सचिव को सौंपा ज्ञापन

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**


फोटो 1 परिचय-मण्डी समिति में धरना प्रदर्शन के दौरान मण्डी सचिव को ज्ञापन सौंपते वरिष्ठ सपा नेता नवाब सिंह यादव व कार्यकर्ता

**मक्का** की सरकारी खरीद न होने पर किसानों के समर्थन में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय जीटी रोड स्थित नवीन मण्डी परिसर में धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की और भाजपा सरकार पर हमला बोला। प्रदर्शन के बाद सपा नेताओं ने मण्डी सचिव को ज्ञापन सौंपते हुए किसानों की फसल मक्का को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे जाने की मांग की।

गुरुवार को समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने मण्डी सचिव कार्यालय परिसर में जोरदार धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान नवाब सिंह यादव ने केन्द्र और प्रदेश सरकार को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि केन्द्र सरकार ने कागजो में मक्का का समर्थन मूल्य 2090 रखा है, परन्तु मंडी में समर्थन मूल्य पर मक्का की कोई खरीद नही की जा रही है, जिसके परिणामस्वरूप किसान अपनी मक्का की फसल को औने पौने दाम पर बिचौलियों को बेचने के लिये मजबूर है। कहा कि सरकार की घोषणाएं किसानों के लिए छलावा साबित हो रहीं हैं। अधिकारियों और व्यापारियों की मिलीभगत से किसान कम दामों में अपनी फसल बेचने को मजबूर है। श्री यादव ने कहा कि हम सरकार को चेतावनी देने आए है कि किसानों की फसल मक्का को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाए नही तो हम समाजवादी लोग किसानों के हक की लड़ाई को लड़ने के लिए सड़कों पर उतरने के लिये मजबूर हो जाएंगे। प्रदर्शन के दौरान अमित मिश्रा, सत्येंद्र यादव, दरोगा कटियार, संजय दुबे, देवेंद्र यादव, इखलाक प्रधान, मंसूर अली, गुड्डा ठाकुर, राकेश कठेरिया, कुट्टू पांडेय, पप्पन बाजपेई, हरिपाल राजपूत, इंतजार अहमद, अतुल मौर्य, विमलेंद्र यादव, सुरेन्द कुशवाहा, मनीष कुशवाहा, विनोद यादव, रंजीत दिवाकर, सुरजीत यादव, गोल्डी यादव, अजय यादव, दीपक, रानू सक्सेना, रामवीर कठेरिया, गौतम कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# रंगदारी को लेकर डेढ़ दर्जन सशस्त्र दबंगों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

- फार्म हाउस मालिक और उसके पुत्रों समेत पांच लोगों को मारपीट कर किया घायल
- ठठिया थाना क्षेत्र के ग्राम मलगई का मामला

**थाना** ठठिया क्षेत्र के ग्राम मलगई में बीते बुधवार की देर शाम रंगदारी को लेकर डेढ़ दर्जन सशस्त दबंग युवकों ने ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए एक फार्म हाउस पर हमला बोल दिया। दबंग युवकों ने फार्म हाउस में मौजूद लोगों को मारापीटा। इसी बीच आसपास के लोगों ने पुलिस को मामले की सूचना दे दी। मौके पर पहुंची टीम को देखते ही हमलावर वहां से भाग निकले। मारपीट में पांच लोग घायल हो गए, जिन्हें पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। खबर लिखे जाने तक मामला दर्ज नही हुआ था। जानकारी के अनुसार थाना ठठिया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मलगई निवासी उस्मान बीते बुधवार की शाम अपने बेटों के साथ फार्म हाउस पर थे। इसी दौरान उन्हीं के गांव के लगभग डेढ़ दर्जन युवक उनके फार्म हाउस पर पहुंच गए। असलहों से लैस दबंग युवकों ने दहशत फैलाने के लिए यहां ताबड़तोड़ फायरिंग की, और लाठी-डंडों और असलहों की बटों से उस्मान और उनके पुत्रों पर हमला कर दिया। फायरिंग तथा शोरगुल व चीख-पुकार की आवाज सुनकर ग्रामीणों ने ठठिया थाना पुलिस को मामले की सूचना दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम के साथ ठठिया थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह मौके पर पहुंच गए। पुलिस टीम को देखते ही हमलावर वहां से भाग निकले। दबंगों की मारपीट में उस्मान, जुनैद और जीशान समेत पांच लोग घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल भिजवाया। घायल उस्मान ने घटना के बावत बताया कि उनके गांव में कुछ दबंग लोग हैं, उक्त लोग दबंगई के बलबूते रंगदारी वसूलने का काम करते हैं। बताया कि बीते दिनों उक्त दबंगों ने उनसे रुपए मांगे थे, जिस पर उन्होंने देने से मना कर दिया था। इसी बात को लेकर उक्त दबंगों ने गाली-गलौज कर देख लेने की धमकी दी थी। रंगदारी न देने से नाराज दबंगों ने योजना के तहत फार्म हाउस आकर ताबड़तोड़ फायरिंग कर उन पर हमला बोल दिया। खबर लिखे जाने तक पीड़ित द्वारा थाने में तहरीर नही दी गई थी, जिसके चलते आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज नही हो सका था।

# खबरें चलते-चलते

## ट्रक व कार की भिड़ंत में कार सवार महिला की मौत

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** ट्रक व कार की भिड़ंत में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। बुधवार देर रात करीब 2.30 बजे क्षेत्र के लिली कोल्ड स्टोरेज के समीप एनएच-34 पर खड़े ट्रक में कार पीछे से जा घुसी। जिसमें सवार एक महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सराय खजुवा बाजार बनारस निवासी सतीश चंद्र अपनी पत्नी शिप्रा सोनी एवं बेटे विक्रांता के साथ अलीगढ़ से अपने गंतव्य स्थान को जा रहे थे। चालक को झपकी आने से हाईवे पर खड़े ट्रक में कार जा घुसी। जिसमें सवार उनकी पत्नी शिप्रा सोनी की हादसे में मौत हो गई एवं बेटा विक्रांता घायल हो गया। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना जसोदा चौकी पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे जसोदा चौकी प्रभारी आशीष कुमार ने मृतक को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। चौकी प्रभारी ने बताया कि ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। लोगों का कहना है कि हाईवे पर अक्सर ट्रक खड़े रहते हैं। जिससे आए दिन वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं।

## मेला देखने गए दलित युवक से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नुमाइश देखने गए युवक के साथ आरोपियों ने जातिसूचक गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया है। जिस पर पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खाड़ेदेवर निवासी प्रशांत गौतम ने बताया है कि 19 जुलाई 2023 की रात 10 बजे वह गुरसहायगंज तिर्वा रोड पर नुमाइश देखने गया हुआ था। तभी संजू गुप्ता, संदीप गुप्ता, छोटे बर्मा, और गोपी ने उसे टक्कर मार दी। जब पीड़ित ने इस बात की शिकायत आरोपियों से की तो उक्त लोगों ने उसके साथ जातिसूचक गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित युवक के शिकायती पत्र पर आरोपियों के विरुद्ध एससी एसटी एक्ट मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच सीओ सदर को सौंपी है।

## लोडर ने बाइक में मारी टक्कर युवक घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** लोडर ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद राहगीरों की मदद से घायल युवक को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत के चलते उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वही घायल के भतीजे ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी लोडर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिरगांव निवासी अर्जुन कुमार ने दर्ज कराए मुकमें में बताया है कि 18 जुलाई की शाम 07 बजे उसके चाचा अरविंद कुमार बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। तभी मिरगावा क्रासिंग के समीप सामने से तेजी व लापरवाही से चले आ रहे लोडर के अज्ञात चालक ने उसके चाचा की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद राहगीरों की मदद उन्हे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली पुलिस ने अज्ञात लोडर चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के लिए विद्यालय के बच्चों को दिलाई शपथ

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों से रूबरू कराने के लिए नगर के कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के लिए बच्चों को अध्यापक ने शपथ दिलाई जिसमें यातायात नियमों की जानकारियां दी गईं। समधन नगर स्थित कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को संकुल शिक्षक संजीव कुमार ने बच्चों को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के तहत विस्तार से जानकारियां दी जिसमें उन्होंने बताया कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें। सड़क पर चलते समय नहीं लगाएं ईअरफोन दो पहिया वाहन चलाते समय स्वयं व पीछे बैठे व्यक्ति को मानक वालें हेलमेट अवश्य पहनें व पहनायेगें चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट लगायेंगे। तेज़ रफ़्तार वाहन नहीं चलायेंगे गलत दिशा में वाहन नहीं चलायेंगे।

# पराविधिक स्वयं सेवकों एवं लीगल एन्ड डिफेंस काउन्सिल के साथ बैठक

- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने कार्यों की समीक्षा की, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**


समीक्षा बैठक में दिशा निर्देश देतीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल

**गुरुवार** को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव की अध्यक्षता में पराविधिक स्वयं सेवकों एवं लीगल एन्ड डिफेंस काउन्सिल के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्राधिकरण की सचिव लवली जासयवाल ने पराविधिक स्वयं सेवकों से उनके कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक कार्य दिवस के कार्य को अपने अपने रजिस्टर में उल्लिखित कर सत्यापन हेतु सप्ताह के अंत में सचिव के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे एवं अपने प्रत्येक कार्यक्षेत्र के समस्त गाँव में सम्बन्धित प्रधानों के सहयोग से महिलाओं एवं बच्चों के विधिक अधिकार एवं अन्य निशुल्क विधिक सहायता के विषय पर शिविर का आयोजन करेंगे साथ ही साथ यह भी निर्देशित किया कि समस्त पराविधिक स्वयं सेवक अपने कार्य क्षेत्र के आस पास यदि कोई बाढ़ पीडित, सूखा पीडित, भूकंप पीडित, अन्य किसी प्राकृतिक आपदा का शिकार व्यक्ति निशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की याचना करता है तो उसको तुरंत अपने स्तर से अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण या तहसील विधिक सेवा समिति स्तर से विधिक सहायता उपलब्ध करना सुनिश्चित करें एवं उसका विवरण कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रत्येक माह प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे। सचिव ने लीगल एन्ड डिफेस काउन्सिल में नियुक्ति अधिवक्ताओं से उनके कार्य की समीक्षा करते हुये कार्य में आ रही कठिनायों के बारे में विचार विमर्श किया तथा उसके निदान हेतु आश्वत किया। चीफ लीगल एन्ड डिफेंस काउन्सिल द्वारा बताया गया कि माह जुलाई 2023 में कुल 15 प्रार्थना पत्र निःशुल्क विधिक सहायता हेतु प्राप्त हुये है। बताया गया कि ऐसे विचाराधीन बंदी जो कि अपने कारित अपराध की अधिकतम सजा की आधी अवधि पूर्ण कर चुके है ऐसे तीन अभियुक्तों को 436ए का लाभ दिया जा चुका है तथा कारागार से रिहा हो चुके है। सचिव ने चीफलीगल एड डिफेंस काउन्सिल को निर्देशित किया कि जिला कारागार कन्नौज का विजिट प्रत्येक सप्ताह किया जाये एवं जिला कारागार में ऐसे निरूद्ध बन्दियों की भी जानकारी ली जाये जिनको निःशुल्क विधिक सहायता हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया परन्तु कतपिय कारणों से अब उन बन्दियों को निःशुल्क विधिक सहायता की आवश्यकता नहीं है तथा ऐसे बंदियों के विषय में सम्पूर्ण विवरण के साथ कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत कराया जाना सुनिश्चित करेगे।

# परीक्षा परिणाम आते ही छात्र छात्राओं में दौड़ी खुशी की लहर

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** बीए, बीएससी अन्तिम वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही छात्र छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर से संबद्ध गुगरापुर क्षेत्र के चांदापुर रघुराजनगर संयोगिता मार्ग स्थित अविका डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई। बीए अंतिम वर्ष में छाया मिश्रा ने 72.44 प्रतिशत, मंजू देवी ने 70.00 प्रतिशत, राघवेंद्र ने 69.44 प्रतिशत अंकों एवं बीएससी में अनुराग राजपूत ने 78.38 प्रतिशत, अंजली सिंह, 72.16 प्रतिशत अंजली यादव ने 71.94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। महाविद्यालय में स्नातक कला संकाय में 78.28 प्रतिशत छात्र छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से 21.72 प्रतिशत द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण जबकि स्नातक विज्ञान संकाय में 99 प्रतिशत छात्र प्रथम श्रेणी और 1 प्रतिशत द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। महाविद्यालय के उपनिदेशक अभिषेक शेखर एवं प्राचार्य डॉ पल्लवी यादव ने समस्त छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान प्राचार्य डॉ पल्लवी ने कहा कि मेहनत व लगन सफलता की कुंजी है। मेहनत और लगन से किया गया कार्य कभी व्यर्थ नहीं जाता है। उन्होंने जानकारी देते बताया कि सत्र 2023-24 में बीए, बीएससी में एडमिशन प्रकिया चल रही है। जो भी छात्र छात्राए एडमिशन लेना चाहते हैं। वह किसी भी कार्य दिवस में विद्यालय आकर एडमिशन प्रक्रिया संपन्न करा सकते हैं। बताया कि हमारे यहाँ अनुभवी शिक्षकों के द्वारा रेगुलर क्लास चलती है।

# जंतर मंतर पर धरना के लिए रवाना हुए कार्यकर्ता


स्थानीय रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शन करते भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

- भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी ने की नारेबाजी

**भीम** आर्मी व आजाद समाज पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता आज दिल्ली जंतर मंतर में होने वाले विशाल धरना प्रदर्शन के लिए रवाना हुए।

गुरुवार की शाम करीब 07 बजे स्थानीय रेलवे स्टेशन से भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्षों प्रभात गौतम व बेरू खरे के नेतृत्व में दिल्ली जंतर मंतर में होने वाले विशाल धरना प्रदर्शन के लिए रवाना हुए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने बताया बीते दिनों पूर्व एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद पर जानलेवा हमला हुआ था। ऐसे बहुजन समाज में खासा रोष है और जो आरोपी पकड़े गए वह पुलिस प्रशासन के द्वारा एक पटकथा लिखी गई। उससे भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी संतुष्ट नहीं है। कहीं ना कहीं इसके पीछे जो षड्यंत्रकर्ता उनको बताया जा रहा है और अभी तक एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद को किसी भी प्रकार की कोई सुरक्षा मुहैया नहीं कराई गई। इसी के विरोध में दिल्ली के जंतर मंतर पर विशाल धरना प्रदर्शन चंद्र शेखर आजाद के आवाहन पर किया जा रहा है। इसमें देश के कोने कोने से लाखों की संख्या में समर्थकों के पहुंचने का अनुमान है। इस मौके पर पवन गौतम, बंटू कठेरिया, पातीराम बौद्ध, योगेंद्र गौतम, सर्वज्ञ गौतम, महेंद्र यादव,अखिलेश कबीर ,फूल सिंह, ओम नारायण धानुक,कुलदीप नेम सिंह, गुड्डू कठेरिया, शिव कुमार कठेरिया, अवनीश आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नियोजित और स्वस्थ परिवार के लिए पुरूष भी बनें जिम्मेदार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** मातृ शिशु स्वास्थ्य और परिवार की खुशहाली में नियोजित परिवार की अहम भूमिका है, लेकिन इसका जिम्मा सिर्फ आधी आबादी के कंधों पर डाल दिया गया है। इस चलन को बदलना होगा। नियोजित और स्वस्थ परिवार के लिए पुरूष को भी अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए आगे आना होगा। इसी सोच को साकार करने के लिए इन दिनों सोशल मीडिया पर बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन की तरफ से ''मर्द भी बने जिम्मेदार'' हैशटैग के साथ अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें दावा किया गया है कि 35 फीसदी भारतीय पुरूष गर्भनिरोधन को महिला की ही जिम्मेदारी मानते हैं। जिले में परिवार कल्याण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. एसके सिंह का कहना है कि पुरूष भागीदारी के दोनों साधन कंडोम और नसबंदी, महिला द्वारा अपनाए जाने वाले साधनों की तुलना में अधिक सुरक्षित व प्रभावी हैं। डा. सिंह ने बताया कि पुरूष भागीदारी बढ़ाने के लिए नवदंपति को दिये जाने वाले शगुन किट में कंडोम भी दिये जाते हैं। कंडोम न केवल परिवार नियोजन में अहम भूमिका निभा रहे हैं, बल्कि इनसे यौन रोगों से भी बचाव होता है। शादी के बाद आशा कार्यकर्ता नवदंपति को प्रेरित करती हैं कि पहला बच्चा शादी के दो साल बाद ही करना है और दो बच्चों में तीन साल का अंतर भी बना रहे। पहले बच्चे में देरी और दो बच्चों में अंतर के लिए त्रैमासिक अंतरा इंजेक्शन, माला एन और कई बार इमर्जेसी पिल्स का इस्तेमाल महिलाओं द्वारा किया जाता है जिससे कुछ हार्मोनल बदलाव होते हैं और महिला को थोड़ी बहुत परेशानी भी होती है। इसके सापेक्ष अगर पुरूष कंडोम का इस्तेमाल करें तो दंपति का जीवन खुशहाल रहेगा और किसी प्रकार की दिक्कत भी नहीं होगी। जिले के 8 ब्लॉक में 172 स्वास्थ्य इकाइयों पर परिवार नियोजन बॉक्स हैं जहां पूरी गोपनीयता के साथ कंडोम ले सकतें हैं और किसी प्रकार की रोक टोक भी नहीं है। टीएसयू से ज़िला परिवार नियोजन विशेषज्ञ सुमन राजपूत बताती हैं कि जिन दंपति द्वारा परिवार नियोजन के पारम्परिक साधनों पर जोर रहता है वहां अनचाहे गर्भ का खतरा ज्यादा होता है। ऐसी स्थिति में महिलाएं इमर्जेसी पिल्स का इस्तेमाल करती हैं और विभाग यह सुविधा उपलब्ध भी कराता है, लेकिन लगातार कई बार इस दवा का इस्तेमाल करने से महिला के शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। सुरक्षित और कारगर त्रैमासिक अंतरा इंजेक्शन लगवाने पर महिला को माहवारी सम्बन्धित हार्मोनल बदलाव का सामना करना पड़ता है। आईयूसीडी और पीपीआईयूसीडी में भी महिलाओं को बदलाव की चुनौतियों से जूझना पड़ता है, हालांकि इनमें से कोई नुकसानदेह बिल्कुल नही है और कुछ समय बाद अपने आप सही हो जाते हैं। इसके विपरीत अंतराल में भी पुरूष की भागीदारी सरल और सुरक्षित है। जिला परिवार नियोजन परामर्श दाता यामिनी वर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021 22 में 14 पुरुष नसबंदी, वित्तीय वर्ष 2022 23 में 9 पुरुष नसबंदी और इस वित्तीय वर्ष 2023 24 में अब तक 3 पुरुष नसबंदी हो चुकीं हैं।

# कंजक्टिवाइटिस को हल्के में ना ले नागरिक: डॉ. सुधीर दीक्षित

- कंजक्टिवाइटिस का नगर में हमला हुआ तेज

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**


नेत्र सर्जन डॉ. सुधीर दीक्षित

**मानसून** के दौरान तापमान में बदलाव आने की बजह से बुखार सर्दी-जुकाम और जगह-जगह पानी भरने से डेंगू मलेरिया जैसी जानलेवा बीमारियों के फैलने का खतरा बहुत ज्यादा बढ़ जाता है। इस बजह से इस मौसम में अपनी सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। जरा सी लापरवाही आपके लिए जानलेवा साबित हो सकती है।

मॉनसून में आंखों के संक्रमण भी देखने को मिलते हैं। कंजक्टिवाइटिस भी आंखो का एक ऐसा ही संक्रमण है, जो बरसात के मौसम में बहुत तेजी से फैलता है। आंखों का लाल होना, आंखों से डिस्चार्ज होना, आंखो में सूजन, दर्द और खुजली होना इसके प्रमुख लक्षण हैं। इससे बचने के लिए आपको अपनी आंखों को छूने, रगड़ने या खुजलाने से बचना चाहिए। जलभराव वाली जगहों से दूर रहने, दूसरों का मेकअप वगैरह ना इस्तेमाल करने, धूप का चश्मा लगाकर बाहर निकलने और लगातार साफ पानी से आंखों को धोने से इससे काफी हद तक बचे रहा जा सकता है। नगर के नेत्र रोग चिकित्सक डॉ. सुधीर दीक्षित ने ओपीडी में रोगियों को देखा बताया कि जटिलताएं बढ़ने से संक्रमण मस्तिष्क में पहुंच सकता है। इसके अलावा संक्रमण नियंत्रित न करने पर आंखों की रोशनी भी जा सकती है। नगर में आंखों के वायरल संक्रमण कंजक्टिवाइटिस का हमला तेज हो गया है। रोगियों की संख्या अचानक तेज हो गई। ओपीडी में कंजक्टिवाइटिस के रोगी भरे रहे। इनमें ज्यादा संख्या स्कूली बच्चों की थी। वायरल संक्रमण से रोगियों की आंखें लाल हो गई और सूजन आ गई। बाल रोगियों ने बताया कि दो-तीन दिन के अंदर उनकी पूरी की पूरी क्लास को कंजेक्टीवाइटिस हो गया। कई अध्यापकों को भी कंजक्टिवाइटिस हो गया है। इसके अलावा संक्रमण नियंत्रित न करने पर आंखों की रोशनी भी जा सकती है।

### बचाव के लिए इन बातों का रखें ध्यान

- आंखों को साफ रखें, साफ पानी से धोएं।
- आंखों में धूल-मिट्टी आदि न जाने दें।
- आंख में खुजली हो तो हाथ से न रगड़ें।
- जो कॉन्टेक्ट लेंस का प्रयोग इस समय न करें।
- आंख में तकलीफ हो तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं।
- संक्रमण होने पर बर्फ के पानी से सिंकाई करें।

# एएसपी ने छात्र-छात्राओं को बताए सुरक्षित यातायात के नियम

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

- सड़क सुरक्षा परववाड़ा के चौथे दिवस केपीएस पब्लिक स्कूल में लगाया गया जागरूकता शिविर
- छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने की एएसपी ने दिलाई शपथ


जागरूकता शिविर में छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते पुलिस के अधिकारीगण

**एसपी** के निर्देशन में जिले में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के चौथे दिवस पुलिस लाइन रोड स्थित कानपुर पब्लिक स्कूल परिसर में अपर पुलिस अधीक्षक डा. अरविन्द कुमार के नेतृत्व में यातायात प्रभारी आफाक खान ने अपनी टीम के साथ जागरुकता शिविर लगाकर छात्र-छात्राओं को सुरक्षित यातायात के नियमों के बारे में जानकारी दी।

जागरुकता शिविर में अपर पुलिस अधीक्षक डा. अरविंद कुमार ने छात्र-छात्राओं को ड्राइविंग लाइसेंस के बारे में बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा वर्चुअल वर्ल्ड को लेकर इंटरनेट की सुविधाओं को छात्र एवं छात्राएं किस तरह रील बनाने में और सेल्फी लेने में दुर्घटना का शिकार होकर अपने माता-पिता के सपनों को चकनाचूर कर देते हैं उन्होंने छात्र एवं छात्राओं को सही और गलत वाहन चलाने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा शपथ दिलाई कि अब भविष्य में हम हेलमेट धारण करेंगे, सीट बेल्ट लगाएंगे और यातायात नियमों का पूर्ण रूप से पालन करेंगे। वहीं यातायात प्रभारी आफाक खान ने छात्र-छात्राओं को जागरुक करते हुए बताया कि चौपहिया वाहन में सीट बेल्ट ना लगाने से दुर्घटनाएं कितनी खतरनाक होती हैं। वाहनों में एयर बैग दुर्घटना की गंभीरता को किस तरह कम करते हैं, इसके संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्रभारी द्वारा हिट एंड रन के मामले में सरकार द्वारा दी जा गई सहायता राशि के बारे में जानकारी दी बताया कि वर्ष 2022 से हिट एंड रन के हादसों में घायल व्यक्ति को 50 हजार तथा मृतक के आश्रितों को 2 लाख की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाती है। प्रभारी द्वारा बताया गया कि जो लोग शराब पीकर वाहन चलाते हैं उनका प्रतिक्रिया समय धीमा पड़ जाता है। शराब ट्रेफिक वायलेशन करने के लिए उकसाने का काम करती है। शराब पीकर वाहन चलाने वाला मानव बम के समान है, क्योंकि वह शराब पीकर वाहन चलाता है जबकि पहले से ही तय है कि शराब पीकर वाहन चलाने से दुर्घटनाएं होती ही हैं, फिर भी जो लोग शराब पीकर वाहन चलाते हैं वह दूसरों को मारने के लिए भी सड़कों पर चलते हैं, जो लोग यातायात नियमों का पालन करते हैं। वह भी चपेट में आ जाते हैं। इसलिए शराब पीकर वाहन चलाना बहुत खतरनाक है ऐसा ना करें। यह भी बताया गया कि सड़क को किस तरह से क्रास किया जाए सड़क क्रास करने के नियम क्या है प्रभारी द्वारा पूर्ण जानकारी दी गई यातायात प्रभारी द्वारा हेलमेट के संबंध में बहुत बहुत अच्छी जानकारी दी गई तथा यह भी बताया कि बीआईएस मार्क ही हेलमेट लगाएं तथा कुछ लोग हेलमेट की स्ट्रिप नहीं बांधते हैं। इसमें भी 1000 का जुर्माना भरना पड़ सकता है। इसलिए हेलमेट लगाएं तो स्ट्रिप सही ढंग से बांध लें। जिससे दुर्घटना के समय हेलमेट आपके सर को बचा सके। यातायात प्रभारी द्वारा बताया गया कि ड्राइविंग किसे कहते हैं और ड्राइविंग कैसे की जाए बताया कि ड्राइविंग में चार कदम होते हैं। नम्बर 1 पहचानना जोकि आंखों और कानों से पहचानने का काम किया जाता है परंतु लोग वाहन चलाते समय कानों में ईयर फोन लगा लेते हैं। जिस कारण सड़कों पर आइडेंटिफिकेशन सही ढंग से नहीं हो पाता। नम्बर 2 प्रेडिक्शन अनुमान लगाना होता है। इसमें दिमाग से अनुमान लगाया जाता है। यदि किसी वाहन चालक ने शराब पी रखी है तो उसका अनुमान कभी भी सही नहीं हो सकता। नम्बर 3 डिसीजन मेकिंग यानि कि निर्णय लेना। बहुत अधिक गति से चलने पर वाहन चालक समय पर उचित निर्णय नहीं ले पाते हैं जिस कारण दुर्घटनाएं हो जाती हैं। नम्बर चार एग्जीक्यूशन अमल करना हाथों पैरों का इस्तेमाल करना। शराब पीकर वाहन चलाने में एग्जीक्यूशन का काम सही ढंग से नहीं हो पाता है जिस कारण दुर्घटना हो जाती है इस शिविर में कालेज की प्रिंसिपल मोबीना कामरान एवं अध्यापकगण तथा टीएसआई अरशद अली, टीएसआई राम प्रताप सिंह तथा मुख्य आरक्षी राजवीर सिंह, विजय बाबू, राजेश सिंह, रज्जब खान तथा आरक्षी धनीराम यादव मौजूद रहे।

# 23 जुलाई को व्यापारी प्रांतीय बैठक लखनऊ में करेंगे प्रतिभाग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उद्योग व्यापार मंडल की बैठक जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी की अध्यक्षता में होटल सूर्या सभागार में सम्पन्न हुई। जिला सह महामंत्री ने संचालन करते हुए कहा कि आगामी 23 जुलाई रविवार को लखनऊ में संगठन की होने वाली प्रांतीय बैठक में स्थानीय इकाई के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को प्रतिभाग करने के लिए रुपरेखा तैयार की गयी। बैठक में तय किया गया कि जनपद से सभी क्षेत्रों फतेहगढ़, कायमगंज, राजेपुर, कमालगंज, नवाबगंज, मोहम्मदाबाद, शमशाबाद से लगभग 10 निजी वाहनों से 60 से 70 व्यापारी प्रतिभाग करने जायेंगे। सभी लोग सुबह पांडेश्वरनाथ मंदिर रेलवे रोड पर एकत्रित होकर प्रस्थान करेंगे। बैठक में जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी, प्रमोद गुप्ता, विशाल दुबे, जिला मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता, मनोज राठौर, राज मिश्रा, लालू कनौजिया, मनोज अग्रवाल, विजय मिश्रा, राजू गौतम, अमित कुमार राठौर, द्रोण सिंह गंगवार, अरविंद कुमार, सत्यप्रकाश गुप्ता, नीरज मिश्रा, राजेश कुमार, संजीव दुबे पाली, मोहन पाठक, राम पाण्डेय, राजीव पुरवार, संजू वैश्य, डंपी पाण्डेय आदि व्यापारी बैठक में मौजूद रहे। धन्यवाद जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी ने ज्ञापित किया।

# काशीराम राजकीय महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा की दिलायी गयी शपथ



कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्र-छात्रायें

▸ प्राचार्या ने छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों का शत-प्रतिशत पालन करने का पढ़ाया पाठ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में 20 जुलाई को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत सड़क सुरक्षा जागरूकता विचार विमर्श तथा शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सड़क सुरक्षा संबंधित नियमों का पालन करने तथा इन नियमों से अपने आसपास, परिवार, निकट संबंधियों को जागरूक करने हेतु शपथ ग्रहण की। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 शालिनी ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने के तथा इस जागरुकता अभियान में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने के लिए उत्साहित किया। प्रतिभाग करने वाली छात्र-छात्राओं में पूजा, प्रांशु, लालू, बुशरा बनो, शिवी, वैभव, निधी, शिवानी, अमृता, राज, सूर्यकांत, प्रतिमा, शिल्पी, राजा, सुमित, अनुरुद्ध, विमल, दिव्यांशु, अर्पित, अमित आदि उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राध्यापकगणों में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा संबंधित नियमों तथा आंकड़ों से संबंधित सूचनाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 प्रियांशु गुप्ता ने किया। इस अवसर पर शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में श्रीकिशन पाल, राजेश और अमन उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों ने रैली निकाल जन मानस को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरुक

▸ हेलमेट लगाये वाहन चालकों को छात्रों ने गुलाब का फूल देकर किया स्वागत




सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत रैली निकालते स्कूली बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के क्रम में केआरआररस्तोगी इंटर कॉलेज में गठित सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों द्वारा सर्वप्रथम सभी विद्यार्थियों को प्रार्थना स्थल पर सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। उसके पश्चात मध्यान्ह अवकाश के बाद सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों की एक जागरूकता रैली आयोजित की गई। यह रैली विद्यालय से आरंभ होकर विभिन्न गली चौराहों से घूमते हुए लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक किया। विद्यार्थियों द्वारा जो हेलमेट पहने हुए थे उन दोपहिया वाहन चालकों को गुलाब के फूल देकर सम्मानित किया गया और जो हेलमेट धारण नहीं किए हुए थे उन्हें हेलमेट पहनने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही जनमानस से अपील की गयी कि वह अपने आसपास भी लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक करें। रैली में मुख्य रूप से गजेंद्र सिंह चौहान, डॉक्टर जसवंत सिंह राठौड़, रामतीर्थ अग्निहोत्री, सुभाष शुक्ला, रवि वर्मा, श्यामसुंदर शुक्ला आदि शिक्षकों ने विशेष योगदान दिया।

# सुधीर कुशवाहा ने छात्राओं को यातायात के नियमों की दी जानकारी, दिलायी शपथ



छात्राओं को यातायात सुरक्षा की शपथ दिलाते सुधीर कुशवाहा

▸ बच्चे बोले वह अपने आसपास तथा गांव में निवास करने वाले लोगों को करेंगे जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कार्यालय सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में बेसिक शिक्षा में अध्ययनरत कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए विविध कार्यक्रमों का दैनिक कार्यक्रम घोषित किया गया। जिसके अंतर्गत गुरुवार को परिषदीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरौन एवं संविलियन पूर्व माध्यमिक विद्यालय नूरपुर में सड़क सुरक्षा शपथ का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा की शपथ स्टाफ के साथ ली। शपथ जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा के द्वारा दिलाई गई। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरौन में सहायक अध्यापक जदुवीर, संस्कृति अनुदेशक दिव्या दीक्षितऔर संविलियन विद्यालय नूरपुर के इंचार्ज प्रधानाध्यापक गोविंद चौरसिया, सहायक अध्यापक प्रतिभा सक्सेना आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा द्वारा सभी बच्चों को यातायात के नियम एवं सड़क सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई कि सभी बच्चे अपने-अपने घरों व मोहल्ले में एवं गांव में निवास करने वाले तथा सभी दो पहिया वाहन चलाने वाले लोगों से प्रत्येक दशा में हेलमेट लगाकर ही वाहन चलाने हेतु प्रेरित करेंगे तथा चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों को वाहन चलाते समय सीट बेल्ट बांधकर ही वाहन चलाने के लिए निवेदन करेंगे तथा सभी को अवगत कराना है कि वे ओवर स्पीड में गाड़ी ना चलाएं। अत्यधिक स्पीड में गाड़ी चलाने से खतरा रहता है तथा दुर्घटना होने की संभावना अधिक रहती है। विद्यालय में दोनों विद्यालयों में लगभग 400 बच्चों ने शपथ ग्रहण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया तथा सभी ने सड़क सुरक्षा अभियान को जन जन तक पहुंचाते हुए जन आंदोलन का रूप देकर लोगों के जीवन की सार्थकता बताते हुए उनको वाहन चलाने हेतु सुरक्षा के प्रति प्रेरित करने के लिए आश्वासन दिया।

# लखनऊ के सम्मेलन में जनपद से पहुंचे व्यापारी, सौंपा ज्ञापन



व्यापारी सम्मेलन में भाग लेते जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड द्वारा चीनी विक्रय केंद्र लखनऊ में व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बृजेश पाठक उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। सम्मेलन में फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल फर्रुखाबाद के पदाधिकारी डॉक्टर अरविंद कुमार गुप्ता प्रदेश मंत्री, मनोज मिश्रा अध्यक्ष, अनूप गुप्ता महामंत्री, लाखन सिंह जिला प्रवक्ता, धीरेंद्र तिवारी मंत्री, मशकूर अंसारी संयुक्त महामंत्री, संजीव वर्मा मीडिया प्रभारी के साथ-साथ कायमगंज के अन्य पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के उक्त पदाधिकारियों ने बृजेश पाठक को मुख्यमंत्री को जीएसटी के संबंध में एक ज्ञापन हस्तगत कराया। साथ ही व्यापारियों ने समस्याओं से संबंधित सम्मेलन में बात रखी। जिसका निराकरण करने के लिए सहमति जतायी गयी।

## किसान यूनियन 22 जुलाई को धरना प्रदर्शन कर निकालेगी पदयात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन भानू गुट की समस्याओं का निराकरण न होने के विरोध के चलते 22 जुलाई को प्रातः11 बजे कलेक्ट्रेट प्रांगण में किसान यूनियन धरना प्रदर्शन करेगी। विभिन्न समस्याओं का निस्तारण न होने से पदाधिकारियों में रोष है। साथ ही धरना दिया जायेगा। जिसमें पांच से सात लोग धरने पर बैठेंगे। जिसकी अध्यक्षता संत बाबा शिवराजदास व बबलू सोमवंशी करेंगे। जनपद की अन्य टीम प्रसासन का विरोध करते हुए काली पट्टी बांधकर पदयात्रा निकालेगी। साथ ही प्रशासन की कुरीतियां बताते हुए एक टीम लखनऊ रवाना होगी। साथ ही दूसरी टीम पदयात्रा के माध्यम से दिल्ली रवाना होगी। किसानों के शोषण के खिलाफ आवाज उठायी जायेगी। जो मुकदमे लिखे गये हैं उनका विरोध करेगी और भ्रष्टाचार के खिलाफ अनिश्चितकालीन अभियान चलाया जायेगा। जिसमें ग्रामीण व किसान यूनियन के पदाधिकारी प्रतिभाग करेंगे। यह जानकारी जिलाध्यक्ष राजेश कुमार बबलू दीक्षित ने दी है।

# बिजली ठीक करते समय लाइनमैन को लगा करंट, मौत



रोते बिलखते लाइनमैन के परिजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सप्लाई ठीक करने के लिए विद्युत पोल पर चढ़े लाइनमैंन को जोरदार करंट लगने से मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

कोतवाली फतेहगढ़ के ग्राम बुढ़नामऊ निवासी 35 वर्षीय सोनू पुत्र देवीदयाल भोलेपुर फीडर पर लाइनमैन के पद पर कार्यरत था। बीती रात सोनू धन्सुआ में बिजली के पोल पर सप्लाई ठीक करने के लिए चढ़ा। उसी दौरान करंट लगने से वह नीचे आ गिरा। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे उपचार के लिए ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। परिजनों के कहने पर पर उसे सैफई रेफर किया जा रहा था, तभी उसने दम तोड़ दिया। इस घटना से आहत होकर लाइनमैनों ने मुआवजा दिलाने की बात कही। पुलिस ने शव का पंचनामा भरा।

# संजीव कुमार राठौर को मिली सपा में जिला सचिव की जिम्मेदारी



संजीव राठौर का स्वागत करते सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की मंशानुसार सर्वसमाज जोड़ो अभियान के अंतर्गत गुरुवार को सपा के वरिष्ठ नेता यूनुस अंसारी की संस्तुति पर संजीव कुमार राठौर की समाजवादी पार्टी के प्रति लगन निष्ठा और सामाजिक कार्यों को देखते हुए जिला सचिव पद पर मनोनित किया है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले संजीव राठौर को सपा का जिला सचिव बनाए जाने पर सपा को नगर सहित पूरे जिले में अच्छा फायदा मिलेगा। संजीव राठौर को सपा का जिला सचिव बनाने के साथ ही विधानसभा सदर क्षेत्र में बूथ कमेटी गठन का प्रभारी नियुक्त करते हुए जिलाध्यक्ष ने संजीव राठौर को विधानसभा अध्यक्ष सदर के साथ मिलकर बूथ कमेटियों के गठन में सहयोग करने के निर्देश दिए। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश सचिव यूनुस अंसारी, जिला उपाध्यक्ष जहान सिंह लोधी, विधान सभा अध्यक्ष चंद्रेश राजपूत, जिला सचिव राधेश्याम सविता ने नवनियुक्त जिला सचिव को फूल माला पहनाकर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं नवनियुक्त जिला सचिव संजीव राठौर को पार्टी का जिला सचिव बनाए जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व जिलाध्यक्ष व यूनुस अंसारी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर नीलम सिंह चौहान, बेचेलाल यादव, रामू गुप्ता, नन्दकिशोर दुबे वन्देमातरम, शिव शंकर शर्मा, साजिद अली खां आदि सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भूजल सप्ताह के अंतर्गत युवाओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जागरुक

▸ डीएम ने पहुंचकर युवाओं का बढ़ाया उत्साह, बोले वर्षा के जल का संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी



कार्यक्रम के दौरान मौजूद युवा व जिलाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भूजल सप्ताह के अंतर्गत लघु सिंचाई विभाग एवं जिला गंगा समिति के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए। जिसके अंतर्गत नमामि गंगे की टीम के द्वारा युवाओं ने जगह-जगह नुक्कड़ नाटक एवं जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किये। सर्वप्रथम युवाओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में वर्षा जल संरक्षण के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया जिसमें युवाओं ने वर्षा के जल को संरक्षण करने के उपाय एवं प्रतिदिन होने वाले जल के उपयोग को कम करने के लिए लोगों को जागरूक किया। डीएम ने उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जल ही जीवन है। जल संरक्षण करना प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक है। यदि हम जल संरक्षण पर ध्यान नहीं देगें तो भविष्य में हमें इसके गंभीर परिणाम देखने को मिलेंगे। अपर जिलाधिकारी सुभाष प्रजापति ने भी सभी को जागरूक किया। जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे निहारिका पटेल ने बताया कि भूजल सप्ताह के अंतर्गत दिनांक 16 जुलाई से 22 जुलाई तक निरंतर जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत नुक्कड़ नाटक, रैली, गोष्ठी इत्यादि का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से जन-जन तक वर्षा के जल को संरक्षण करने के लिए लोगों तक संदेश पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रियांशी राज, काव्या अग्निहोत्री, सिद्धि, अक्षिता मिश्रा, मुस्कान यादव, छवि, अक्षरा आदि युवा साथी उपस्थित रहे।

# खबरें चलते-चलते

## नम्रता सिंह बनीं अटेवा की जिला सह संयोजिका



**फर्रुखाबाद (सं.)।** पेंशन बचाओ मंच अटेवा के जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह जाटव ने प्रदेश अध्यक्ष विजय बन्धु के निर्देश पर महिला संगठन की जिला सह संयोजिका पू0मा0वि0 गौसपुर कमालगंज की सहायक अध्यापिका नम्रता सिंह को जिम्मेदारी सौंपी है। नम्रता सिंह जिला संयोजिका पूनम शुक्ला के साथ अटेवा संगठन को मजबूती प्रदान करेंगी और पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन को गति देंगी। उनके सह संयोजिका बनने पर संगठन के लोगों ने बधाई दी है और कहा कि इससे अटेवा और मजबूत होगा।

## अंबार अली बने सिया मुस्लिम महासभा के जिलाध्यक्ष



**फर्रुखाबाद (सं.)।** आल इंडिया सिया मुस्लिम महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 हैदर अब्बास चांद ने पांच जिलाध्यक्षों की सूची जारी की। जिसमें फर्रुखाबाद के आल इंडिया सिया मुस्लिम महासभा के जिलाध्यक्ष अंबार अली निवासी घेरशामू खां फर्रुखाबाद को बनाया है। शीघ्र ही वह अपनी कमेटी घोषित कर महासभा को मजबूत करेंगे।

# सिटी गर्ल्स इंटर कालेज में मनाया गया सड़क सुरक्षा पखवारा



छात्राओं को यातायात के प्रति जागरुक करते टीएसआई रजनेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सिटी गर्ल्स इंटर कालेज में सड़क सुरक्षा पखवारा के अंतर्गत जागरुकता रैली का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में पहुंचे कोतवाली निरीक्षक अनिल कुमार चौबे व मास्टर ट्रेनरों की उपस्थिति में छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया व यातायात नियमों की जानकारियां दी गयीं। यातायात प्रभारी टीएसआई रजनेश कुमार, एसआई सुबोध यादव, सुनील कुमार, साधना यादव के अलावा कांस्टेबिल तेजवीर सिंह, हिमांशु, वीरेंद्र सिंह, अंकित पवार, प्रीती आदि ने सड़क सुरक्षा के प्रति छात्राओं को जागरुक किया। धन्यवाद प्रधानाचार्य ऐस्तर रोज दयाल ने ज्ञापित किया। शिक्षिकाओं ने सहयोग किया।

## सामाजिक संगठनों ने क्रांतिकारी मंगल पाण्डेय को जयंती पर किया याद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा, भारतीय समाज संगठन, सवर्ण समाज, वैकल्पिक माध्यमिक शिक्षक संघ की संयुक्त बैठक प्रदेश महामंत्री की देखरेख में सम्पन्न हुई। पल्ला स्थित महादेवी वर्मा की मूर्ति पर सभी ने माल्यार्पण कर शहीद क्रांतिकारी मंडल पाण्डेय को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। सभी ने उनके कृतित्व व जीवन पर प्रकाश डाला। 1857 के स्वतंत्रता आंदोलन की नीव रखने वाले मंडल पाण्डेय को याद किया जाता है। ब्रिटिश हुकूमत के सामने प्रयुक्त कारतूसों को बहिष्कार किया, क्योंकि कारतूसों में गाय व सुअर की चर्बी का इस्तेमाल होता था। जिसे मुंह में लगाकर खोलना पड़ता था। जिसको लेकर अंग्रेजों ने मंगल पाण्डेय को फांसी दी। उनके बलिदान को हम नमन करते हैं। इस मौके पर राधेश्यम बाजपेयी, अमित मिश्रा, शिवाजी कटियार, सतेंद्र मिश्रा, डॉ0 मेहंदी हसन, राम नरायन, सतेंद्र मिश्रा, रजत दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# यूपीएमएसआरए की अध्यक्ष संगीता, सचिव कपिल दिवाकर बने



नवीन कार्यकारिणी के साथ एमआर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश उत्तराखंड मेडिकल एण्ड सेल्स रिप्रन्टेटिव एसोसिएशन की फर्रुखाबाद की यूनिट में क्षेत्रीय पर्यवेक्षक कामरेड अरविंद तिवारी व स्टेट एक्जीक्यूटिव मेंबर अनुराग मिश्रा की देखरेख में पिछले वर्ष का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। साथ ही नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ। अध्यक्ष संगीता त्रिपाठी, सचिव कपिल दिवाकर, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, रबसान अली, कोषाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला, सह सचिव रोशन सिंह व अंकित मिश्रा चुने गये। कार्यकारिणी सदस्य प्रखर वर्मा, शक्ति राजपूत, नवीन गुप्ता, निखिल मिश्रा, प्रणवदास, प्रशांत तिवारी, प्रभाकर शुक्ला को पदाधिकारी चुना गया।

# मेरे हुसैन तुझे सलाम, मेरे हुसैन तुझे सलाम

▸ ऐतिहासिक लोको दरगाह पर नौचंदी जुमेरात पर अकीदतमंदों ने टेंका माथा, की सलामती की दुआ



दरगाह पर फातिहा पढ़ते अकीदतमंद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नौचंदी जुमेरात पर दरगाह हज़रत सैय्यद मखदूम शाहबुद्दीन औलिया लोको शरीफ फतेहगढ़ में अकीदतमंदों का आना जाना लगा रहा है। लोग सुबह से ही दरगाह पर पहुंचने लगे। दरगाह पर दुरूद फातिहा के साथ गुलपोशी चादर पोशी भी की गई। दरगाह कारी मिनशाद ने बेहतरीन अंदाज में हजरत इमाम हुसैन की याद में नात शरीफपढ़ी। जिसने हक कर्बला में अदा कर दिया, अपने नाना वादा वफ़ा कर दिया, सब कुछ उम्मत की खातिर फिदा कर दिया, घर का घर सुपुर्दे-ए-खुदा कर दिया

मौलाना आरिफ साहब ने भी शहादत-ए-करबला बयान किया उन्होंने कहा कि इस्लामी नए साल का आगाज मुहर्रम माह से होता है। यह हमारे नबी के महबूब नवासों की शहादत की याद दिलाते हैं। सज्जादा नशीन हजरत मोहम्मद शरीफ खान उर्फ मोहब्बत शाह ने लोगों को हिदायत की। इस महीने कर्बला के शहीदों को खिराज पेश करने के लिए अधिक से अधिक भलाई के काम करें। भूखों को खाना, प्यासों को पानी, बीमारों को दवाई दिलाएं मोहब्बत शाह की जेरे सरपस्ती में फातिहा ख्वानी व लंगर तकसीम किया गया। नायब सज्जादा नशीन मोहम्मद वसीम साहब ने मुल्क में अमन चैन की दुआ की। क़ारी मिनशाद साहब ने बेहतरीन अंदाज में कुरान शरीफ की तिलावत पेश की। इस मौके पर शाहिद खान, आकिब खान, कासिम साबरी, रफत हुसैन, सलमान कबीर, सैय्यद दाऊद, फैसल खान, हाजी वसीमुज्मा खान, मोहम्मद हनीफ, सरताज मंसूरी, आफताब, शिवम चंद्र, उमेश कुमार, आसिफ साबरी अदि मौजूद रहे।


मेजर एस.डी.सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल-फतेहगढ़







# शराब ठेकेदार को भाई ने गोली से उड़ाया, मौत

- एसपी व फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर की जांच
- हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लिए गठित की गयीं तीन टीमें: पुलिस अधीक्षक



मृतक का फाइल फोटो




घटनास्थल पर जांच पड़ताल करते पुलिस अधीक्षक

**जहानगंज, समृद्धि न्यूज।** जमीनी विवाद में शराब ठेकेदार को उसके छोटे भाई ने गोली मारकर हत्या कर दी। दिन दहाड़े घटी घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की घटना से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच की। वहीं घटना के बाद से आरोपी परिवार सहित फरार हो गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार थाना जहानगंज के ग्राम रुनी चुरसई निवासी 50 वर्षीय शैलेन्द्र चौहान शराब ठेकेदार था। बुधवार को शैलेन्द्र चौहान के ट्यूबवेल का पानी उसके छोटे भाई गिरजेन्द्र उर्फ राजू के खेत में चला गया था। जिससे विवाद हो गया था। ग्रामीणों ने किसी तरह मामले को रफा-दफा कर दिया था। घटना के बाद शैलेन्द्र चौहान अपने निवासी फतेहगढ़ के गीतापुरम कालोनी में आ गया। गुरवार को शैलेन्द्र व उसके छोटे भाई गिरजेन्द्र से फोन पर पानी खेत में चले जाने को लेकर कहासुनी हो गयी थी। शैलेन्द्र गांव के निकट स्थित अपने देशी शराब के ठेके निकट खड़ा था, तभी उसका छोटा भाई राजू आया और शैलेन्द्र को गोलियों से भून दिया। जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा। सूचना पुलिस व परिजनों को दी गई। सूचना पर पहुंचे परिजन उपचार के लिए लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोष्ति कर दिया। मौत की जानकारी होने पर मां मुन्नी देवी, पत्नी रेखा देवी आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घटना के बाद से आरोपी परिवार सहित फरार हो गया। सूचना पर पहुंचे जहानगंज थानाध्यक्ष ने जांच पड़ताल की और घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। मौके पर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने पहुंचकर लोगों से पूछताछ की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य जुटाये। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है। जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान



**मेरापुर, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के चचेरे भाई ने पुलिस को फौती दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। पुलिस ने फौती सूचना दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मेरापुर निवासी 50 वर्षीय इन्द्रेश कुमार हरिचरन ने सुबह 10 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में दरवाजे पर सीमेन्ट की जाली से रस्सी डालकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं मृतक के चचेरे भाई अवधेश कुमार पुत्र शिवचरन ने फौती दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी। जिसमें दर्शाया कि 20 जुलाई को प्रातः 10 बजे उसके ताऊ के लड़के इन्द्रेश कुमार ने दरवाजे पर सीमेन्ट की जाली में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की शादी नहीं हुई थी और न ही उसका कोई सगा भाई है। बहन है जिसकी शादी विशुनढ़ में हुई है उसे सूचना दे दी गई। पुलिस ने फौती सूचना दर्ज कर मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# ग्राम महमदपुर धनी में खेत के किनारे पड़ा मिला वृद्ध का शव, नहीं हो सकी शिनाख्त



घटनास्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस व फॉरेंसिक टीम

- मृतक की जेब से 14 जुलाई की गुरसहायगंज से मथुरा व 17 जुलाई को मथुरा से कासगंज जंक्शन तक की निकली टिकट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** वृद्ध का शव पड़ा मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की। वृद्ध की जेब से रेलवे टिकट बरामद हुई। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार गुरुवार को शमशाबाद रेलवे स्टेशन से 800 मीटर दूर ग्राम महमदपुर धनी निवासी रमेश गंगवार पुत्र रामचन्द्र के खेत के सामने आम की पगडंडी पर एक 70 वर्षीय वृद्ध का शव पड़ा मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर थानाध्यक्ष जेपी शर्मा पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गये और जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर जांच पड़ताल की। थानाध्यक्ष जेपी शर्मा ने बताया कि शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हुई है। मृतक की जेब से एक टिकट 14 जुलाई की गुरुसहायगंज से मथुरा की और 17 जुलाई को मथुरा से कासगंज जंक्शन तक की निकली है। मृतक कुर्ता पैजामा पहने हुए था तथा एक कुर्ता और जूते पास में ही रखे हुए थे। वहीं एक पॉलिथीन में अंगौछा पड़ा हुआ था। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत के कारण का पता चल सकेगा। वहीं ग्रामीण घटना को लेकर तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। कुछ बीमारी से मौत होना बता रहे हैं, तो कुछ हत्या कर शव यहां डालने की बात कह रहे है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि शव की शिनाख्त होने के बाद ही घटना का पर्दाफाश हो सकेगा।

# बाढ़ की चपेट में गांव कठेरियन नगला, घरों में घुसा पानी, रास्ते भी बंद

- अनहोनी घटनाओं से घबराये ग्रामीण पलायन करने को मजबूर, प्रशासन खबर के बावजूद बेखबर



चारपाई के सहारे बच्चों को निकाल कर ले जाते ग्रामीण

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद क्षेत्र की गंगा नदी के किनारे बसे लगभग आधा दर्जन से अधिक गांव आजकल बाढ़ की चपेट में चल रहे हैं। बाढ़ के चलते गांव में जलभराव का आलम देखा जा रहा है। घर-घर में जलभराव के हालातों को देख तथा भविष्य के खतरों को देखते हुए ग्रामीण पलायन करने को मजबूर हैं। पिछले कई दिनों से क्षेत्र में बाढ़ का तांडव जारी है। लोगों की सारी व्यवस्थाएं चौपट हो गईं। यहां तक कि रोजी रोटी का जरिया मेहनत मजदूरी भी ठप्प हो गई। विकराल हुये बाढ़ के हालातों ने आम आदमी को झकझोर कर रख दिया। घरो में पानी भरा हुआ है। ऐसे हालातों में जहां एक ओर खुद को बचाना मुश्किल हो गया है। वहीं दूसरी ओर लोगों को अपने-अपने बेजुबान जानवरों को भी बचाना मुश्किल हो गया है। चारे की व्यवस्थायें ध्वस्त हो गईं। गांव से लेकर खेत खलिहान सब कुछ पानी में समाए हुए हैं। किसानों के खेतों में जलभराव देखा जा रहा है। कृषि कार्य करने वाले किसानों को हजारों रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है। मक्का, मूंगफली जैसी फसलें जलभराव का शिकार होकर बर्बादी की कगार पर पहुंच गई हैं। इसके अलावा कुछ और भी फंसलें हैं जो जल प्रलय की भेंट चढ़ गई है। विकास खंड शमसाबाद क्षेत्र के ग्राम झौआ का मजरा, कठेरियन नगला पट्टियां जो गंगा नदी से कोई 3 किलोमीटर दूरी पर हैं लेकिन बाढ़ का पानी गांल से लेकर खेत खलिहानों तक देखा जा रहा है। सबसे बड़ी बात है घरों में पानी भर गया है। गांव में ऐसे कई लोग हैं जो इस वक्त फांके करने को मजबूर हैं, क्योंकि बाढ़ ने घर गृहस्थी की सारी व्यवस्थाएं चौपट कर दीं। मजबूरन लोग भविष्य के खतरे को देखते हुए पलायन करने को मजबूर हैं। पलायन करने वाले लोगों ने गांव से दूर सड़क किनारे डेरा जमा लिया, लेकिन अब संक्रामक बीमारियां बेहाल कर रही। बताते हैं यही की रहने वाली एक वृद्ध महिला जो कुछ समय से बीमार थी। हालत खराब होने के कारण चारपाई के सहारे जान की बाजी लगाकर सुरक्षित बाहर निकाला गया। बाद में ट्रैक्टर ट्राली के जरिए चिकित्सालय ले जाया गया।

प्रशासनिक व्यवस्थाओं के मरहूम ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कहा जलभराव के चलते पिछले एक सप्ताह से मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह से समस्याओं का समाधान कराए जाने की मांग की। मगर ग्राम प्रधान ने हाथ खड़े कर दिए। ग्रामीणों।के अनुसार उनके द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों से भी शिकायत की गई। मगर दुख है अभी तक किसी भी अधिकारी कर्मचारी ने गांव आना मुनासिब नहीं समझा। गुरुवार को पानी में घुसकर गांव पहुंचे हमारे संवाददाता ने जब यहां लोगों से जानकारी की तो बाढ़ पीड़ित लोगों में सुधीर कुमार, सर्वेश कुमार, वीरपाल, राजीव, रामसेवक, अनोखे लाल, रघुवीर सिंह, शीशराम, श्रीपाल, राजेंद्र सहित दर्जनों लोगों ने बताया गांव की कुल आबादी लगभग 300 के आसपास है। बाढ़ पीड़ित अधिकांश लोगों के घरों की व्यवस्थाएं चरमरा गईं। खाने पीने के लिए अधिकारियों की मेहरबानियों का इंतजार कर रहे हैं तथा कुछ जनप्रतिनिधियों की बाट जोह रहे हैं।

## जिलाधिकारी ने कटान क्षेत्र जंजाली नगला का किया दौरा, ग्रामीणों को दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने गंगानदी के कटान क्षेत्र ग्राम जंजाली नगला ब्लाक कमालगंज तहसील सदर का स्थलीय निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित सहायक अभियन्ता सिचाई खण्ड द्वारा बताया गया कि ग्राम में बाढ़ परियोजना का निर्माण हो जाने से कटान की स्थिति नहीं है, ग्राम में बाढ़ का पानी अभी नहीं आया है। निरीक्षण के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को बाढ़ के दुष्प्रभावों से बचने तथा भविष्य में घटित होने वाली आपदाओं के प्रति जागरूक कर समुदाय का क्षमता संवर्द्धन किया गया। जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार को कटान के समीप रह रहे सभी ग्रामीणों को शिफ्ट कराने के निर्देश दिए। जिससे वह सुरक्षित रहें।

# खबरें चलते-चलते

## पत्नी से विवाद होने पर पति ने फांसी लगाकर दी जान

**फर्रुखाबाद (सं.)।** पत्नी से विवाद होने पर राजमिस्त्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के ग्राम अजमतपुर निवासी 25 वर्षीय अनूज कुमार उर्फ छोटू पुत्र मुन्ना लाल जाटव राजमिस्त्री का कार्य करता था। बीती रात पत्नी संध्या से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। उसी विवाद के चलते छोटू ने घर से कुछ दूरी पर खड़े नीम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब लोग निकले तो उसे लटका देखा तो उसकी सूचना परिजनों को दी। दो वर्ष पूर्व उसका विवाह हुआ था।

## कपड़ा व्यापारी के घर हुई चोरी में मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज (सं.)।** कपड़ा व्यापारी के घर हुई चोरी के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना क्षेत्र क्षेत्र के मोहल्ला भगत सिंह निवासी सुशील कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि मंगलवार को बाजार बंदी होने के कारण मैं अपनी शिक्षामित्र पत्नी रेनू को प्राथमिक विद्यालय भटासा छोड़ने गया था। वहीं दूंदेमई ससुराल रुक गया था। घर पर ताला लगा था। रात्रि में चोरों ने ताला तोड़कर 35 हजार की नगदी व सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिये थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

## अन्ना पशु के हमले से वृद्ध घायल

**नवाबगंज (सं.)।** शौच जा रहे वृद्ध को आवारा पशु ने हमला कर दिया। जिससे वृद्ध गंभीर रुप से घायल हो गया। परिजनों ने उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। थाना क्षेत्र के ग्राम आसलपुर निवासी 70 वर्षीय राम अवतार पाल गुरुवार सुबह खेतों में शौच के लिए जा रहे थे, तभी रास्ते में अन्ना पशु ने हमला कर दिया। जिससे रामअवतार गंभीर रुप से घायल हो गये। पीछे से आ रहे पुत्र श्याम ने लाठी से किसी तरह अन्ना पशु को भगाया और आनन-फानन में परिजनों के सहयोग से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उपचार शुरु कर दिया।

## छह ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज (सं.)।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने नवविवाहिता को मारपीट कर घर से निकला दिया। पीड़िता ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति सहित छह ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बबना गांव निवासी शबनम पत्नी मोहसीन पुत्री जायद खान ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसका निकाह 7 मई 2023 को मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार मोहसीन पुत्र सत्तार खां निवासी कोसमा थाना घिरौर जनपद मैनपुरी के साथ हुआ था। परिजनों ने शादी में लगभग 5 लाख रुपया खर्च किया था। पीड़िता ने दर्शाया कि जब वह चौथी की विदा होकर अपनी ससुराल गयी तो पति मोहसीन, ससुर सत्तार खां, सास नाम नामालूम, ननद निधि दिये गये दान दहेज से संतुष्ट नहीं हुए। अतिरिक्त दहेज में एक बाइक व सोने की जंजीर की मांग करने लगे। वहीं मझिया खुसमूदी बेगम पत्नी शब्बीर खां व रफीक खां पुत्र दफेदार भी अतिरिक्त दहेज लाने का दबाव बनाने लगे। मना करने पर ससुरालियों ने शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न शुरु कर दिया। घटना परिजनों को बतायी। परिजनों ने ससुरालियों को काफी समझाया, लेकिन ससुरालियों ने एक नहीं सुनी। 18 मई को ससुरालियों ने लात-घूसों से मारपीट कर सारा स्त्रीधन छीनकर मायके छोड़ गये। परिजनों ने काफी समझाया और पंचायत भी डाली, लेकिन ससुरालीजन माने ही नहीं। जिस पर पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर पति सहित छह ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# अग्निवीर भर्ती में फर्रुखाबाद के 891 युवाओं ने दिखाया दमखम



मिलेट्री ग्राउंड पर दौड़ में भाग लेते युवा

- 120 ने कराया था रजिस्ट्रेशन, 12 जिले के युवा लेंगे भाग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अग्निवीर सेना भर्ती में पहले दिन फर्रुखाबाद जनपद के युवाओं ने अपना दमखम दिखाया। 1120 युवाओं ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया और 891 अग्निवीरों ने भाग लिया। 12 जनपदों के युवा सेना की अग्निवीर भर्ती में भाग ले सकेंगे। गुरुवार को पहले दिन जनपद फर्रुखाबाद के युवाओं ने भर्ती प्रक्रिया में भाग लिया। भर्ती में भाग लेने वाले युवाओं को बरगदिया घाट स्थित रात्रि में ही एकत्रित हुए और टोकिन लेने के बाद प्रातः दौड़ में भाग लेने के लिए ग्राउंड में पहुंचे। भर्ती प्रक्रिया के दौरान शैक्षिक योग्यता के कागजों की जांच पड़ताल, आधार के अनुसार अंगूठा निशान आदि की जांच पड़ताल के बाद ही दौड़ में भाग ले सके। 21 जुलाई को बरेली, 22 जुलाई को जनपद हरदोई, 23 जुलाई को बदायूं, 24 जुलाई को संभल, 25 को जनपद पीलीभीत व सीतापुर, 26 को शाहजहांपुर, बहराइच, लखीमपुर खीरी, श्रावस्ती व 27 जुलाई को बलरामपुर जिले के युवा भाग ले सकेंगे। आज भर्ती को देखते हुए खासी गहमा गहमी रही। वहीं अग्निवीर भर्ती के मद्देनजर भारी पुलिस बल जगह-जगह तैनात रहा। जो युवाओं की हर गतिविधि पर अपनी पैनी नजर बनाये रहा।

# शोहदों की छेड़छाड़ व पिटाई से क्षुब्ध होकर किशोरी ने की आत्महत्या

- घटना से एक दिन पहले तीन युवक नें टेंपो से ले जाकर बाग में की थी पिटाई

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** शोहदों की छेड़छाड़ व पकड़कर पिटाई कर देने से क्षुब्ध होकर छात्रा ने दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किये

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मोहल्ला लोहिया नगर निवासी ममता की 16 वर्षीय पुत्री नेहा ने गुरुवार को प्रातः उसने कमरे के अंदर पंखे के कुंडे में दुपट्टा से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इस घटना के संदर्भ में परिजनों को जानकारी हुई तो उनका रो-रोकर बुरा हाल था। सूचना मिलने पर कमालगंज थानाध्यक्ष राकेश राय, हल्का इंचार्ज कैलाश चन्द्र के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं सूचना मिलते ही फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किये। मृतका की मां ममता ने बताया कि उसकी पुत्री बुधवार को शाम के समय तपस्वी बाग स्थित मंदिर अपने भांजे सुशील के साथ गयी थी, तभी एक टेंपों पर तीन लोग आये। जिन्होंने जबरियन मेरी पुत्री को पकड़कर टेंपों में डाल दिया और गेस्ट हाउस के पीछे स्थित बाग में ले गये। जहां उसके साथ मारपीट की। इस दौरान सुशील को भी उन लोगों ने पीटा। किसी तरह वहां से भागकर उसने शोर मचाया और उसने राहगीरों को बताया कि मेरी मौसी को लोग पीट रहे है बचा लो। मदद के लिए कुछ लोग पहुंचे इस दौरान गाली-गलौज कर दो लड़के टेंपों से भाग गये और एक पैदल। घटना के समय मौजूद बालक ने एक को जो टेंपों चला रहा था उसका नाम मंजीत बताया व दो अन्य को भी पहचान लेने की बात कही। मां की माने तो इससे पहले भी कई बार छेड़छाड़ कर चुके है। मृतका का पिता हरियाणा के पानीपत में रहकर नौकरी करता है। मृतका 6 भाई बहन थी। दो भाई अज्जू, सागर है।बहन निशा और सायरा है, एक भाई की पांच वर्ष पूर्व कुकर्म करने के बाद आरोपी ने हत्या कर दी थी। मृतका के शरीर में काफी चोटों के निशान देखने को मिले।

अनुमान लगाया जा रहा है कि इश्कबाजी के चक्कर में तो नहीं परिजनों ने पहले उसकी पिटाई की और फिर आत्महत्या का रुप दे दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि जांच की जा रही है। परिजनों की ओर से यदि तहरीर दी जाती है तो आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# खेल रहे बच्चे को जहरीली नागिन ने काटा, मौत



रोते बिलखते मृतक बच्चे के परिजन

- परिजनों ने नागिन को पकड़कर नीम के पेड़ पर टांगा, नायब तहसीलदार व पुलिस ने पहुंचकर की जांच पड़ताल

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** चारा मशीन के पास खेल रहे बच्चे को जहरीला नागिन ने काट लिया। जिससे वह अचेत होकर गिर पड़ा। परिजनों ने नागिन को बोरी में बंद कर नीम के पेड़ पर टांग दिया और आनन-फानन में बच्चे को उपचार के लिए लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर नायब तहसीलदार व पुलिस ने पहुंचकर जांच की। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव गोसरपुर मजरा के नगला अखई निवासी जगपाल वर्मा का ढाई वर्षीय पुत्र आशीष चारा मशीन के पास के पास खेल रहा था, तभी दीवार के पास काली नागिन ने उसे काट लिया। जिससे वह अचेत होकर गिर गया। परिजनों ने नागिन को पकड़ कर बोरी में बंद कर नीव के पेड़ पर टांग दिया है। परिजन बच्चे को उपचार के लिए लोहिया लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर नायब तहसीलदार मोनिका तिवारी, दरोगा संजय मौर्या पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गये और जांच पड़ताल की। मृतक घर में सबसे छोटा था। मौत की सूचना पर मां सुमन, पिता जगतपाल वर्मा, बहन आकृति, वर्षा, आर्यन, आशी आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। दरोगा संजय मौर्या ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## बाइक अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर में घुसी, युवक घायल, भर्ती

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** पत्नी को रिश्तेदारी में छोड़कर वापस लौट रहा बाइक सवार अनियंत्रित होकर खड़े ट्रैक्टर में घुस गया। जिससे युवक घायल हो गया। उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बल्लू बेहटा निवासी सोनू गुरुवार को अपनी पत्नी को रिश्तेदारी बिसौली में छोड़ने गया था। वापस आते समय ढाई घाट पुल के निकट सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर में घुस गया। जिससे घायल हो गया। सूचना पर दरोगा राजेश गौतम एंबुलेंस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने लोहिया रेफर कर दिया। जहां उसका उसका उपचार जारी है। डाक्टरों का कहना है कि उसकी हालत खतरे से बाहर है।

## वन विभाग को नहीं खबर, कट रहे है हरे पेड़

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पर्यावरण संरक्षण के लिए सरकार वृक्षारोपण अभियान चला रही है। उसके बावजूद पर्यावरण के दुश्मन बिना किसी भय डर के फलदार व छायादार हरे पेड़ों को काट रहे है। स्थानीय पुलिस का संरक्षण समझे या लापरवाही। जिसके चलते पेड़ों का कटान बंद नहीं हो रहा है। कमालगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत जीरागौर के मजरा नगु नगला निवासी अनुज रेलवे विभाग कर्मचारी, सचिन राजपूत ने तीन हरे भरे फल रहित पेड़ों की बिक्री कर दी। बीते दिनों 4 जुलाई को पेड़ो का कटान शुरू होने से पहले स्थानीय लोगों ने वन विभाग को सूचना दे दी। जिसके चलते पेड़ नहीं कट सकें, लेकिन बुधवार की रात्रि में किसी समय मौका पाकर पेड़ों को काट दिया गया। मुख्य मार्ग पर पेड़ों का कटान हो जाने के बावजूद पुलिस व वन विभाग को खबर नहीं हुई। लोगों का कहना है कि पुलिस व वन विभाग की मिलीभगत से कटान हो रह है।

# तालाब में डूबने से युवक की मौत

- दो दिन पूर्व ही अहमदाबाद से आया था घर
- नायब तहसीलदार ने पहुंचकर की जांच पड़ताल



घटनास्थल पर परिजन व मौजूद ग्रामीण

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** दो दिन पूर्व घर आये युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। शव बाहर निकलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर नायब तहसीलदार व पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव गोसरपुर निवासी 35 वर्षीय अजीत सिंह उर्फ भूरा पुत्र स्व0 महेन्द्र सिंह गुरुवार 12 बजे गांव के ही तालाब में नहाने के लिए गया था। गहराई अधिक होने से वह तालाब में डूब गया। घटना की जानकारी उस समय हुई जब गांव का अभिराज पुत्र सुनीत अपने खेतो की तरफ जा रहा था तो उसने देखा कि तालाब में कोई डूब रहा है। अभिराज ने घटना की जानकारी तुरन्त लोगों को दी। ग्रामीणों ने तालाब में कूदकर अजीत को तलाश किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पांचाल घाट से गोताखोरों को बुलवाकर शव को ढुंडवाया। 10 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद अजीत के शव को बाहर निकाल लिया गया। शव बाहर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि मृतक अहमदाबाद में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। दो दिन ही पहले घर आया था। मृतक तीन भाईयों में दूसरे नम्बर का था। इस घटना से मां उर्मिला देवी, भाई कौशलेन्द्र, वीरेश प्रताप सिंह आदि परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं नायब तहसीलदार मोनिका तिवारी ने पहुंचकर जांच की। दरोगा संजय मौर्या ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।